नई दिल्ली, शुक्रवार 31 मई 2024 ■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष : 28, अंक : 50 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 43 न्यून. 31 haribhoomi.com


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




अब गरमी की 'गरमी' उतारेगा मानसून | केरल में 31 को आना था पर मानसून गुरुवार को ही आ गया

# आइए...आपका 'इंतजार' था

## अगले 24 घंटे में देश के 6 राज्यों में होगी झमाझम बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम मानसून ने केरल तट पर समय से पहले दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने इससे पहले 31 मई को मानसून आने की संभावना जताई थी लेकिन पूर्वानुमान से ठीक एक दिन पहले ही मानसून ने केरल में दस्तक दे दी। अब यह पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि सभी स्थितियों का आकलन करने के बाद हमने केरल में मानसून के आगे बढ़ने की घोषणा की है। मानसून ने ▶▶ शेष पेज 05 पर

### 115.5 से 204.4 मिलीमीटर बारिश हो सकती है

*मौसम विभाग ने बताया कि अगले तीन दिन केरल, उप-हिमालय पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है। इन राज्यों में 115.5 से 204.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा सकती है। 30 मई से लेकर 2 जून तक पूर्वोत्तर के राज्यों में बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। इसके अलावा नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा लक्षद्वीप और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भी आंधी के साथ हल्की से मध्यम स्तर तक बारिश* ▶▶ शेष पेज 05 पर

## दिल्ली में 30 जून तक दस्तक देगा मानसून

केरल में मानसून के लैंडफॉल के बाद मौसम विभाग ने देश के दूसरे राज्यों में मानसून कब पहुंचेगा इसे लेकर एक मैप जारी किया है। इस मैप के अनुसार दिल्ली में 30 जून तक मानसून के पहुंचने की संभावना है, वहीं राजस्थान में 25 जून से लेकर 5 जुलाई के बीच मानसून पहुंच सकता है, मध्य प्रदेश में मानसून 15 जून से 25 जून के बीच बारिश करा सकता है। बात अगर उत्तर प्रदेश की करें तो यहां मानसून 20 जून से 25 जून के बीच पहुंचने की उम्मीद है। वहीं बिहार और झारखंड में मानसून की पहली बारिश 15 जून तक हो सकती है। दक्षिण के राज्यों में 1 जून से 10 जून के बीच मानसून के पहुंचने की संभावना है। आपको बता दें कि मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार मानसून के आने में एक से दो दिन की देरी या जल्दी दिख जाती है। ऐसे में इन तय तारीखों में कुछ बदलाव हो सकता है।






विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में पीएम बिताएंगे 45 घंटे

# मतदान...और अब 'ध्यान'



पूजा के दौरान मोदी ने सफेद धोती और शॉल पहना था। पुजारियों ने उन्हें विशेष आरती कराई और प्रसाद, शॉल और देवी भगवती अम्मन की फ्रेम में मढ़ी हुई तस्वीर दी।

कन्याकुमारी वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद को भारत माता के दर्शन हुए थे। इसी शिला का स्वामी विवेकानंद के जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ा था।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम को कन्याकुमारी में ध्यान करने के लिए पहुंच गए हैं। पीएम अगले 2 दिन तक कन्याकुमारी में रहेंगे। पीएम मोदी करीब 45 घंटे यहां पर बिताएंगे। मोदी का कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में 45 घंटे का ध्यान शुरू हो गया। वे 1 जून तक ध्यानमग्न रहेंगे। मोदी उसी जगह ध्यान कर रहे हैं, जहां स्वामी विवेकानंद ने भी ध्यान किया था। उन्होंने सबसे पहले भगवती देवी ▶▶ शेष पेज 05 पर

**मोदी ने कन्याकुमारी में पहले की पूजा फिर ध्यान में हो गए लीन**

### ध्यान यात्रा करने पर चुनावी कानून के तहत कोई रोक नहीं



चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री की ध्यान यात्रा करने पर चुनावी कानून के तहत कोई रोक नहीं है। कांग्रेस ने 29 मई को आरोप लगाया था कि पीएम की ध्यान यात्रा आचार संहिता का उल्लंघन है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि मोदी के ध्यान को मीडिया में प्रसारित नहीं होने दिया जाए। जानकार सूत्रों ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 का हवाला दिया। इसमें मौन अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकों या जनता के बीच चुनावी प्रचार और प्रदर्शन पर रोक का उल्लेख है। लोकसभा चुनाव में आखिरी फेज के लिए मौन अवधि गुरुवार (30 मई) शाम 6 बजे शुरू हुई। इस फेज में मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में भी वोटिंग होगी। इस कानून में वह क्षेत्र ही आता है, जहां वोटिंग होना है। चुनाव आयोग ने इसी तरह की अनुमति 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पीएम को दी थी।

### यह स्थान हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन बिंदु भी

यह वही स्थान है, जहां धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी पार्वती ने एक पैर पर बैठकर भगवान शिव की प्रतीक्षा की थी। यह जगह भारत का सबसे दक्षिणी छोर है। इसके अलावा, यह वही स्थान है, जहां भारत की पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाएं मिलती हैं। यह हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन बिंदु भी है। पीएम मोदी कन्याकुमारी जाकर राष्ट्रीय एकता का संकेत देना चाहते हैं। यह पहला मौका नहीं है, जब पीएम मोदी चुनाव समापन के बाद किसी खास स्थान पर ध्यान लगाने जा रहे हों। इससे पहले साल 2019 के लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद पीएम मोदी देवभूमि उत्तराखंड के केदारधाम के दौरे पर गए थे, यहां उन्होंने पास स्थित रूद्र गुफा में ध्यान किया था।

### बीते 10 साल में दो आध्यात्मिक यात्राएं सुर्खियों में रहीं

बता दें कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के अंत में आध्यात्मिक यात्राओं के लिए जाने जाते हैं। पांच साल पहले लोकसभा चुनाव 2019 का प्रचार समाप्त होने के बाद पीएम मोदी ने केदारनाथ का दौरा किया था। 2014 में उन्होंने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े स्थल प्रतापगढ़ का दौरा किया था। गौरतलब है कि 543 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू हुए ▶▶ शेष पेज 05 पर

## जम्मू में बड़ा हादसा : मोड़ पर सामने से आ रही बस से बिगड़ गया संतुलन

# शिवखोड़ी जा रही बस खाई में गिरी 22 की मौत और 57 लोग घायल

हाथरस की यह बस हरियाणा के कुरुक्षेत्र से शिवखोड़ी धाम जा रही थी



मृतकों के परिजनों के लिए 5 लाख की सहायता राशि की घोषणा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के चुंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां यात्रियों से भरी बस (यूपी 86ईसी 4078) गहरी खाई में जा गिरी।

इस हादसे में 22 लोग मारे गए। करीब 57 यात्री घायल हो गए। इनमें 20 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। बस में 79 यात्री सवार थे। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस के चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह दुर्घटना हो गई। पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उत्तरप्रदेश के हाथरस की यह बस हरियाणा के कुरुक्षेत्र से शिवखोड़ी धाम जा रही थी। शिवखोड़ी धाम, जम्मू संभाग के रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। सड़क हादसे को लेकर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ▶▶ शेष पेज 05 पर

### रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाए गए घायल

बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही।

## खबर संक्षेप

### प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी कभी भी

**नई दिल्ली।** कथित सेक्स स्कैंडल मामले में प्रज्वल रेवन्ना को पुलिस कभी भी गिरफ्तार कर सकती है।



बताया जा रहा है पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा का पोता प्रज्वल बेंगलुरु पहुंचने वाला है। इस वजह से पुलिस पहले हाई अलर्ट पर है। उसके खिलाफ नोटिस जारी किया जा चुका है, कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने भी बताया है कि एयरपोर्ट पर पहुंचते ही प्रज्वल को अरेस्ट कर लिया जाएगा।

### देश में 10 साल में खत्म होंगे पेट्रोल-डीजल वाहन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अगले 10 वर्षों के भीतर देश की सड़कों से पेट्रोल और डीजल वाहनों को



पूरी तरह से खत्म करने की ओर देख रही है। गडकरी ने मंडी में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 2034 तक पेट्रोल और डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने पर काम कर रहा है। मैं 10 साल के भीतर डीजल और पेट्रोल वाहनों को खत्म करना चाहता हूं।

## पीएम मोदी व पांच केंद्रीय मंत्रियों की होगी सियासी परख

# लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का चुनाव कल

एक पूर्व मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री और फिल्म-संगीत जगत के दिग्गज भी सियासी मैदान में उतरे | पिछले चुनाव में 57 सीटों में से भाजपा ने अपने दम पर 25 सीटें जीती थीं, यही चरण अंतिम,यही चरण निर्णायक

ओ.पी. पाल ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में सात राज्यों एवं एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों के लिए कल शनिवार एक जून को मतदान कराया जाएगा। इस चरण में 95 महिलाओं समेत 904 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके कैबिनेट के पांच मंत्रियों के अलावा एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक उप मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। वहीं फिल्म-संगीत की ▶▶ शेष पेज 05 पर



मतदानकर्मी मतदान सामग्री लेकर रवाना हुए।

### बसपा ने उतारे सर्वाधिक प्रत्याशी

लोकसभा के इस अंतिम दौर के चुनाव में 57 सीटों पर प्रमुख राजनैतिक दलों में सबसे ज्यादा 56 प्रत्याशी बसपा ने उतारे हैं। जबकि भाजपा के 51, कांग्रेस के 31, सपा के 9, तृणमूल कांग्रेस के 9, बीजद के 6, आप व शिअद के 13-13, राजद, झामुमो, आरपीआई व सीपीआई(एमएल) के3-3, जदयू, अपना दल के 2, सीपीआईएम के 8, सीपीआई ▶▶ शेष पेज 05 पर

## 18 साल के प्रज्ञानंद का बड़ा कमाल

# 6 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन को उन्हीं के घर दी मात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रज्ञानंद रैपिड फॉर्मेट में पहले भी कार्लसन को मात दे चुके हैं लेकिन, यह पहला मौका है जब उन्होंने क्लासिकल फॉर्मेट में इस दिग्गज खिलाड़ी को मात दी। प्रज्ञानंद भारत के चौथे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने कार्लसन को क्लासिकल फॉर्मेट में मात दी है। कार्लसन को उन्हीं के घर पर मात देकर भारतीय खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में पहला स्थान हासिल कर लीड ले ली है। वहीं, कार्लसन छह खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में पांचवें स्थान पर फिसल गए हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर इस मैच में सफेद पीस के साथ खेले थे। उन्होंने तीसरे राउंड के आखिर में 9 में से 5.5 अंक हासिल कर लिए हैं। यह दोनों खिलाड़ी पिछले साल हुए फीडे वर्ल्ड कप में भी इसी फॉर्मेट में आमने-सामने थे जहां कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ी को मात दी थी। नॉर्वे चेस टूर्नामेंट इस खेल का सबसे बड़े टूर्नामेंट्स में शामिल यहां। यहां ▶▶ शेष पेज 05 पर

**नॉर्वे चेस टूर्नामेंट 2024 में दुनिया के टॉप पुरुष और महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं**

## खान इस वक्त सीतापुर जेल में बंद

# आजम खान को 10 साल की सजा,14 लाख का जुर्माना भी

एजेंसी ▶▶ रामपुर

जेल में बंद आजम खान को डूंगरपुर मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को 10 साल की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने 14 लाख का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने आजम खान को कल दोषी माना था। आज़म खान पर डूंगरपुर बस्ती को जबरन खाली कराने, मारपीट तोड़फोड़, लूटपाट, व धमकाने का आरोप था। मामला 6 दिसंबर 2016 का है। आजम खान पर इस मामले में 2019 में केस दर्ज हुआ था। रामपुर के एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में मामले की सुनवाई चल ▶▶ शेष पेज 05 पर



आज़म खान पर डूंगरपुर बस्ती को जबरन खाली कराने, मारपीट तोड़फोड़, लूटपाट, व धमकाने का आरोप

### डूंगरपुर में बनाए गए थे आसरा आवास

दरअसल, सपा सरकार के शासनकाल में डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस जगह पर पहले से कुछ लोगों के मकान बने हुए थे। आरोप था कि सरकारी जमीन पर बताकर वर्ष 2016 में तोड़ दिया गया था। पीड़ितों ने लूटपाट का आरोप भी लगाया था। 2019 में जब भाजपा सरकार आई तो पहली बार रामपुर के गंज थाने में इस मामले में करीब एक दर्जन अलग-अलग केस दर्ज कराए गए थे। आरोप लगाया कि सपा सरकार में आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने आसरा ▶▶ शेष पेज 05 पर

## मप्र हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका

शादी पंजीकृत कराने के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की थी

# हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़के की शादी 'मुस्लिम पर्सनल लॉ' के अनुसार अवैध है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक ऐसी याचिका को हस्तक्षेप करने के अयोग्य मानते हुए खारिज कर दिया, जिसमें हिंदू युवती तथा मुस्लिम युवक ने विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी पंजीकृत करवाने के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की थी। हाईकोर्ट जस्टिस जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने यह कहते हुए याचिका को खारिज कर दिया कि हिंदू लड़की तथा मुस्लिम लड़के के बीच मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत वैध नहीं है। अनूपपुर निवासी 23 वर्षीय हिंदू लड़की तथा 23 वर्षीय मुस्लिम युवक की तरफ से विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी पंजीकृत करने के लिए पुलिस सुरक्षा प्रदान किए जाने उक्त याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि वह दोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं और विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह पंजीकरण अधिकारी के समक्ष आवेदन ▶▶ शेष पेज 05 पर



### एकलपीठ ने ये भी कहा

एकलपीठ ने कहा कि पर्सनल लॉ के तहत विवाह की कुछ रस्मों का पालन किया जाता है। एकलपीठ ने मुस्लिम लॉ का हवाला देते हुए कहा कि मुस्लिम लड़का किसी ऐसी लड़की से विवाह नहीं कर सकता जो मूर्तिपूजक या अग्निपूजक करती हो। इस प्रकार मुस्लिम लड़की सिर्फ मुस्लिम युवक से शादी कर सकती है। विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत होने के बावजूद भी पर्सनल लॉ के तहत यह वैध विवाह नहीं होगा। यह एक अनियमित व फसादी विवाह होगा। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि याचिका लिव-इन रिलेशनशिप में रहने या धर्म परिवर्तन से संबंधित नहीं है। इसलिए न्यायालय याचिका को हस्तक्षेप करने के अयोग्य मानते हुए खारिज करती है।

याचिकाकर्ता की दलील...

### धर्म परिवर्तन करने का इरादा नहीं

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की तरफ से दलील दी गई कि दोनों अपने-अपने धर्म का पालन करेंगे। विवाह के लिए धर्म परिवर्तन करने का इरादा नहीं है। विशेष विवाह अधिनियम व्यक्तिगत कानून को दरकिनार करता है। एकलपीठ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक मुस्लिम पुरुष तथा एक हिंदू महिला के बीच विवाह से पैदा हुए बच्चों के उत्तराधिकार अधिकारों के संबंध में पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा कि दोनों के बीच विशेष विवाह अधिनियम के तहत हुए विवाह एक अनियमित तथा फसादी विवाह होगा।

## आग की घटनाओं का भी बना रिकॉर्ड, 24 घंटे में आग की मिली 183 कॉल्स

# पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के मालखाने में लगी भीषण आग, सैकड़ों वाहन जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वजीराबाद स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में बने दिल्ली पुलिस के मालखाने में गुरुवार दोपहर भीषण आग लग गई। इस घटना में बड़ी संख्या में वाहन जलकर खाक हो गये। घटना की सूचना पर मौके पर दमकल की 10 गाड़ियां पहुंची। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि इस घटना की सूचना दोपहर 2 बजकर 38 मिनट पर मिली थी। मौके पर 10 गाड़ियां भेजी गई थी। आग की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार इस घटना में 125 चार पहिया और 175 दुपहिया वाहन जले है। ये सभी वाहन पश्चिमी जिला पुलिस द्वारा जब्त थे। बता दें कि मंगलवार रात को मधु विहार थाने के नजदीक एक पार्किंग में भी आग लग गई थी, जिसमें 17 वाहन जल गए थे।



### अक्सर दिवाली पर ही ही आती है इतनी कॉल्स

इस बार सिर्फ गर्मी ने ही नहीं बल्कि आग की घटनाओं ने भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बुधवार को 24 घंटे के भीतर दिल्ली फायर सर्विस डिपार्टमेंट को अलग अलग जगह से आग की 183 कॉल्स प्राप्त हुई। इन सूचनाओं पर सभी जगह फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। दिवाली की रात को छोड़कर ऐसा पहली बार हुआ है जब 24 घंटे में दमकल विभाग के पास इतनी ज्यादा कॉल्स आई है। दमकल विभाग के चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि 28 मई से लेकर 29 मई तक 24 घंटे में कुल 220 कॉल्स मिली थी। इनमें 183 कॉल्स आग लगने की थी, जबकि शेष 37 कॉल्स अन्य परेशानियों के लिए थी। दिवाली वाले दिन को छोड़ ऐसा पहली बार हुआ है जब आग की 183 कॉल 24 घंटे में रिसीव हुई। यह 10 साल का रिकॉर्ड है।

### अब तक मिल चुकी हैं 8912 कॉल्स

उन्होंने कहा कि अगर गर्मी ऐसी ही पड़ती रही तो आग की घटनाओं में भी इजाफा होगा। इस साल 26 मई तक आग लगने की 8912 कॉल्स मिल चुकी हैं। तब से लगातार इन कॉल्स में इजाफा हो रहा है। अक्सर आग की वजह शॉर्ट सर्किट ही होता है।

## नोएडा : एसी में विस्फोट से लगी फ्लैट में आग, कोई हताहत नहीं



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा की एक आवासीय इमारत के फ्लैट में बृहस्पतिवार सुबह आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, एयर कंडीशनर (एसी) में विस्फोट के कारण फ्लैट में आग लगी। उन्होंने बताया कि सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवार्ड सोसायटी में हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि स्थानीय और सोसायटी में रहने वाले लोगों ने अग्निशमन विभाग को पूर्वाह्न 10 बजकर 10 मिनट पर इमारत की 10वीं मंजिल के फ्लैट में आग लगने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि हमने तुरंत मौके पर दमकल की पांच गाड़ियों को भेजा। लेकिन हमारे वाहनों के वहां पहुंचने से पहले ही सोसायटी में लगी अग्निशमन प्रणालियों ने 10 मिनट के भीतर आग को बुझा दिया। चौबे ने बताया कि आग एसी (एयर कंडीशनर) में विस्फोट के कारण लगी थी।

## अस्पताल आगः दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी में किशोर न्याय अधिनियम की धाराएं जोड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विवेक विहार स्थित एक शिशु अस्पताल में आग लगने की घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं जोड़ी हैं। इस हादसे में छह नवजातों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'बेबी केयर न्यू बॉर्न चाइल्ड हॉस्पिटल' में शनिवार की रात आग लग गई थी। पुलिस के अनुसार अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची और घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आकाश को प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम की धाराएं जोड़ दी गई हैं।

## अदालत ने मालिक और चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक मेट्रोपोलिटन अदालत ने बृहस्पतिवार को उस निजी अस्पताल के मालिक और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जहां 25 मई को आग लगने से सात नवजात बच्चों की मौत हो गई थी और पांच घायल हो गए थे। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची और पिछले शनिवार देर रात आग लगने के समय ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आकाश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बीच, डॉक्टर ने जमानत याचिका दायर की है, जिस पर तीन जून को सुनवाई होगी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बोर्न चाइल्ड अस्पताल में शनिवार रात भीषण आग लग गई थी, जिसका संचालन कथित तौर पर लाइसेंस समाप्त होने पर भी और अग्निशमन विभाग से किसी मंजूरी के बिना अवैध रूप से किया जा रहा था। विवेक विहार थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336 (दूसरों के जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य), 304 ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना), 304 (गैर इरादतन हत्या) और 308 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को रविवार को गिरफ्तार करने के बाद 27 मई को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था।



## निगम ने अपने भवनों की अग्नि सुरक्षा के लिए जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** हाल ही में हुई अग्नि दुर्घटनाओं के मद्देनजर, दिल्ली नगर निगम ने अपने भवनों में आग लगने से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। निगम प्रशासन ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि ये उपाय अस्पतालों, डिस्पेंसरियों, स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों, बहु-स्तरीय पार्किंग स्थलों, जोनल कार्यालयों और अन्य इमारतों में लागू किए जाएंगे जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को अग्नि सुरक्षा निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया गया है जिसमें अग्निशमन प्रणाली का निरीक्षण, विद्युत लोड ऑडिट, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म और ऑटोमैटिक वाटर स्प्रिंकल लगाना शामिल है।


## पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **उम्रः** 30–35 वर्ष, **रंगः** सांवला, **कदः** 5'2'', **शरीरः** पतला, **चेहराः** चपटा, हल्की दाढ़ी, जिसने काले रंग की कमीज पहनी जिस पर Superdry का लोगो था, और काले रंग की पैंट पहनी थी, जो बेहोशी की हालत में थाना क्षेत्र डिफेंन्स कॉलोनी, दिल्ली में बेहोशी की हालत में मिला। जिसे एम्स अस्पताल में वाईड एमएलसी नं. 3574/2024 दिनांक 28.05.2024 के तहत मृत घोषित कर दिया गया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 56ए, दिनांक 28.05.2024 को थाना डिफेन्स कॉलानी, नई दिल्ली** में दर्ज है।

जिसके मृत शरीर को एम्स अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें

**थानाध्यक्ष**
**थाना डिफेन्स कॉलोनी, नई दिल्ली**
**फोनः 7065569297, 9990909443**
**DP/6485/SD/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

गेरे सगक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **(1) रितू रानी** पत्नी पुरूषोत्तम कुमार **(2) मोनिका** पत्नी नरेन्द्र कुमार दोनों निवासी मकान नं. 15, गाँव डिन्स मण्डी, थाना डिन्स मोड, जिला सिरसा, हिसार, (हरियाणा) और **(3) नरेश कुमार गर्ग** पुत्र बह्मानंद **(4) तरूण कुमार गर्ग** पुत्र नरेश कुमार गर्ग दोनों निवासी मकान नं. 99 फेस–7, चन्दन नगर, हिसार, (हरियाणा) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1021/2018 धारा 498ए/406/34 भा.द.स., थाना अमन विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) रितू रानी (2) मोनिका (3) नरेश कुमार गर्ग (4) तरूण कुमार गर्ग** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) रितू रानी (2) मोनिका (3) नरेश कुमार गर्ग (4) तरूण कुमार गर्ग** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1021/2018 धारा 498ए/406/34 भा.द.स., थाना अमन विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **(1) रितू रानी (2) मोनिका (3) नरेश कुमार गर्ग (4) तरूण कुमार गर्ग** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **26.07.2024** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री प्रीति रजौरिया**
**महानगर दण्डाधिकारी (महिला कोर्ट–02**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/6255/RD/2024**


## दिल्ली हाईकोर्ट ने दी दो न्यायाधीशों को विदाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को अपने दो न्यायाधीशों- न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव, को विदाई दी। इन दोनों का स्थानांतरण अन्य उच्च न्यायालयों में हो गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने विदाई समारोह में कहा कि 2013 में बार से पदोन्नत किए गए दोनों न्यायाधीशों ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न कानूनों में एक मानक स्थापित किया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को न्यायमूर्ति सचदेवा और न्यायमूर्ति राव को क्रमशः मध्य प्रदेश और कर्नाटक हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी की। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 15 मार्च को उनके स्थानांतरण की संस्तुति की थी। इन दोनों ने अन्य उच्च न्यायालयों में अपने तबादले का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि मध्य प्रदेश और कर्नाटक हाईकोर्ट वास्तव में आपकी मौजूदगी से समृद्ध होंगे। साथ ही, दिल्ली हाईकोर्ट में, हम एक खालीपन महसूस करेंगे। उनके तबादले के साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या घटकर 40 रह गई है, जबकि न्यायाधीशों के स्वीकृत पद 60 हैं।

## एक माह ही चली मेट्रिमोनियल साइट के जरिए हुई शादी

- वसंत कुंज में घर के अंदर से मिली थी महिला की लाश, पति मोहाली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वसंत कुंज के रजोकरी इलाके में घर के अंदर हुई महिला की हत्या के मामले में फरार आरोपी को मोहाली से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी और कोई नहीं बल्कि महिला का पति की निकला। पिछले महीने ही दोनों ने शादी की थी। यह शादी शादी डॉट कॉम के जरिये हुई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि मृतका अपनी सास को साथ नहीं रखना चाहती थी। इसलिये उनके बीच तकरार हर दिन बढ़ रही थी। डीसीपी रोहित मीना के अनुसार वसंतकुंज साउथ थाने को बुधवार दोपहर 12:38 बजे हत्या के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर एक महिला मृत हालत में मिली। उसकी पहचान पूजा (22) के तौर पर हुई। वह बड़ा कुआं के पास रजोकरी में रहती थी। पुलिस को जांच में पता चला कि पूजा और अभिषेक यादव दोनों की ही यह दूसरी शादी थी। शादी 22 अप्रैल को संपन्न हुई थी। अभिषेक की पहली शादी से कोई संतान नहीं है, जबकि पूजा को पहली शादी से एक बेटा है। पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या का कारण वैवाहिक विवाद लग रहा था।



इसलिए पुलिस की जांच फरार पति पर टिकी थी। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पुलिस ने आरोपी को मोहाली से पकड़ लिया। अभिषेक ने पूछताछ में बताया कि उनकी मुलाकात शादी डॉट कॉम के जरिए हुई। पति-पत्नी के रिश्ते शुरू से ही अच्छे नहीं थे। पत्नी नहीं चाहती थी कि सास उसके साथ रहे। पूजा को यह भी लगता था कि परिवार ने पहली शादी से हुए उसके बेटे को स्वीकार नहीं किया है। इन्हीं झगड़ों से गुस्से में आकर रात में आरोपी ने पूजा का गला घोंट दिया था।

## स्पेशल सेल ने पकड़ा हथियार तस्कर, 14 पिस्टल बरामद

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक हथियार तस्कर को अरेस्ट किया है। आरोपी विजय गुलिया उर्फ मिंटू के पास से 14 पिस्टल बरामद हुई है। बरामद पिस्टल में चार सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल शामिल है। इनमें दो खतरनाक हथियारों में शुमार जिगाना पिस्टल की कॉपी बताई गई है। पुलिस के मुताबिक 26 साल का आरोपी नरेला का रहने वाला है। इसके बारे में इनपुट मिला था कि वह दिल्ली-पानीपत राजमार्ग के पास अलीपुर-नरेला क्षेत्र में पहुंचेगा। पुलिस ने ट्रैप लगा एनआईटी के सामने बकोली क्रॉसिंग लाल बत्ती के पास से इसे पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि वह नरेला से 12वीं तक की पढ़ाई ओपन स्कूल से करने के बाद पिता के साथ खेतीबाड़ी शुरू की थी। वह डेयरीमें अपने परिवार की मदद करता था। इसी दौरान वह कुछ बदमाशों के संपर्क में आया और उनकी हथियारों की डिमांड पूरी करने लगा। इसमें एमपी में हथियार सप्लायर का भी भरपूर साथ उसे मिलता रहा। कई महीने से वह एमपी से अवैध हथियारों की एक खेप खरीद दिल्ली के बदमाशों को सप्लाई करने वाला था। बरामद हथियारों की खेप उसने अंगद नाम के व्यक्ति से ली खरीदी थी और इसे योगेश टुंडा और दिनेश कराला गिरोह के सदस्यों को दिया जाना था। इनमें दो 'जिगाना' कॉपी पिस्टल भी शामिल है। इस पिस्टल के बारे में बताया जाता है कि एक साथ फायर किये जा सकते हैं। इसमें करीब 20 राउंड की क्षमता वाली मैगजीन फिट होती है। यूपी में अतीक अहमद की हत्या में जिगाना पिस्टल का ही इस्तेमाल किया गया था।

## ई-रिक्शा चालक ने महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**एजेंसी. नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में एक ई-रिक्शा चालक द्वारा 25-वर्षीय महिला को कथित तौर पर नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में उत्तर दिल्ली के कोतवाली इलाके से आरोपी मोहम्मद उमर (24) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि छब्बीस मई को कोतवाली पुलिस थाने को डकैती की घटना की पीसीआर कॉल आई, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची। वहां पर महिला घायल अवस्था में मिली और उसका खून बह रहा था। महिला का तीन साल का बेटा बगल में बैठा था। उन्होंने कहा कि महिला मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया और चिकित्सा परीक्षण कराया गया। पुलिस के मुताबिक, महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ बिहार से पंजाब अपने पति से मिलने जा रही थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 26 मई को महिला ट्रेन से नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन उतरी और सदर बाजार गई। जब वह सदर बाजार से रेलवे स्टेशन लौट रही थी तो ई-रिक्शा चालक ने कथित तौर पर उसे पेय पदार्थ की पेशकश की जिसे पीकर वह बेहोश हो गई। मीणा ने बताया कि महिला के बयान के मुताबिक रिक्शा चालक उसे सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद शातिर लुटेरा धरा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी और उसके पास से देसी तमंचा, मोटरसाइकिल और लूटे हुए मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि थाना फेस-2 पुलिस बुधवार देर रात बदमाशों की तलाश में चेकिंग कर रही थी कि तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति कुलेसरा बॉर्डर के पास से आते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन बाइक सवार बदमाश रुकने के बजाए वहां से भागने लगे। अधिकारी ने बताया कि जब पुलिस ने पीछा कर उन्हें घेर लिया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चलाई, जिसके जवाब में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली एक बदमाश के पैर में लगी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान साहिबाबाद जनपद की श्याम पार्क कॉलोनी में रहने वाले आकाश के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया उसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

# कार में शराब पीने पर पिटाई व वसूली के आरोप में पांच पुलिसकर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी पश्चिमी जिले के वसंत कुंज साउथ थाना अंतर्गत खाकी को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जिले की नारकोटिक्स यूनिट में तैनात पांच पुलिसकर्मियों पर कार में शराब पी रहे कुछ युवकों की पिटाई और उनसे मोटी रकम वसूली का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि 10 लाख रुपये वसूले गये हैं।

केस में पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आगे की जांच और अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी है। डीसीपी रोहित मीना ने बताया कि पांच पुलिसकर्मियों में हवलदार अशोक, विश्वास दहिया, सिपाही मनीष, दीपक और राजकुमार शामिल है। इनके खिलाफ 28 मई को सुख करण नामक शख्स की शिकायत पर वसंत कुंज साउथ थाने में केस दर्ज किया गया था। बुधवार को सभी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इसके अलावा यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक दहिया को लाइन हाजिर किया गया है। सूत्रों के मुताबिक मारपीट और रिश्वत लेने का आरोप लगाने वालों में राजेश हरियाणा पुलिस और दीपक दिल्ली पुलिस में हैं। वह अपने दोस्त हिसार निवासी सुख करण, अनिल छिल्लर के साथ मंगलवार रात को रंगपुरी पेट्रोल पंप पर कार के अंदर शराब पी रहे थे। वहीं से ही नारकोटिक्स यूनिट ने इन्हें पकड़ा था। राजेश व दीपक पर शराब तस्करों की मदद का भी आरोप पुलिसकर्मियों ने लगाया है। पकड़े जाने पर उनसे मारपीट की गई। इसके बाद उन्हें केस में फंसने पर सरकारी नौकरी चले जाने का डर दिखाकर 10 लाख रुपये वसूले गये। दिल्ली पुलिस शिकायतकर्ता राजेश और दीपक पर लगे शराब तस्करों की मदद के आरोपों की भी जांच कर रही है। हालांकि घटना के बाद से दोनों गायब है।




## फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.

CIN : L52324DL1981PLC012033
पंजी. कार्यालय : जी–4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028
E-Mail ID for investors: rekha.srivastava2016@gmail.com Tel: 011-25774212-214, 25771629

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही / वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(आंकड़े लाखों में)

| विवरण | स्टैंडअलोन परिणाम | | | | | समेकित परिणाम | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | -3.83 | -1.82 | -7.71 | 73.91 | 74.38 | -3.84 | -1.82 | -1.03 | -15.97 | -15.50 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -3.83 | -1.82 | -7.71 | 73.91 | 74.38 | -3.84 | -1.82 | -1.03 | -15.97 | -15.50 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -2.87 | -1.36 | -15.87 | 54.78 | 45.56 | -2.87 | -1.36 | -0.77 | -35.09 | -44.32 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | -2.87 | -1.36 | -15.87 | 54.78 | 45.56 | 195.69 | 66.93 | 98.99 | 502.14 | 716.80 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 |
| रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | -291.92 | -346.70 | - | - | - | 3205.81 | 2703.67 |
| अर्जन प्रति शेयर (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) बेसिक : | -0.04 | -0.02 | -0.23 | 0.78 | 0.65 | 2.82 | 0.95 | 1.41 | 7.18 | 10.15 |
| डायल्युटेड : | -0.04 | -0.02 | -0.23 | 0.78 | 0.65 | 2.82 | 0.95 | 1.41 | 7.18 | 10.15 |

**परिसम्पत्तियों और देनदारियों का अंकेक्षित विवरण**

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन 31 मार्च 2024 के अनुसार राशि लाखों में | स्टैंडअलोन 31 मार्च 2023 के अनुसार राशि लाखों में | समेकित 31 मार्च 2024 के अनुसार राशि लाखों में | समेकित 31 मार्च 2023 के अनुसार राशि लाखों में |
|---|---|---|---|---|---|
| I. | परिसम्पत्तियां | | | | |
| 1 | गैर वर्तमान परिसम्पत्तियां | | | | |
| | (ए) सम्पत्ति, प्लांट और उपकरण | - | 2.08 | - | 2.08 |
| | (बी) वित्तीय परिसम्पत्तियां | | | | |
| | (i) निवेश | 370.31 | 370.31 | 3868.04 | 3420.68 |
| | (सी) अन्य गैर-वर्तमान परिसम्पत्तियां | - | - | - | - |
| | | 370.31 | 372.39 | 3868.04 | 3422.76 |
| 2 | वर्तमान परिसम्पत्तियां | | | | |
| | (ए) वित्तीय परिसम्पत्तियां | | | | |
| | (i) नकद एवं नकद समकक्ष | 84.61 | 27.86 | 84.61 | 27.86 |
| | (बी) वर्तमान कर परिसम्पत्तियां (शुद्ध) | 1.14 | 2.31 | 1.14 | 2.31 |
| | (सी) अन्य वर्तमान परिसम्पत्तियां | 2.59 | 1.22 | 2.59 | 1.22 |
| | | 88.34 | 31.39 | 88.34 | 31.39 |
| | कुल | 458.65 | 403.78 | 3956.38 | 3454.15 |
| II. | इक्विटी और देनदारियां | | | | |
| | इक्विटी | | | | |
| | (ए) इक्विटी शेयर कैपिटल | 704 | 704 | 704 | 704 |
| | (बी) अन्य इक्विटी | -291.92 | -346.7 | 3205.81 | 2703.67 |
| | कुल इक्विटी | 412.08 | 357.3 | 3909.81 | 3407.67 |
| | देनदारियां | | | | |
| 1 | गैर वर्तमान देनदारियां | | | | |
| | (ए) वित्तीय देनदारियां | | | | |
| | (i) उधार | 43 | 43 | 43 | 43 |
| | | 43 | 43 | 43 | 43 |
| 2 | वर्तमान देनदारियां | | | | |
| | (ए) वित्तीय देनदारियां | | | | |
| | (i) भुगतान योग्य ट्रेड | | | | |
| | (ए) एमएसई के अतिरिक्त क्रेडिटर्स को देय कुल बकाया | 3.01 | 2.7 | 3.01 | 2.7 |
| | (बी) अन्य वर्तमान देनदारियां | 0.56 | 0.79 | 0.56 | 0.79 |
| | | 3.57 | 3.48 | 3.57 | 3.48 |
| | कुल | 458.65 | 403.78 | 3956.38 | 3454.15 |

**टिप्पणी :** उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट http://www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट http://www.fortuneinternational.in पर भी उपलब्ध हैं।

कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.
हस्ता/–
(रूचिका भारद्वाज)
निदेशक
(डीआईएन–00288459)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30.05.2024

## सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड

पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : खसरा नं. 62, डी1/3 इंडस्ट्रीयल एरिया, राजारामपुर, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, यू.पी. 203205, आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479, Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार विवरण**

(रु. लाखों में, प्रति शेयर डेटा को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 0.58 | 0.18 | 0.58 | 0.76 | 0.66 | 2.05 | 0.48 | 1.53 | 4.01 | 2.63 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | -9.65 | -5.68 | 30.30 | (31.99) | (28.99) | (118.88) | (78.56) | (43.30) | (476.73) | (557.93) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -9.65 | -5.68 | 30.30 | (31.99) | (28.99) | (118.88) | (78.56) | (43.30) | (476.73) | (557.93) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -9.65 | -5.68 | 30.30 | (31.99) | (28.99) | (118.88) | (78.56) | (43.30) | (476.73) | (557.93) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [कर के बाद अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) और कर के बाद अन्य व्यापक आय] | -9.59 | -5.68 | 30.30 | (31.94) | (28.99) | (118.04) | (78.02) | (48.08) | (468.65) | (529.07) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | (1,461.34) | (1,429.40) | | | | (25,427.67) | (24,958.84) |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक | -0.01 | -0.01 | 0.04 | (0.04) | (0.04) | (0.16) | (0.10) | (0.06) | (0.63) | (0.71) |
| 9 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) डायल्युटेड | -0.01 | -0.01 | 0.04 | (0.04) | (0.04) | (0.16) | (0.10) | (0.06) | (0.63) | (0.71) |

**टिप्पणी :**
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 29.05.2024 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
2. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) तथा लागू सीमा तक अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज और नीतियों के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. अन्तिम अवधियों के आंकड़े वर्तमान तिमाही के वर्गीकरणों के अनुकूल बनाने के लिए, जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/–
अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.05.2024

**खबर संक्षेप**

### सज्जन पर नई धारा जोड़ने का सिख समुदाय ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार पर कोर्ट द्वारा सिख दंगों को लेकर नई धारा जोड़ने का सिख समुदाय व दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने स्वागत किया है। इस बारे में डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने जानकारी दी कि पिछले दिनों राउज़ एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के खिलाफ 1984 नरसंहार मामले में धारा 302 और 325 को खत्म कर दिया गया था। जिसके बाद कमेटी ने इस मामले को दिल्ली के एलजी के सामने रखा और अधिक जानकारी मुहैया कराई थी। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की ओर से दिए गए आवेदन के बाद एलजी ने पत्र पर संज्ञान लेते हुए एसआईटी को इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर करने को कहा। अब हाई कोर्ट में बहस हुई तो माननीय जज ने माना कि उन्हें बरी करना गलत है जिसके बाद सज्जन कुमार के खिलाफ धारा 302 और 325 जोड़ी गयी है।

### शिक्षिकाओं को मिलेगा मातृत्व अवकाश

**नई दिल्ली।** हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों व विभिन्न विभागों में स्थायी हुई सहायक प्रोफेसर के पदों पर महिला शिक्षिकाओं द्वारा प्रोबेशन अवधि के दौरान मातृत्व अवकाश लेने को लेकर कॉलेजों व विश्वविद्यालय के बीच पत्राचार चल रहा था जिसे विश्वविद्यालय ने सर्कुलर जारी कर विराम लगा दिया है। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मातृत्व अवकाश में प्रोबेशन अवधि पर कोई असर नहीं पड़ेगा, मातृत्व अवकाश के समय प्रोबेशन अवधि के समय को भी सर्विस में जोड़ा जाएगा तथा प्रमोशन के समय वह अवधि जुड़ेगी। फोरम ने महिला शिक्षिकाओं को प्रोबेशन अवधि में दिया जा रहा मातृत्व अवकाश पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि विश्वविद्यालय का यह स्वागत योग्य कदम है।

### महापौर ने मांगी विभागों से भीषण गर्मी से बचने के उपायों पर रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की महापौर शैली ओबरॉय ने गुरूवार को नगर निगम के सभी विभागों को शहर में भीषण गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। डॉ. ओबरॉय ने सभी विभागों के प्रमुखों के साथ हुई बैठक में ये निर्देश जारी किए। उन्होंने लिखा कि 31 मई तक कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि नगर निगम के सभी विभागों के प्रमुखों के साथ विस्तृत बैठक की, आज की स्थिति का जायजा लिया और चर्चा के आधार पर भीषण गर्मी के संबंध में सभी विभागों के लिए विस्तृत परामर्श जारी किया ताकि दिल्ली में कहीं कोई हादसा ना हो।

## दूसरे दिन तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# दिल्ली में आग उगल रहा सूरज पानी को लेकर मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार बुधवार को रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के दूसरे दिन गुरुवार को भी दिल्ली में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4 डिग्री ज्यादा है। यानी भीषण गर्मी से न दिन में चैन है, न रात में राहत। आईएमडी ने कहा है कि गुरुवार को मुंगेश पुर में अधिकतम तापमान 52 डिग्री सेल्सियस रहा था , जो सिस्टम में लगे सेंसर की तकनीकी खराबी की वजह से भी हो सकता है, जांच की जा रही है। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को दिल्ली में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान नरेला में 49.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि मुंगेशपुर और नजफगढ़ में 49 डिग्री सेल्सियस, पीतमपुरा में 48.4 डिग्री सेल्सियस और पूसा में 48.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। आईएमडी ने अगले तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए अधिकतम तापमान 43-44 डिग्री रहने का अनुमान जताया है। जबकि 2 जून को ही दिल्ली में हलकी बारिश की संभावना जताई है। वहीं 3-5 जून के बीच तापमान 44 डिग्री के बीच रहने की संभावना व्यक्त की है।




नई दिल्ली। विवेकानंद कॉलोनी, चाणक्यपुरी में टैंकर से पानी भरते निवासी ।

### दिल्ली : 79 वर्षों में सबसे अधिक तापमान हुआ दर्ज, मई में दूसरी बार इतनी गर्मी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में इस बार भयंकर गर्मी से लेकर बिजली की मांग तक के पुरान रिकॉर्ड टूट रहे है। मौसम का कहर आग बनकर बरस रहा है, हालात यह है कि दिल्ली के मुंगेश पुर में पारा 52.9 डिग्री तक दर्ज हुआ। जबकि दिल्ली के औसत तापमान की बात करें तो बुधवार को दिल्ली में 46.8 डिग्री दर्ज किया गया जो कई दशको में दूसरी बार दर्ज हुआ है। इस बारे में निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली में सफदरजंग बेस वेधशाला के आंकड़े अधिकृत माने जाते है। ऐसे में सफदरजंग स्थित मुख्य वेधशाला ने बुधवार को गत 79 वर्षों में दिल्ली का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री दर्ज किया था, जो सामान्य से करीब 6 डिग्री अधिक था। कंपनी का कहना है कि पुराने रिकॉर्ड बताते है कि इस बार मई 2024 में गत 100 सालों में दूसरी बार भीषण गर्मी पड़ रही है। कंपनी की माने तो 100 साल में दूसरा सबसे गर्म दिन सफदरजंग में 27 मई 2020 को अधिकतम तापमान 46 डिग्री दर्ज किया गया था। यह पिछले 20 सालों में सबसे अधिक था। इससे पहले 29 मई 1944 को अब तक का सबसे अधिक ऑल टाइम रिकॉर्ड तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके बाद दूसरा सबसे अधिकत तापमान बीते कल यानी 29 मई 2024 को दिल्ली में 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो 1901 के बाद 100 से ज्यादा वर्षों में दूसरा सबसे अधिक तापमान था। कंपनी का कहना है कि पिछले 20 सालों में दिल्ली का सात बार अधिकतम पारा 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रिकॉर्ड किया गया है। वहीं मई के महीने में अब तक की सबसे अधिक 165 मिमी वर्षा 2008 में दर्ज की गई थी। सबसे कम नाममात्र वर्षा मई 2013 में दर्ज की गई थी। वहीं, इस मई महीने में वेधशाला ने सामान्य बारिश 30.7 मिमी के मुकाबले केवल 0.4 मिमी वर्षा दर्ज की है। इसका मतलब कहा जा सकता है कि इस बार मई का महीना भीषण गर्मी, झुलसाने वाली लू और सूखे वाला रहा। कंपनी का कहना है कि उत्तरी पहाड़ों पर ऊपरी वायु प्रणाली के रूप में एक पश्चिमी विक्षोभ है। इसके अलावा पाकिस्तान और उससे सटे उत्तरी राजस्थान क्षेत्र के निचले स्तरों पर एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण भी है। यह राजस्थान और हरियाणा के कुछ हिस्सों में और करीब आएगी। एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ रेखा इस परिसंचरण से निकलकर दिल्ली के करीब से गुजर रही है। इससे 30 मई से 02 जून के बीच दिल्ली, एनसीआर के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ कुछ प्री-मानसून गतिविधि शुरू हो सकती है। जबकि 4 और 5 मई को भी दिल्ली में कई जगह हल्की बारिश देखने को मिल सकती है।

### दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा ने पानी संकट को लेकर आतिशी के आवास के बाहर किया मटका फोड़ प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** हमेशा से अपनी कमियों को दूसरे पर थोपने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी मंत्री आतिशी एक बार फिर से हरियाणा को दोषी ठहरा रहे हैं लेकिन हरियाणा सरकार समझौते से ज्यादा पानी दिल्ली को दे रही है। दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा ने अपने मोर्चा पदाधिकारियों के साथ गुरूवार को दिल्ली में पानी के संकट को लेकर जल मंत्री अतिशी के आवास के बाहर हाथों में मटका लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करने के दौरान केजरीवाल सरकार को घेरते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से मुफ्त साफ पानी का वायदा किया था लेकिन आज उन्होंने साफ पानी तो छोड़िए पानी भी समयानुसार नहीं दे पा रहे हैं। दिल्ली में केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के कारण उत्पन्न हुए जल संकट से पूरी दिल्ली परेशान है। प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की उपस्थिति में हुए मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन में महिला मोर्चा महामंत्री सरिता तोमर, मोर्चा उपाध्यक्ष शोभा शुक्ला एवं शिखा माथुर, अपर्णा गोयल, रेखा सिंह, अलका जोशी, रीना गगन प्रकाश एवं उषा शर्मा सहित अन्य महिला मोर्चा की पदाधिकारी थी।

## दिल्ली के हक का पूरा पानी नहीं दे रही हरियाणा सरकार : आतिशी



**नई दिल्ली।** हरियाणा सरकार दिल्ली के हक का पूरा पानी नहीं दे रही है। इसके चलते यमुना का जल स्तर सामान्य से 3.5 फीट से ज्यादा नीचे आया गया है। गुरुवार को यमुना का सामान्य जल स्तर 674 फीट से घटकर 670.3 फीट पर आ गया है। इससे कई इलाकों में पानी को लेकर त्राही-त्राही मची हुई है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरूवार को वजीराबाद तालाब का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद यह बातें कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना में छोड़े जाने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल व ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलता है और यहां ट्रीट कर घरों में भेजा जाता है। जब हरियाणा से पानी ही कम मिलेगा तो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट कहां से पानी उत्पादित करेंगे? हम दिल्ली को जल संकट से जूझते हुए नहीं देख सकते। इसलिए हरियाणा और केंद्र सरकार को दोबारा चिट्ठी लिख रहे हैं। साथ ही, दिल्लीवालों से अपील है कि अगर आप सावधानी से पानी का इस्तेमाल करते हैं तो हम बाकी हिस्सों को भी सप्लाई कर पाएंगे।

#### 'जब हरियाणा से पानी ही नहीं मिलेगा तो समर एक्शन प्लान क्या करेगा'

मंत्री आतिशी ने कहा कि समर एक्शन प्लान भी इसी पर निर्भर करता है कि पानी की सप्लाई सामान्य स्तर पर बना रहे। आज के दिन में जब हरियाणा पानी ही नहीं छोड़ रहा है और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी ही नहीं जा रहा है तो समर एक्शन प्लान क्या करेगा? वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पानी बना नहीं सकते हैं। ये प्लांट जो पानी यमुना में आता है उसे ट्रीट करके सप्लाई कर सकते हैं।

### पानी को लेकर जाएंगे सुप्रीम कोर्ट : जल मंत्री



नई दिल्ली। दिल्ली के हक के पानी की मांग को लेकर हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रहा है। इस वजह से दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। जल मंत्री आतिशी ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यमुना में दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी छोड़ने की मांग को लेकर हो रही बातचीत और चिट्ठी का हरियाणा सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा है। लिहाजा केजरीवाल सरकार ने अब सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। आतिशी ने कहा कि जल संकट से निपटने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार ने वॉटर टैंकर वॉर रूम बनाया है, जहां से दिल्लीवासी 1916 पर कॉल कर पानी के टैंकर मंगा सकते हैं। पानी की बर्बादी रोकने के लिए डीजेबी की 200 टीमें बनाई गई है। निर्माण साइटों, कार वाशिंग और कार रिपेयर सेंटर पर डीजेबी के पोर्टेबल पानी के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। आदेश का पालन न करने पर उसे सील कर दिया जाएगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी दिल्लीवासी इस आपात स्थिति में सरकार का सहयोग करें और पानी की बर्बादी करने से बचें। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्य सचिव ने आपात स्थिति के बावजूद मंत्रियों को बिना सूचना दिए स्वास्थ्य सचिव और डीजेबी के सीईओ को छुट्टी दे दी है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। हम सुप्रीम कोर्ट से मांग करेंगे कि अगर हमें किसी राज्य से कम से कम 50 एमजीडी पानी भी मिल जाता है तो बड़ी राहत मिलेगी।

### पानी की बर्बादी को रोकने में पूरी तरह से विफल रही है दिल्ली सरकार : सचदेवा



नई दिल्ली। दिल्ली में बर्बाद हो रहे पानी को रोकने में दिल्ली सरकार पूरी तरह से विफल रही है और इसलिए उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को छुड़ाते हुए 2000 रुपये का जुर्माना लगाया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरूवार को पानी की कमी मामले में केजरीवाल सरकार पर यह आरोप लगाते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता पानी के लिए हाहाकार कर रही है लेकिन यह संकट इस वक्त प्राकृतिक नहीं बल्कि कृत्रिम संकट अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा भ्रष्टाचार करने के लिए पैदा किया गया है। उन्होंने बताया कि इसे लेकर दिल्ली भाजपा 31 मई को सुबह 10 बजे दिल्ली सचिवालय के बाहर अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ दिल्ली की जनता की आवाज बनकर विरोध प्रदर्शन करेगी। सचदेवा ने कहा कि जलमंत्री आतिशी कह रही है कि हरियाणा सरकार उन्हें पानी नहीं दे रही है लेकिन वह हकीकत को छुपा रही है। कुछ दिन पहले ही दिल्ली सरकार के बाढ़ एवं सिंचाई विभाग एवं जलबोर्ड के अधिकारी हथिनी कुंज बैराज जहां से पानी छोड़ा जाता है, वहां गए थे, जहां पर हरियाणा सरकार के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। वहां पानी को मापने के लिए लगे सिस्टम को चेक करने के बाद इन दोनों विभागों अधिकारी संतुष्ट होकर लौटे क्योंकि हरियाणा सरकार वायदे से अधिक पानी दिल्ली को सप्लाई कर रही है।

### डीजेबी का दावा, पानी व सीवर की मिलने वाली शिकायतों पर तत्काल हो रही कार्रवाई

नई दिल्ली। एक तरफ जहां दिल्ली वाले रिकॉर्ड तोड़ भीषण गर्मी से परेशान हैं वहीं दूसरी तरफ कई क्षेत्रों में खड़े हो रहे पेयजल आपूर्ति संकट परेशानी को बढ़ा रहा है। दिल्ली में पानी की कमी के साथ कई जगह सीवर ओवर फ्लो होने व गंदे पानी की आपूर्ति भी दिल्ली वालों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। दिल्ली के सीताराम बाजार, उत्तम नगर, कुरैनी, नरेला के कुछ क्षेत्रों, यमुनापार, दक्षिणी दिल्ली सहित अनेक क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की शिकायत है कि पीने का पानी नहीं आता। जबकि कई जगह के लोगों की शिकायत है सीवर ओवरफ्लो हो रहा है, कहीं गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर लोग परेशान है। जबकि दूसरी तरफ दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) दावा कर रहा है कि पेयजल शोधन सभी साधनों की तय क्षमता से अधिक हो रहा है। गंदे पानी आपूर्ति पर डीजेबी के एक आला अधिकारी ने बताया कि कई जगह रिसाव की वजह से ऐसा हो सकता है। लेकिन शिकायत मिलने पर उसे तुरंत दूर किया जाता है। अधिकारी का दावा है कि इसी प्रकार सीवर के ओवर फ्लो होने की शिकायत पर भी यथा संभव तुरंत कार्रवाई की जाती है। अधिकारी ने कहा कि गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर रोजाना डीजेबी अलग अलग क्षेत्रों से पानी के नमूने एकत्र करता है। उन्होंने बताया कि बुधवार दिल्ली के सभी संयंत्रों द्वारा 976.53 एमजीडी जल शोधन हुआ जो वास्तविक क्षमता से 20.53 एमजीडी ज्यादा है। अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों के रिहायशी घरों से डीजेबी की टीम ने 1078 पानी के नमूने एकत्र किए।

### दिल्ली में लगातार दूसरे दिन बिजली की मांग 8 हजार मेगावाट पार हुई दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को बिजली की मांग 8 हजार मेगावाट पार दर्ज हुई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार अधिकतम बिजली की मांग 8091 मेगावाट दर्ज हुई। जबकि न्यूनतम बिजली खपत का आंकड़ा भी 5222 मेगावाट दर्ज हुआ। वहीं बुधवार को दिल्ली में अब तक की ऐतिहासिक खपत 8302 मेगावाट बिजली खपत दर्ज हुई थी। यह मांग अब तक की ऑल टाइम मांग के रूप दर्ज हुई। निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल ने अनुमान जताया था कि इस बार बिजली की अधिकतम मांग 8000-8200 मेगावाट तक पहुंच सकती है। लेकिन इन कंपनियों के अनुमान को ध्वस्त करते हुए आंकड़ा 8302 मेगावाट तक पहुंच गया। गर्मी के वर्तमान हालात देखते हुए बिजली कंपनियों का कहना है कि अगर ऐसे ही भीषण गर्मी पड़ती रही तो आने वाले दिनों में यह रिकॉर्ड भी टूट सकता है।

## कोर्ट ने केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर ईडी को जारी किया नोटिस

एजेंसी. नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में नियमित जमानत के अनुरोध वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने शुरुआत में ईडी को शनिवार तक केजरीवाल की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। बाद में ईडी द्वारा जवाब देने के लिए और समय मांगे जाने के बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई सात जून को करना तय किया। हालांकि, न्यायाधीश ने ईडी को केजरीवाल की एक अन्य अर्जी पर शनिवार तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने चिकित्सा आधार पर एक सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। केजरीवाल फिलहाल इस मामले में एक जून तक उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर बाहर हैं।

उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री ने बुधवार को केजरीवाल की उस याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया जिसमें उन्होंने कुछ मेडिकल जांच कराने के लिए अपनी अंतरिम जमानत को सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था। न्यायालय ने कहा कि चूंकि उन्हें नियमित जमानत के लिए निचली अदालत जाने की छूट दी गई है, इसलिए याचिका विचार योग्य नहीं है। केजरीवाल द्वारा दायर याचिका में कहा गया कि उनका वजन अचानक कम हो गया है और उनका कीटोन स्तर 'बहुत अधिक है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है। उन्होंने इसके मद्देनजर पैट-सीटी स्कैन सहित कुछ चिकित्सीय जांच कराने के लिए अपनी अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था। केजरीवाल ने 26 मई को शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपनी याचिका में कहा कि वह जेल लौटने के लिए न्यायालय द्वारा निर्धारित की गई तिथि दो जून के बजाय नौ जून को आत्मसमर्पण करना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 10 मई को, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि केजरीवाल दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। इसके एक दिन पहले एक जून को, लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान होना है। यह मामला दिल्ली सरकार की 2021-22 के लिए आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। यह नीति बाद में रद्द कर दी गई।

### सीएम की जान से खिलवाड़ करने का प्रयास कर रही भाजपा : आतिशी

**नई दिल्ली।** भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जान से खिलवाड़ करने का प्रयास कर रहे है। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने गुरुवार को प्रेसवार्ता के माध्यम से यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि, अरविंद केजरीवाल ने किडनी चेकअप, हार्ट चेकअप, कैंसर डिटेक्शन के लिए 7 दिन की अंतरिम जमानत मांगी लेकिन भाजपा के राजनीतिक हथियार ईडी ने कोर्ट में इसका विरोध किया। वहीं, आतिशी ने कहा कि तानाशाही सरकारें हमेशा अपने विरोधियों के स्वास्थ्य के साथ जेल में खिलवाड़ करती हैं, जान से मारने की कोशिश करती हैं। भाजपा और मोदी भी शायद इसी तरह अरविंद केजरीवाल की जान से खिलवाड़ कर रहे है। उन्होंने देश के लोगों से अपील करते हुए कहा कि केजरीवाल की जान बचाने के लिए वोट दे। अगर भाजपा जीत गई तो वो अरविंद केजरीवाल को न सिर्फ जेल भेजेगी बल्कि जेल में उन्हें मरवा भी सकती है। आतिशी ने कहा कि, शरत रेड्डी को पीठ दर्द पर रेगुलर बेल देने वाली भाजपा की ईडी गंभीर बीमारियों की जांच के लिए अरविंद केजरीवाल के मात्र 7 दिन की अंतरिम जमानत देने का भी का विरोध कर रही है। बता दें कि हिरासत में अप्रत्याशित तरीक़े से वजन घटने और कीटोन के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के कारण डॉक्टरों ने अरविंद केजरीवाल को ब्लड टेस्ट, कार्डियक टेस्ट और पूरे शरीर का पीईटी सिटी-स्कैन करने की सलाह दी थी।

### केजरीवाल को लेकर मंत्री आतिशी के बयान को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने बताया दुःखद

नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के आतिशी जैसे नेताओं को राजनीति के मानकों को गिराते देखकर दुख और अचम्भा दोनों हो रहे हैं। वह शब्द और बातें जो आतिशी ने गुरूवार को प्रेसवार्ता में बोली हैं, जिसमें उन्होंने केजरीवाल को जेल में मारा जा सकता है का आरोप लगाया है, वह दुखद है और एक मंत्री के लिए अनुचित है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आतिशी के बयान पर उक्त प्रतिक्रिया देते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा है कि तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार की एक जेल है और वहां रखे गए कैदियों को न्यायिक हिरासत में रखा जाता है। केवल कोई आतिशी जैसा गैरजिम्मेदार व्यक्ति ही कह सकता है कि खुद अपनी सरकार की जेल में न्यायिक हिरासत में एक मुख्यमंत्री को मारा जा सकता है। जब आप यह आरोप लगाते हैं कि न्यायिक हिरासत में एक व्यक्ति को मार दिया जा सकता है तो आप न्यायपालिका पर भी संदेह कर रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि हर दिन हम सुन रहे हैं कि आतिशी एवं आम आदमी पार्टी के नेता दावा कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की किटोन बढ़ गये हैं और वह खतरनाक बीमारियों का सामना कर सकते हैं, लेकिन क्या आतिशी बता सकती हैं कि क्या मुख्यमंत्री केजरीवाल उतने ही बीमार हैं जितना कि वह दावा कर रही हैं, तो फिर वह पंजाब और दिल्ली में चल रही खतरनाक लू के माहौल में प्रचार कैसे कर रहे हैं।

### पानी की समस्या पर डीयू और डूसू करेंगे मिलकर काम

■ डूसू के ज्ञापन पर कुलपति ने तुरंत दिया 25 वाटर कूलर लगाने का निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) अब विश्वविद्यालय परिसर में पानी की समस्या पर मिलकर काम करेंगे। यह निर्णय दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ डूसू प्रतिनिधियों की एक बैठक में लिया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने डूसू के ज्ञापन पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए विश्वविद्यालय में 25 वॉटर कूलर लगाने के निर्देश भी जारी किए। डीयू प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को डूसू सचिव अपराजिता के नेतृत्व में विद्यार्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह से मिला था और विश्वविद्यालय परिसर से संबंधित मांगों को लेकर एक ज्ञापन कुलपति को सौंपा था। छात्र नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कुलपति के सामने विश्वविद्यालय परिसर में सुविधाओं को लेकर अपनी मांगे रखी थी। डूसू द्वारा डीयू के उत्तरी परिसर के कला संकाय, केंद्रीय पुस्तकालय एवं छात्रावासों में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं के संदर्भ में मांग पत्र दिया गया था। कुलपति ने डूसू प्रतिनिधिमंडल के साथ सभी मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है। ऐसे में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता बहुत जरूरी है। कुलपति ने तुरंत प्रभाव से निर्णय लेते हुए विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों 25 वाटर कूलर लगाने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि भविष्य में और भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा छात्र संघ (डूसू) के साथ मिलकर कदम उठाए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए।

### एनडीएमसी का अगला सुविधा शिविर कल

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के हित में सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए अपना अगला सुविधा शिविर कल, शनिवार, 01 जून 2024 को सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक जय सिंह मार्ग स्थित एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित करेगी। एनडीएमसी प्रशासन ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस शिकायत निवारण सुविधा कैम्प में विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क सेवा उपयोगकर्ताओं, कर्मियों, आरडब्ल्यूए, एमटीए और एनडीएमसी के निवासियों की शिकायतों का निवारण और सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### सेवा विस्तार नहीं होने से निगम डीबीसी कर्मी परेशान, नहीं मिला तीन माह से वेतन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के डीबीसी से एमटीएस बने कर्मियों का एक अप्रैल से सेवा विस्तार नहीं होने से यह कर्मचारी बहुत परेशान हैं। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष देवानंद शर्मा ने बताया कि इसके चलते मार्च, अप्रैल और मई माह की सभी 3000 डीबीसी कर्मियों की तनख्वाह भी रुक गई है। उन्होंने बताया कि लगातार 25 अक्टूबर 2023 डीबीसी कर्मियों के एमटीएस बनाए जाने के प्रस्ताव के पास होने के बाद से आज तक डीबीसी कर्मियों का संघर्ष खत्म नहीं हो रहा है। आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल 2024 से डीबीसी कर्मियों को एमटीएस पद का सेवा विस्तार भी दिया जाना था और परंतु इसके विपरीत एक तो पहले ही 25 अक्टूबर के बाद प्रशासनिक आदेश करने में 6 महीने का समय लिया गया। उन्होंने बताया कि इस विषय को लेकर कई बार अधिकारियों से मौखिक और लिखित रूप से बातचीत करने के बाद समाधान नहीं निकल सका है। सबसे बड़ी बात 3 महीने से तनख्वाह न होने के कारण कर्मियों के घर के राशन, बच्चों की स्कूल की फीस, मकान का किराया और अपनी दवाइयां के खर्चे न दिए जाने के कारण स्वयं घोर संकट की स्थिति में कर्मचारी अपने आप को खड़ा पाते हैं। देवानंद शर्मा ने बताया कि इस दौरान उसके बाद कर्मियों को एग्रीमेंट के दौर में फंसा दिया गया। अब सभी कर्मचारी अपने एग्रीमेंट भी दे चुके हैं। लेकिन 1 अप्रैल से होने वाले सेवा विस्तार को ना तो आज तक किया गया है। जिसकी वजह से आज सभी कर्मचारी घोर संकट की स्थिति में आ गए हैं। साथ ही बताया कि दिल्ली में हुए लोकसभा चुनाव की तपती हुई गर्मी के दौरान सभी कर्मियों ने पूरी मेहनत से चुनाव की ड्यूटी की जहां पर किसी तरह के रात दिन ड्यूटी करने के बावजूद खाने-पीने तक की सुविधा भी नहीं मिली और चुनाव की ड्यूटी का पैसा भी नहीं मिला।

## आयुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा, कहा-

# मतगणना स्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर लगी जालियां कटीली व धारदार नहीं होनी चाहिए

आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना स्वच्छता, पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण संपन्न कराएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना तैयारी अंतिम चरण में हैं। मेरठ मंडल आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. ने मतगणना स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना स्वच्छता, पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण संपन्न कराए। इसी के साथ उन्होंने मतगणना स्थल का सूक्ष्मता से जायजा लिया उन्होंने निर्देशित किया कि सुरक्षा के मद्देनजर लगी जालियां कटीली एवं धारदार नहीं होनी चाहिए ।



जिससे कि किसी भी प्रकार का कोई नुकसान हो। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्वाचन में लगे कार्मिक एवं मीडियाकर्मियों सहित अन्य गणमान्य व सामान्य लोगों को मूलभूत सुविधाओं की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार, जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा बालियान एवं जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह के साथ अन्य संबंधित सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कवि नगर जोन में कार्यवाही कर वसूला जुर्माना

# पॉलिथीन पैकेट के साथ अवैध तंदूर पर भी नगर निगम ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम ने कवि नगर जोन अंतर्गत बड़ी कार्यवाही देखने में आई है जहां प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया गया वहीं अवैध रूप से चल रहे तंदूर को भी बंद कराया गया है।

वायु गुणवत्ता सुधार तथा स्वच्छ पर्यावरण बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम की कार्यवाही योजना के क्रम में चल रही है। कवि नगर जोन अंतर्गत सी ब्लॉक मार्केट, बी ब्लॉक मार्केट कवि नगर, संजय नगर सेक्टर 23, गोविंदपुरम मार्केट एरिया



तथा राजनगर सेक्टर 9 मे पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया गया तथा मार्केट एरिया में चल रहे तंदूर को भी बंद कराया गया पूरी कार्यवाही के तहत लगभग 1,30,000 का जुर्माना भी वसूल है तथा शहर वासियों को दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील की गई है। अभियान के दौरान मौके पर प्रवर्तन दल टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा जोन की टीम भी उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने आरोपी को देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित



गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी रितेश उर्फ पोली अजय नगर पार्ट-2 पल्ला का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम एएसआई भगत, सिपाही अमित व जय प्रकाश ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से पुस्ता रोड बसंतपुर के पास से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। उसके खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार रखने की धारों में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी भय बनाने के लिए देसी कट्टे 4000 खरीदा था।

### ब्याज का प्रलोभन देकर 62 हजार ठग लिए

**गुरुग्राम।** साइबर वेस्ट पालम विहार एरिया में जालसाजों ने निवेश में मुनाफा का प्रलोभन देकर




करीब 62 हजार ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। अशोक कुमार ने कहा कि जनवरी माह में उसने व्हाट्सअप पर साई इंवेस्टमेंट ज्वाइन किया। जिसमें निवेश कर अधिक मुनाफा देने का प्रलोभन दिया गया। अशोक ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 61 हजार 800 रुपए उनके द्वारा भेजे गए अकाउंट में डाल दिए। लेकिन जब रुपए निकालने का प्रयास किया उसे और ज्यादा रुपए भेजने की मांग की गई।

### सिक्योरिटी गार्ड की मौत पर गुरुग्राम में बवाल

**गुरुग्राम।** राजेंद्रा पार्क थाना एरिया के धर्मपुर गांव में हुई सिक्योरिटी गार्ड की मौत पर ग्रामीणों ने जमकर



बवाल काटा। ग्रामीणों का आरोप था कि सिक्योरिटी गार्ड को गाड़ी से हिट किया गया था। उसका शव पास ही बिल्डर साइट पर लहूलुहान हालत में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच शुरू की तो यहां बिल्डर साइट पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद मिले। पुलिस ने जब बिल्डर पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया तो ग्रामीणों ने हंगामा शांत किया और पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### गोवंशों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन चुस्त

# पीएस ने अधिकारियों को गो आश्रय स्थलों पर नियमित निरीक्षण करने के दिए निर्देश

प्रमुख सचिव ने बैठक में कहा कि गोआश्रय स्थलों के समस्त मृत गोवंशों का अभिलेख रखा जाए तथा शव का समुचित विधि से निस्तारण कराया जाए। प्रत्येक गोआश्रय स्थल से उसके आसपास की कुछ गांवों को संबद्ध किया जाए तथा संबद्ध गांव के निराश्रित गोवंश को ही गोआश्रय स्थल पर संरक्षित कराया जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रदेश के प्रमुख सचिव पशुधन रविंद्र की अध्यक्षता में गोवंशों की सुरक्षा व योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि अधिकारी गो आश्रय स्थलों पर नियमित भ्रमण करें।

प्रमुख सचिव ने बैठक में कहा कि गोआश्रय स्थलों के समस्त मृत गोवंशों का अभिलेख रखा जाए तथा शव का समुचित विधि से निस्तारण कराया जाए। प्रत्येक गोआश्रय स्थल से उसके आसपास की कुछ गांवों को संबद्ध किया जाए तथा संबद्ध गांव के निराश्रित गोवंश को ही गोआश्रय स्थल पर संरक्षित कराया जाए। पशुओं में अनिवार्य रूप से टैग लगाने के लिए उन्होंने सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों/ उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया तथा टैग न लगवाने वाले पशुपालकों की सूची साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**मृत गोवंशों का अभिलेख रखने के निर्देश**

प्रमुख सचिव ने भविष्य में बिना टैग वाले पशुओं को किसी प्रकार का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अथवा विभागीय सुविधा न देने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गो आश्रय स्थलों पर लक्ष्य के अनुसार भूसे स्थानीय दर पर अभिलंब क्रय करने के निर्देश दिए।

रविंद्र ने कहा कि यदि जनपद में भूसे की कमी हो तो उसके स्थान पर कम दाम पर साइलेज क्रय करें। साइलेज की पौष्टिकता भूसे से अधिक होती है। अधिकारी गो आश्रय स्थलों पर नियमित भ्रमण करें तथा लू के प्रकोप से बचाव की व्यवस्थाओं का नियमित अनुश्रवण करते हुए कमियों को दूर कराए। निराश्रित पशुओं की चिकित्सा में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न हो इसके लिए उन्हें नियमित रूप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

**निराश्रित गोवंश को गोआश्रय पर संरक्षित कराने के निर्देश**

**निराश्रित पशुओं की चिकित्सा में कोई लापरवाही न हो**



### पशुधन की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने की जरूरत

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने जनपद में निराश्रित गोवंश संरक्षण, सहभागिता योजन्तर्गत लाभान्वित पशुपालकों, भरण पोषण धनराशि भुगतान, भूसा संग्रह तथा पशुपालन विभाग की विभाग की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जनपद के सभी उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया किया।

### आदेशों की अवहेलना करने पर कार्रवाई

# डीएम ने 200 मी. क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर लगाई पाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिलाधीश एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने दंड प्रक्रिया 1973 की धारा 144 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी चार जून को मतगणना संपन्न होने तक मतगणना केंद्रों के आसपास के 200 मीटर क्षेत्र में धारा 144 लगाने, ड्रोन नियम 2021 के तहत जिला फरीदाबाद में ड्रोन, ग्लाइडर का उपयोग व उड़ाने पर प्रतिबंध, मतगणना क्षेत्र को रेड जोन तथा मतगणना केंद्रों के 100 मीटर क्षेत्र को चार जून के दिन पैदल क्षेत्र घोषित किया है।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 दिनांक 25 मई 2024 को हरियाणा में संपन्न हुए हैं। आम चुनाव 2024 के वोटों की मतगणना दिनांक 4-6-2024 को पंजाबी भवन, सेक्टर-16ए फरीदाबाद, लखानी धर्मशाला एनआईटी, दौलत राम खान धर्मशाला एनआईटी, श्रीमति सुषमा स्वराज सरकारी महिला कॉलेज सेक्टर-2, बल्लभगढ़, महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम, डीएवी स्कूल सेक्टर-14 फरीदाबाद तथा गुर्जर भवन सेक्टर-16ए फरीदाबाद पर होनी है। उक्त क्षेत्र में मतगणना के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा-144 लगाने तथा मतगणना क्षेत्र का रैड जोन घोषित किए जाने की आवश्यकता है।

जिले में स्थापित किए गए मतगणना केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में जिलाधीश विक्रम सिंह ने जिला फरीदाबाद में धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

#### बैलेट पेपर मतगणना का कार्य गंभीरता से करें

उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर मतगणना का कार्य बहुत गंभीरता से अधिकारी पूरा करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में बैलेट पेपर की मतगणना करवाने के लिए अधिकारियों/ कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जरुरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि बैलेट मतों की गणना से जुड़े अधिकारियों को मतगणना को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सफल मतगणना करवाने के लिए दिया जा रहा है।

# पत्नी की मौत पर जेल गया पति, रिश्तेदारों ने बेच दी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

खेड़कीदौला थाना एरिया में पत्नी की मौत के बाद पति के जेल जाने पर मृतका के रिश्तेदारों द्वारा जालसाजी कर लग्जरी गाड़ी बेचने का मामला सामने आया है। आरोपितों ने विभागिय कर्मियों से घालमेल कर मृतका के फर्जी हस्ताक्षर कर वारदात को अंजाम दिया। इसका खुलासा तब हुआ जब मृतका का पति अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आया। पुलिस ने शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में हबीब उर रहमान ने कहा कि वर्ष




2019 में एक इनोवा गाड़ी खरीदी थी। जो उसने दिल्ली के वजीरपुर में अपनी पत्नी हिताक्षा रत्ता के नाम से रजिस्टर्ड कराई थी। बीती 1 नवंबर 2020 में उसकी पत्नी हिताक्षा रत्ता ने आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता विनय रत्ता ने हबीब उर रहमान व उसकी मां के खिलाफ थाना खेड़कीदौला में केस दर्ज करा दिया।

# सीटू का 54वां स्थापना दिवस, मजदूरों की एकता मजबूत करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का 54वां स्थापना दिवस आज 30 मई को श्रम और पूंजी के संघर्ष में मजदूरों की एकता को और मजबूत किए जाने के संकल्प के साथ लाल झंडा फहराकर मनाया गया। सीटू के बसेलवा कालोनी स्थित कार्यालय में जिला प्रधान निरंतर पराशर ने सीटू का झंडा फहराया।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि मजदूर आंदोलनों में सीटू की एकता



और संघर्ष के नारों का 54 सालों का गौरवशाली इतिहास है। उन्होंने कहा कि देश का सबसे जुझारू एवं क्रांतिकारी मजदूर संगठन सीटू की सफलताओं में सैकड़ो कार्यकर्ताओं और नेताओं की कुर्बानी है। यदि 1970 में सीटू नहीं बनता तो बहुत मुमकिन था कि देश का श्रमिक आंदोलन अपने अस्तित्व को खो बैठता। अपनी मेहनत से देश के लिए अकूत धन दौलत पैदा करने वाले मजदूरों को शासक वर्गों एवं पूंजीपतियों के द्वारा हाशिए पर धकेलने की साजिश हमेशा से रची जाती रही है। मजदूर चार लेबर कोड्स के खिलाफ संघर्षरत है।


**SINDHU TRADE LINKS LTD.**

129,Transport Centre,Rohtak Road,Punjabi Bagh, New Delhi-110035

Audited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter & Year ended 31stMarch, 2024

CIN: L63020DL1992PLC121695 Website: www.sindhutrade.com, Emailid: corporatecompliance@sindhutrade.com, Ph.:0124-6913083

Extracts of Standalone &Consolidated Audited Financial Results for the Quarter & Year Ended on 31.03.2024 (In Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year to Date | | Quarter Ended | | | Year to Date | |
| | 31.03.2024 (Audited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.03.2023 (Audited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.03.2023 (Audited) |
| Total Income from operations | 17,711.25 | 13,735.09 | 13,995.40 | 59,965.99 | 49,029.58 | 44,204.50 | 47,396.61 | 48,898.79 | 1,83,623.84 | 1,33,452.97 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or Extraordinary items) | 1,432.54 | 1,086.62 | 1,600.41 | 6,336.71 | 4,310.54 | (11,971.98) | 9,596.21 | 4,071.16 | 7,660.28 | 1,670.43 |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or Extraordinary items) | 1,432.54 | 1,086.62 | 1,600.41 | 6,336.71 | 4,310.54 | (11,973.79) | 9,596.21 | 4,481.10 | 7,658.47 | 1,668.77 |
| Net profit/ (Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | 1,803.35 | 823.18 | 1,104.98 | 5,436.90 | 3,277.40 | (10,197.41) | 9,313.77 | 3,142.04 | 7,076.53 | (348.24) |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit / Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | 2,505.66 | 1,036.51 | 5,998.73 | 6,352.61 | 11,037.34 | (8,744.60) | 9,567.17 | (11,481.31) | 10,128.09 | 4,198.52 |
| Equity Share Capital | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 72,056.51 | 69,373.65 | 65,526.69 | 72,056.51 | 65,526.69 | 1,34,163.36 | 1,31,916.33 | 1,17,793.76 | 1,34,136.36 | 1,17,793.76 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of ₹1/-each) Basic : | 0.14 | 0.05 | 0.07 | 0.38 | 0.21 | (0.66) | 0.42 | 0.20 | 0.37 | 0.00 |
| Diluted: | 0.14 | 0.05 | 0.07 | 0.38 | 0.21 | (0.66) | 0.42 | 0.20 | 0.37 | 0.00 |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly & yearly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 30th May, 2024.
2. The above Audited financial results of the Company for the Quarter & Year ended on 31stMarch, 2024have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 30th May, 2024.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Audit Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Rudra Sen Sindhu
Chairman & Director
DIN: 00006999

Place: Gurugram
Dated: 30.05.2024

## खबर संक्षेप

### दुबे से मिलने के बाद राजा भैया के बदले सुर



**देवघर।** यूपी के कुंडा के विधायक और जनसत्ता पार्टी के सर्वेसर्वा रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने कहा है कि मोदी जी एक बार फिर सरकार बनाने जा रहे हैं। झारखंड के देवघर पहुंचने पर राजा भैया गोड्डा से भाजपा के प्रत्याशी और वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे से मिले। दुबे से मिलने के बाद राजा भैया के सुर बदले नजर आए। कहा कि सरकार मोदी की बन रही है। इस संसदीय चुनाव में न तो हम सक्रिय भूमिका में हैं और न ही किसी के लिए प्रचार कर रहे हैं। हमारे जो भी कार्यकर्ता व समर्थक हैं, उन्होंने जिसे मन किया उसको वोट दिया।

### बिहार के 13 विश्वविद्यालयों पर फिर आर्थिक संकट



**पटना।** बिहार के विश्वविद्यालयों के वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट स्वीकृत नहीं होने से संकट बढ़ गया है। शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों के बजट प्रस्ताव की समीक्षा के लिए 15 से 29 मई तक अलग-अलग बैठक बुलाई थी। इसमें संबंधित विवि के कुलपति समेत अन्य पदाधिकारियों को बुलाया गया था। लेकिन बैठक में कामेश्वर सिंह संस्कृत विवि, दरभंगा को छोड़ काई कुलपति नहीं आए। इस कारण बैठक नहीं ली गई और बजट को स्वीकृति नहीं मिली। केके पाठक के विभाग ने बजट स्वीकृत कराने को लेकर ही बैठकें बुलाई थी।

### उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड के नतीजे घोषित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं में सम्मिलित हुए एक लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी खबर। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा राज्य के पंजीकृत मदरसों में विभिन्न कक्षाओं - मुंशी/मौलवी , आलिम , कामिल और फाजिल के लिए आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए। ऐसे में जो छात्र-छात्राएं उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा 13 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित हुए थे, वे जल्द ही अपना परिणाम देख सकते हैं।

---

पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद की दो टूक-

# केंद्र में सरकार चाहे जिसकी बने लेकिन सनातन धर्म, संतों और व्यासपीठ का सम्मान होना जरूरी, मोदी-योगी ईमानदार

*पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि उनका किसी भी पार्टी के साथ कोई सरोकार नहीं। चुनावी बेला में किसी भी पार्टी या फिर गठबंधन के पक्ष व विपक्ष में बोलना अनुचित है।*

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि केंद्र में सरकार चाहे जिसकी बने लेकिन सनातन धर्म, और व्यास पीठ का सम्मान होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ईमानदार हैं। देश की सीमा की सुरक्षा के समान ही व्यास पीठ पर प्रतिष्ठित और प्रामाणिक धर्माचार्य को रखने का कर्तव्य भी शासनतंत्र का है। गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती अपने तीन दिवसीय प्रवास पर बागेश्वरधाम से झूंसी स्थित शिवगंगा आश्रम पहुंचे।



### सरकार किसी गठबंधन या पार्टी की बने, व्यास पीठ का सम्मान जरूरी

शंकराचार्य ने कहा कि केंद्र में सरकार किसी भी गठबंधन या पार्टी की बने, लेकिन व्यास पीठ का सम्मान होना जरूरी है। कहा कि उनका किसी भी पार्टी के साथ कोई सरोकार नहीं है। चुनावी बेला में किसी भी पार्टी या फिर गठबंधन के पक्ष व विपक्ष में बोलना अनुचित है। सनातन धर्म और व्यास पीठ का सम्मान सुरक्षित रहे, यही उनकी कामना और इच्छा है। देश की सीमा की सुरक्षा का ध्यान तो शासनतंत्र को है लेकिन व्यास पीठ पर प्रतिष्ठित और प्रामाणिक धर्माचार्य हैं, उनको अनुगामी बनाकर रखने का कर्तव्य भी केंद्रीय शासन तंत्र को ही निभाना होगा।

### हिंदुओं के हिमायती कभी नहीं थे अंग्रेज

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों और मुगलकाल के शासन में भी कोई अराजक धर्माचार्य या फिर शंकराचार्य बनकर नहीं घूमता दिखाई दिया था। अंग्रेज हिंदुओं के हिमायती या पक्षधर नहीं थे।

### विकास के नाम पर विनाश होगा तो गंगा प्रदूषित होंगी

*गंगा में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि विकास के नाम पर अगर विनाश होगा तो गंगा प्रदूषित होंगी। गंगा तो अपने उद्गम स्थल उत्तराखंड पर ही मैली हो गईं हैं। गंगा वहीं पर विलुप्त हो गई हैं। कहा कि महायंत्रों के ज्यादा प्रयोग होने से ही प्रदूषण और तपिश बढ़ रही है। विकास का मापदंड ही गलत है। पेड़-पौधों और जंगल के कटने से हम विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। महानगर को इस वक्त विकास का मानक बना दिया गया है। महानगर में शुद्ध पानी, मिट्टी,मनोभाव और संयुक्त परिवार की पहुंच नहीं है। इसी कारण से विकास के नाम पर विनाश हो रहा है। सृष्टि की संरचना का प्रयोजन ही मानव जीवन की सार्थकता है।*

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रचार के दौरान विपक्ष पर रहे आक्रामक

# पाकिस्तान, राम मंदिर, गोहत्या लोकसभा चुनाव में योगी के भाषण में छाए रहे ये 5 मुद्दे

नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ केंद्र में सत्ता हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ रैलियों में आस्था, संस्कृति, आरक्षण और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर जोर दिया।

### योगी के मुताबिक, रामद्रोही वह हैं, जिन्होंने गोलियां चलाईं

### कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को उनके मन के खानपान की आजादी देने की बात कही

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

2014 व 2019 में 2 बार से नरेंद्र मोदी यूपी में बेहतर प्रदर्शन के बल पर सरकार बनाने में सफल रहे हैं। लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए फिर एक बार यूपी को जी त ना महत्वपूर्ण है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 80 में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर रणनीति बनाई।

सीएम ने प्रदेश और प्रदेश के बाहर अपनी रैलियों में केंद्र सरकार व राज्य सरकार की उपलब्धियों के बखान के साथ ही विपक्ष पर 5 प्रमुख मुद्दों को लेकर लगातार हमला किया। ये मुद्दे देश के बहुसंख्यक समुदाय की आस्था, संस्कृति, आरक्षण और भ्रष्टाचार के मामलों से संबंधित हैं।

**80 सीटें जीतने का रखा लक्ष्य**



### राम मंदिर को बनाया मुद्दा

*सीएम योगी अपनी रैलियों में राम मंदिर का भरपूर जिक्र कर रहे हैं। वो कहते हैं कि यह चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच है। सीएम के इस वक्तव्य में वो राम भक्त उन्हें कहकर संबोधित करते हैं जिन्होंने खुद और उनके पूर्वजों ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का सपना देखा और जिन्होंने सपा सरकार के दौर में राम मंदिर आंदोलन में हिस्सा लिया और अपने सीने में गोली खाई। योगी के मुताबिक, रामद्रोही वो हैं, जिन्होंने गोलियां चलाईं। राम मंदिर के निर्माण में रोड़े अटकाए और कथित तौर पर सुप्रीम कोर्ट में फैसले में देरी के लिए तरह-तरह की दलील दी।*

### गोमांस पर आक्रामकता दिखाई

गोहत्या और गोमांस के सेवन को लेकर भी सीएम योगी विपक्ष पर हमला कर रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस का मैनिफेस्टो सबसे बड़ी वजह है, जिसमें कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को उनके मन के खानपान की आजादी देने की बात कही है। सीएम योगी का आरोप है कि इसके माध्यम से कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोहत्या और गोमांस खाने की आजादी देने का वादा कर रही है जो बहुसंख्यक समाज की आस्था के खिलाफ है। बहुसंख्यक समाज में गाय की पूजा की जाती है। उसे कामधेनु का रूप माना जाता है। उसकी हत्या और गोमांस खाना निषेध है। बहुसंख्यक समाज की इसी आस्था को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने 2020 में गोकशी कानून को और सख्त बना दिया था, जिसके तहत 10 साल तक की जेल और दोबारा दोषी पाए जाने पर दोगुनी सजा का प्रावधान किया गया है।

---

अखिलेश ने मऊ की जनता को साधा

# युवाओं को नौकरी, किसानों को कर्जमाफी का दिया भरोसा



एजेंसी ▶▶ मऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने घोसी में जनसभा के दौरान भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। साथ ही मऊ की जनता कहा कि चुनाव में आप सावधान रहिए। भाजपा सरकार में बुनकर बदहाल हैं। हमारी सरकार आई तो बुनकर की बदहाली को दूर करेंगे।

अखिलेश ने कहा कि जब भाजपा अपने दोस्तों का कर्ज माफ कर सकती है, तो हमारी सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ करेंगे। 30 लाख सरकारी नौकरियों को सही आरक्षण लागू करके दिया जाएगा। शिक्षामित्र, आशा कार्यकार्य और मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि ये चुनाव हमारे और आपके भविष्य और संविधान को बचाने का है।

### पीएम महात्मा गांधी को याद कर रहे हैं

अखिलेश यादव ने घोसी लोकसभा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी राजीव कुमार राय के समर्थन में सभा में कहा कि इतनी गर्मी में जो उत्साह देख रहा हूं। ये समर्थन जीत दिलाने जा रहा है। रिकॉर्ड मतों से जीत होगी। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वे लोग पिछले कई चरण का चुनाव देखकर घबरा गए हैं। अब उनको छड़ी भी नहीं बचा पाएगी। पीएम महात्मा गांधी को याद कर रहे हैं व परिणाम जानकर तपस्या करने जा रहे हैं। परिणाम आएगा तो यही कहेंगे कि उनकी तपस्या में कोई कमी रह गई थी।

### नौजवान परीक्षा देने गया, सरकार ने धोखा दिया

अखिलेश ने कहा कि नौजवान परीक्षा देने गया तो सरकार ने धोखा दिया। सरकार पेपर लीक का लीकेज नहीं रोक पाई। ये पेपर लीक हुए नहीं, सरकार ने जानबूझ कर पेपर लीक कराया है। जिससे नौजवानों को नौकरी नहीं देना पड़े। युवाओं का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। पूर्वांचल के नौजवान तैयारी करते थे, लेकिन सरकार ने आधी-अधूरी अग्निवीर की व्यवस्था की। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो अग्निवीर को समाप्त कर पक्की नौकरी देंगे और उम्र की वजह से नौकरी छूटी है तो उनके लिए भी कुछ करेंगे।

---

## पेज एक का शेष

### आइए... आपका...

केरल के अधिकांश हिस्सों को कवर कर लिया है। उन्होंने बताया कि अगले 3-4 दिनों में इसके तमिलनाडु और कर्नाटक के कुछ हिस्सों के साथ-साथ उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और शेष पूर्वोत्तर राज्यों को भी कवर करने की संभावना है। 30 मई से 3 जून तक उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में बहुत हल्की बारिश होने की संभावना है। 31 मई से 3 जून तक राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। गुजरात में तेज सतही हवाएं (30-40 किमी/घंटा) चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो देश में अल नीनो प्रणाली कमजोर हो रही है और ला नीना स्थितियां सक्रिय हो रही हैं, जो इस साल अच्छे मानसून के लिए अनुकूल है।

**मानसून आने की ऐसे होती है पुष्टिः** वैसे मानसून आने की सामान्य तिथि 5 जून होती है। लेकिन यह 30 मई को ही केरल में आ गया। इसकी वजह यह है कि समुद्र में हवा का पैटर्न पहले से ही स्थापित हो चुका था। 10 मई के बाद से किसी भी समय केरल के 14 केंद्रों और पड़ोसी क्षेत्रों में लगातार दो दिनों तक 2.5 मिमी या उससे अधिक वर्षा होती है, तब मानसून आने की पुष्टि की जाती है। इसके अलावा हवा की दिशा दक्षिण-पश्चिम की ओर होने पर भी ध्यान दिया जाता है।

### 115.5 से 204.4 ...

की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, 30 मई से 3 जून तक उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में, 30 और 31 मई को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में गरज के साथ छिटपुट हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### मतदान...और ...

अम्मन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। पूजा के दौरान मोदी सफेद धोती और शॉल पहना था। पुजारियों ने उन्हें विशेष आरती कराई और प्रसाद, शॉल और देवी भगवती अम्मन की फ्रेम में मढ़ी हुई तस्वीर दी। मोदी तिरुवनंतपुरम से कन्याकुमारी हेलिकॉप्टर से पहुंचे थे। यहां से वे ध्यान मंडपम तक फेरी से पहुंचे। विवेकानंद रॉक मेमोरियल के पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### बीते 10 साल...

हैं। सात चरणों में हो रहे चुनाव के लिए अंतिम दौर का मतदान एक जून को होना है। मतों की गिनती 4 जून को होगी।

### शिवखोड़ी जा रही बस...

मनोज सिन्हा ने दुख प्रकट किया है। सिन्हा ने इस हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परजिनों को पांच लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। साथ ही घायलों के इलाज के लिए पचास हजार रुपए देने की घोषणा की गई।

### लोकसभा चुनाव के...

हस्तियों के अलावा पूर्व मंत्रियों, सांसदों और विधायकों समेत अनेक राजनैतिक दिग्गजों के सियासी भविष्य का फैसला करने के लिए कुल 10 करोड़, 06 लाख 53 हजार 884 मतदाता ईवीएम का बटन दबाकर करेंगे। देश में लोकसभा की 543 सीटों के लिए इस चुनावी के महासंग्राम में अब तक पहले छह चरणों में 486 सीटो पर मतदान हो चुका है, जिसमें 705 महिलाओं और दो थर्डजेंडर समेत 7459 प्रत्याशियों की सियासी तकदीर ईवीएम में कैद हो चुकी हैं, जबकि गुजरात की सूरत सीट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो चुका है। कल 01 जून शनिवार को 57 लोकसभा सीटों पर होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार की शाम को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। इस अंतिम चरण में शनिवार को 57 सीटों पर होने वाले चुनाव में 904 प्रत्याशियों के लिए 10,06,53,884 मतदाता ईवीएम का बटन दबाकर वोटिंग करेंगे। इस चरण में पंजाब की 13 सीटों पर सबसे ज्यादा 328 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि जबकि लोकसभा सीट के हिसाब से देखा जाए तो पंजाब की लुधियाना लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा 43 और हिमाचल प्रदेश की शिमला सीट पर सबसे कम छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में ओडिशा की की 6 लोकसभा सीटों के साथ उनके दायरे में आने वाली 42 विधानसभा सीटों पर भी मतदान कराया जाएगा। वहीं हिमाचल प्रदेश की पांच सीटों पर उपचुनाव होगा।

**इन केंद्रीय मंत्रियों व पूर्व मुख्यमंत्रियों की दांव पर प्रतिष्ठाः** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही यूपी की ही चंदौली सीट पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेन्द्रनाथ पांडये, महाराजगंज सीट पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, मिर्जापुर से केंद्रीय वाणिज्य व उद्यम राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, बिहार की आरा लोकसभा सीट से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री राजकुमार सिंह तथा हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर सीट से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल मंत्री अनुराग की भी इस चुनावी जंग में प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वहीं पंजाब की जालंधर सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तथा गुरदासपुर सीट से पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह रंधावा की कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में सियासी साख का इम्तिहान होगा।

**इन दिग्गजों की दांव पर साखः** लोकसभा चुनाव के अंतिम पड़ाव में जिन सियासी दिग्गजों ने भी अपनी प्रतिष्ठा को दांव पर लगा रखा है, उनमें बिहार की पटना साहिब सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, पाटलिपुत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल व राजद प्रमुख लालू यादव की बेटी मीसा भारती, काराकाट सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाह व फिल्मी कलाकार पवन कुमार चुनाव मैदान में हैं। चंडीगढ़ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में पूर्व मंत्री मनीष तिवारी, पंजाब की बठिंडा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री और शिअद प्रत्याशी हरसिमरत कौर बादल, पटियाल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी परणीत कौर, हिमाचल की कांगड़ा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, मंडी सीट पर भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, ओडिशा की बालासोर सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रताप सिंह सारंगी, बलिया से भाजपा के नीरज शेखर, पश्चिम बंगाल की दमदम सीट से तृणमूल प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री सौगात राय, कोलकाता उत्तर सीट तृणमूल के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदीप बंदोपाध्याय और डायमंड हार्बर सीट से बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी भी सियासी प्रतिष्ठा के लिए चुनाव मैदान में हैं।

**ये मौजूदा सियासी गणितः** लोकसभा के सातवें चरण की जिन 57 सीटों पर मतदान होना है, उनमें साल 2019 के चुनाव में राजग ने सबसे ज्यादा 32 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जिसमें 25 सीटें भाजपा जीती थी, जिसमें जदयू की तीन अपना दल (एस) और शिरोमणि अकाली दल ने 2-2 दो सीटें शामिल थी। जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 9, कांग्रेस ने 8, बीजद ने 2, आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 1-1 सीट पर जीत दर्ज की थी। भाजपा की सबसे ज्यादा सीटें यूपी की 13 सीटों में भाजपा को 9 सीटों और दो उसके सहयोगी अपना दल को मिली थी। जबकि दो सीटों पर बसपा ने जीत दर्ज की थी।

**किस राज्य में कौन सीट पर होगा चुनावः** बिहारः नालन्दा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद।

चंडीगढ़ः चंडीगढ़ लोकसभा सीट

हिमाचल प्रदेश : कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला।

झारखंड : राजमहल, दुमका और गोड्डा।

ओडिशाः मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर लोकसभा के साथ में 42 विधानसभा सीट।

पंजाबः गुरदासपुर, अमृतसर,खडुर साहिब,जालंधर, होशियारपुर, आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर, भटिंडा, संगरुर, पटियाला।

उत्तर प्रदेशः महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, वंशगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज।

पश्चिम बंगालः दम दम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर।

### बसपा ने उतारे...

के 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जबकि अन्य दलों के अलावा 375 निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### 6 बार के वर्ल्ड...

महिला और पुरुष वर्ग में केवल छह-छह खिलाड़ी ही हिस्सा लेते हैं। इस टूर्नामेंट के विजेता को एक करोड़ 33 लाख रुपए दिए जाते हैं। तीसरे राउंड के बाद पुरुष वर्ग में प्रज्ञानंद और महिला वर्ग में उनकी बहन और महिला ग्रैंडमास्टर वैशली पहले स्थान पर हैं। उन्होंने हमवतन कोनेरू हंपी को मात देकर पहला स्थान हासिल किया था। इसके बाद उन्होंने ग्रैंडमास्टर एना मुजचुक के साथ ड्रॉ खेलकर अपनी लीड कायम रखी। प्रज्ञानंद ने मैच के बाद कहा कि वह कार्लसन की ओपनिंग देखकर चौके नहीं। उन्हें अहसास हो गया था कि कार्लसन फाइट करना चाहते हैं वरना वह कोई मजबूत ओपनिंग करते। भारतीय खिलाड़ी भी इसके लिए तैयार था और उन्होंने ओपनिंग के अनुसार अपना मैच बदल दिया।

### आजम खान को...

रही थी। रामपुर जिले की एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को बीते दिन दोषी करार दिया था और फैसला रिजर्व कर लिया था। डूंगरपुर प्रकरण में गुरुवार को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) के न्यायाधीश डॉ. विजय कुमार ने सजा सुनाई है। आजम खान इस वक्त सीतापुर जेल में बंद हैं। जेल से ही वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उनकी पेशी हुई थी। सरकारी वकील शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि जबरन घर खाली करवाकर उसे ध्वस्त कराने के मामले में रामपुर की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को 10 साल की कैद सजा सुनाई और 14 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### डूंगरपुर में बनाए...

आवास बनाने के लिए उनके घरों को जबरन खाली कराया था। वहां पहले से बने मकानों पर बुलडोजर भी चलवाकर ध्वस्त कर दिया गया था। इन मुकदमों में आजम खां का नाम विवेचना के दौरान पुलिस ने शामिल किया था। आजम खान के साथ बरकत ठेकेदार को भी दोषी माना गया है। डूंगरपुर मामले में 12 मुकदमें दर्ज किए गए थे।

### हिंदू लड़की और मुस्लिम...

दायर किया है। विवाह पंजीकरण अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के लिए उन्हें पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए। याचिका में कहा गया था कि युवती का पिता अंतर-जाति विवाह का विरोध कर रहा है। याचिका की सुनवाई के दौरान अनावेदक पिता की तरफ से बताया गया कि उसकी बेटी घर से सभी के आभूषण ले गई है। इसके अलावा वह मुस्लिम लड़के से अंतर जाति विवाह करती है तो समाज उसका बहिष्कार कर देगा।

---

### सपा, बसपा व अपना दल के दूसरे गुट ने की राजग प्रत्याशी की घेराबंदी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की अंतिम दौर की जंग में यूपी की मिर्जापुर लोकसभा सीट एक दल का गढ़ नहीं मानी गई है, जहां एक जून को मतदान कराया जाएगा। इस सीट पर भाजपानीत राजग गठबंधन की ओर से अपना दल(सोनेलाल) की प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से चुनावी जंग में है। वहीं अनुप्रिया की हैट्रिक रोकने के लिए उसके खिलाफ विपक्षी दलों ने जिस प्रकार से जातीगत समीकरण के आधार पर सियासी चक्रव्यूह रचा है, वह केंद्रीय मंत्री के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। दरअसल इंडिया गठबंधन की ओर से सपा ने पहले से घोषित प्रत्याशी को ऐनवक्त पर बदलकर पटेल के खिलाफ भदोही के मौजूदा भाजपा सांसद रमेशचंद बिंद अपना प्रत्याशी बनाकर चुनावी मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम वोटबैंक साधते हुए ब्राह्मण प्रत्याशी के रुप में मनीष त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारकर इस चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय मुकाबले में ले जाने की कोशिश की है, तो अपना दल के दूसरे गुट ने भी अनुप्रिया की घेराबंदी करने के मकसद से अपना प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारा है। माना जा रहा है कि इस सीट पर जातीय समीकरण हावी होने के कारण राजग की संयुक्त प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के लिए इस बार चुनावी राह कांटोंभरी हो सकती है? यूपी के पूर्वांचल की मिर्जापुर लोकसभा सीट के दायरे में आने वाली पांचों विधानसभा सीटों राजग के विधायक काबिज है, जिसमें मिर्जापुर, चुनार और मरिहान पर भाजपा, मझवान पर निषाद पार्टी और छानबे (सु) विधानसभा सीट पर अपना दल (एस) का विधायक काबिज है। इस सीट पर पिछले दो चुनाव जीतकर सांसद बनी अनुप्रिया पटेल की इस बार जातीगत समीकरण के आधार इंडी गठबंधन में शामिल सपा के अलावा बसपा ने अपने प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।

अवेयरनेस / अनुराग मनींद्र

# हम भी रखें स्वच्छ-सुरक्षित पर्यावरण

हम सभी के स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। इस तरह पर्यावरण हमारे लिए प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसे हमें संजो कर रखना चाहिए। पर्यावरण को संरक्षित करने में हम अपना योगदान कैसे दे सकते हैं, जानो इस जरूरी बात को।



अपने स्कूल की छुट्टी के बाद आरव और अयान दोनों चॉकलेट खाते हुए वापस घर आ रहे थे। चॉकलेट खत्म होने के बाद आरव ने उसके रैपर को मोड़कर अपनी जेब में यह सोचकर रख लिया कि रास्ते में जहां कहीं भी डस्टबिन मिलेगा, उसमें इसे डाल देगा। जबकि अयान ने रैपर को यूं ही रास्ते में फेंक दिया। उसे ऐसा करते देख आरव ने टोका, 'अयान, ये गलत बात है न! याद करो, क्लास में टीचर जी ने पर्यावरण और उसकी स्वच्छता के बारे में क्या समझाया था?' अयान को अपनी भूल का एहसास हुआ। वह बोला, 'आगे से इस बात का ध्यान रखूंगा कि कोई ऐसा काम ना करूं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचे। मेरी यह भी कोशिश होगी, पर्यावरण स्वच्छ रखने में अपना योगदान दूं।'

## पर्यावरण का अर्थ

बच्चों, पर्यावरण दो शब्दों 'परि' और 'आवरण' के मिलने से बना है। यहां 'परि' का अर्थ है 'चारों ओर' और 'आवरण' का अर्थ है- 'जिससे हम घिरे हुए हैं' या 'जो हमारे चारों ओर फैला हुआ है।' मतलब, हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक (लिविंग) और अजैविक (नॉन-लिविंग) घटकों, जैसे- मिट्टी, हवा, पानी, सूरज की रोशनी, पेड़-पौधे, जीव-जंतु इन सभी से मिलकर हमारा पर्यावरण यानी 'एनवॉयर्नमेंट' बना है।

## विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत

**बच्चों, तुम** सोचते होगे कि विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत कब से हुई। पर्यावरण के प्रति विश्व में जागरूकता लाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सन 1972 में 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की। अगले वर्ष 5 जून 1973 को पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। तब से प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जगह-जगह पर्यावरण से जुड़े सेमिनार होते हैं, लोग पेड़-पौधे लगाते हैं।

## पर्यावरण का महत्व

पर्यावरण का अर्थ समझने के बाद तुमको इसके महत्व के बारे में भी जानना जरूरी है। पर्यावरण ना सिर्फ हम इंसानों बल्कि हर जीवित प्राणी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। हम सभी भोजन, पानी, आवास और अन्य जरूरतों के लिए किसी न किसी रूप में पर्यावरण पर निर्भर हैं। इसलिए हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में अपना योगदान दें।

## हमारी गतिविधियों का प्रभाव

बच्चों, हमारी कई सारी आदतों का सीधा या दूरगामी प्रभाव हमारे पर्यावरण पर पड़ता है। पेड़ लगाना, पानी बचाना, अपने आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखना, ये आदतें पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। कहने का मतलब, इससे पर्यावरण शुद्ध रहता है। वहीं दूसरी तरफ, पेड़ों की कटाई, पानी की बर्बादी या इसे दूषित करना, अपने आस-पास गंदगी फैलाने जैसी आदतें हमारे पर्यावरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं। इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है।



## इस वर्ष के पर्यावरण दिवस की थीम

**प्रत्येक वर्ष** पर्यावरण दिवस की एक 'थीम' निर्धारित की जाती है। यह थीम विभिन्न पर्यावरण संबंधी आंकड़ों, पर्यावरण को प्रभावित करने वाले कारकों और पर्यावरण संबंधी लक्ष्यों के पूरा करने के लिए तय की जाती है। वर्ष 2024 के लिए पर्यावरण दिवस की थीम है 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता'। इस थीम का उद्देश्य है, मरुस्थलीकरण की समस्या के समाधान की दिशा में प्रयास करना। पृथ्वी पर मिट्टी के क्षरण को रोकना ताकि पृथ्वी की उर्वरा शक्ति बनी रहे, पेड़-पौधों की संख्या बढ़े, खाने-पीने के लिए फल, सब्जी और अनाज प्रचुर मात्रा में उपजें।

## बच्चे भी दे सकते हैं अपना योगदान

**बच्चों, तुम** भी कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अपने डेली-रूटीन में शामिल करके एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हो। जैसे-

- अपने फ्लैट में गमलों में पौधे लगाकर या अगर घर बड़ा है, सुंदर-सा बगीचा बनाया जा सकता है तो इसमें पेड़-पौधे लगाओ। इसकी नियमित देखभाल भी करो ताकि ये सूखे, मुरझाएं नहीं, हमेशा हरे-भरे बने रहें।



- उपयोग न होने की स्थिति में घर की लाइट्स, पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के स्विच बंद करने की आदत बनाओ।
- अपने आस-पास साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखो। कूड़ा-करकट इधर-उधर न बिखेरो, इसे हमेशा कूड़ेदान में ही डालो।
- नहाते और ब्रश करते समय इस बात का ध्यान रखो कि पानी की बेवजह बर्बादी न हो।
- कागज को यूं ही बर्बाद मत करो। कुछ बच्चे अपनी नोटबुक के कई सारे पन्ने यूं ही सादा छोड़ देते हैं या आधे लिखे पन्ने को फाड़कर फेंक देते हैं। याद रखो, कागज बनाने के लिए पेड़ काटे जाते हैं। इसलिए अपनी नोटबुक्स का इस्तेमाल किफायत से करो।
- जब भी खाली समय मिले तो कुछ समय बगीचे में या पार्क में बिताओ। इससे तुम स्वस्थ रहोगे, साथ ही तुम्हें नेचर और एनवॉयर्नमेंट को समझने का मौका भी मिलेगा।
- पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के उपायों को जानो और समझो। साथ ही इसे अपने दोस्तों को भी बताओ, ताकि वे भी पर्यावरण-संरक्षण में अपना योगदान दें। *

साइंस नॉलेज / नयनतारा

बच्चों, तुम्हारे मन में कभी यह सवाल जरूर आता होगा कि पृथ्वी पर पेड़-पौधों की उत्पत्ति कैसे और कब हुई? जानो, पेड़-पौधों की रोचक विकास यात्रा के बारे में।

# पेड़-पौधों की रोचक विकास यात्रा

बच्चों, पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां और जंगल, ये हर किसी के मन को भाते हैं। लेकिन आज जो पेड़-पौधे हमें दिखते हैं, वो हमेशा से ऐसे नहीं थे। ये पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां और जंगल विकास के विभिन्न चरणों से गुजरते हुए अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचे हैं।

**पहले जल में था पौधों का जीवन :** वैज्ञानिकों का मानना है कि दो बिलियन वर्षों से भी पहले, जब पृथ्वी पर जीवन का आरंभ हुआ, तब जमीन बंजर और जीवनरहित थी। उस समय पौधों का जीवन केवल समुद्र और अन्य जलीय स्रोतों में ही था।



**पृथ्वी पर पौधों की उत्पत्ति :** लगभग 42,50,00,000 वर्ष पहले कुछ छोटे-छोटे हरे पौधे जमीन पर आए। वह संभवतः किसी प्रकार की ग्रीन सी वीड्स (एल्गी या काई) से विकसित हुए थे। ये शुरुआती पौधे कुछ-कुछ सेवार (मॉस), लीवरवॉर्ट्स और हॉर्नवॉर्ट्स जैसे दिखाई देते थे, जिन्हें आज हम नमी भरी, छायादार जगहों पर उगता हुआ देखते हैं।

**जटिल पौधों का विकास :** लगभग 40,00,00,000 वर्ष पहले अधिक जटिल पौधे (कॉम्प्लेक्स प्लांट्स) विकसित हुए। ये पौधे आधुनिक फर्न, हॉर्सटेल और क्लब मॉस जैसे दिखाई देते थे। फर्न पहले पौधे थे, जिनमें जड़, तना और पत्तियां आईं।



**जुरासिक पीरियड के पेड़-पौधे :** जुरासिक काल में जब पृथ्वी पर पहले-पहल डायनासोर का अस्तित्व प्रारंभ हुआ, तब सीड फर्न, जिंकगोज, सायकड और कोर्डियाटेल्स के विशाल जंगल जमीन पर फैले पड़े थे। ये शुरुआती पेड़ थे, जो बीजों से उत्पन्न हुए थे और बाद में जंगलों में फैलते गए।

**देवदार और अन्य शंकुधर पेड़ों की उत्पत्ति :** लगभग 30,00,00,000 वर्ष पहले देवदार, सनोबर, सरो, स्प्रूस, हेमलॉक, रेडवुड जैसे पेड़ों का अस्तित्व प्रारंभ हुआ। ये बीजधारी पेड़ थे, इनके बीजों से ही इनकी उत्पत्ति और इनका विस्तार होता गया। म्यूटेशन के विभिन्न चरणों से गुजरने के बावजूद आज भी ये पेड़ लगभग अपने पुराने रूप में ही पाए जाते हैं।



**फूलों वाले पौधों का विकास :** लगभग 15 लाख वर्ष पहले शुरुआती फूलों वाले पौधे विकसित हुए। उनके सुरक्षित 'कवर्ड' बीज उन्हें अन्य पौधों से बेहतर बना देते हैं। इन्हीं बीजों की वजह से इनकी संख्या और प्रकार में वृद्धि हुई। आज तो अलग-अलग किस्म के फूल वाले पौधे लगभग हर जगह मौजूद हैं। *

## जीके क्विज- 106



1. विश्व साइकिल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में 29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया है?
3. पेरिस ओलंपिक-2024 के लिए किस भारतीय को मशाल वाहक के रूप में चुना गया?
4. सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
5. मंगोलिया की राजधानी का क्या नाम है?
6. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
7. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
8. 'पुलित्जर पुरस्कार' का संबंध किस क्षेत्र से है?
9. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?
10. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?

बच्चों, जीके क्विज-106 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-105 का उत्तर :** 1.सुनील छेत्री, 2.झारखंड, 3.प्रशांत महासागर, 4.स्वामी विवेकानंद, 5.स्टेपीज, 6.आईजैक न्यूटन, 7.सोडियम क्लोराइड, 8.हेनरी कैवेंडिश, 9.शतरंज, 10.विलियम शेक्सपीयर

**जीके क्विज-105 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, शुभम-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, सरबजीत-करनाल, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले



**मोनू (राजू से) :** तुम सोनू से बात मत किया करो, वह बहुत झूठ बोलता है। वैसे, सोनू तुमसे क्या कह रहा था?
**राजू :** वो तुम्हारी तारीफ कर रहा था। कह रहा था, सोनू बहुत अच्छा लड़का है।
-सौम्या, रायपुर

**हिंदी टीचर :** स्वर और व्यंजन में क्या फर्क होता है?
**अमन :** स्वर मुंह से बाहर निकलता है और व्यंजन मुंह के अंदर जाता है।
-अंकुश, धमतरी

**चिंटू :** बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था।
**मिंटू :** इतने ध्यान से क्या देख रहे हो?
**चिंटू :** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
-आकाश, रोहतक

दिशा ने एक दिन अपने सभी फ्रेंड्स से कहा कि वह अपने बगीचे का जन्मदिन मनाएगी, सभी उसके घर जरूर आएं। हालांकि फ्रेंड्स को बगीचे के जन्मदिन की बात बड़ी अजीब लगी फिर भी वे दिशा के घर गए। क्या दिशा ने सचमुच बगीचे का जन्मदिन मनाया?

# बगीचे का जन्मदिन

कहानी
संदीप पांडे



दिशा ने स्कूल में अपने सभी क्लासमेट्स को जब यह बताया कि दो दिन बाद वह अपने घर के छोटे-से बगीचे का जन्मदिन मनाएगी, तो सब यह सुनकर चौंके, 'बगीचे का जन्मदिन!' दिशा ने सभी से बगीचे के बर्थ-डे पर आने को कहा। उसने अपनी कॉलोनी के फ्रेंड्स को भी बगीचे के जन्मदिन पर आमंत्रित किया था। बगीचे का बर्थ-डे वाली बात सुनकर रोहन बाकी दोस्तों से बोला, 'दो महीने पहले दिशा ने अपनी पालतू बिल्लियों का भी जन्मदिन मनाया था। कहीं ऐसा तो नहीं कि दिशा अपने आप को कुछ अलग और खास दिखाना चाहती है।'

यह सुनकर सब ने रोहन की हां में हां मिलाई। लेकिन कुछ बच्चों के दिमाग में आया कि कहीं इस बार दिशा उन्हें बेवकूफ तो नहीं बना रही है? लेकिन एक दिन बाद दिशा ने फिर से सबको दोबारा याद दिलाया,'सबको बगीचे के जन्मदिन पर जरूर आना ही है।' साथ ही उसने यह भी कहा, 'किसी को भी गिफ्ट्स वगैरह लेकर नहीं आना है। अपने साथ बस एक-एक बोतल पानी लेकर आना है।'

दिशा के बार-बार कहने की वजह से सबको बेमन से उसके घर जाना ही पड़ा। सब एक-एक बोतल पानी लेकर उसके घर पहुंचे। दिशा के घर का छोटा-सा बगीचा खूब अच्छे से सजा हुआ था। दिशा ने आर्ट एंड क्राफ्ट में जो-जो बनाना सीखा था, उससे बगीचा सजाकर उसे और भी मनमोहक बना रखा था। सजावट की वजह से बगीचे के फूल भी बहुत ही खूबसूरत लग रहे थे। दिशा ने पहले सबको बगीचे के नीबू का शरबत पिलाया। इसी के साथ सबने बगीचे में लगे अमरूदों को भी मजे से खाया। इसके बाद सबको पकौड़े खाने को मिले फिर केक काटा गया। बच्चों ने 'हैप्पी बर्थ-डे' बोलते हुए बगीचे के पेड़-पौधों पर अपनी-अपनी बोतलों से पानी छिड़का।

दिशा ने सबको एक डब्बा दिया, जिसमें कुछ पर्चियां रखी थीं। सबको एक-एक पर्ची निकालकर उसमें लिखी एक्टिविटी करनी थी। किसी को फूल पर कविता सुनानी थी, किसी को तितली पर, किसी को कहानी सुनानी थी। सबने अपनी-अपनी पर्ची में लिखी एक्टिविटी करके दिखाया। हर बच्चे की एक्टिविटी पर खूब तालियां बज रही थीं। दिशा के बगीचे में खूब रौनक और धूम-धाम हो गई थी।

सभी बच्चों को इतना मजा आ रहा था कि उनका अपने-अपने घर जाने का मन ही नहीं हो रहा था। धूम-धाम से बगीचे का जन्मदिन मनाने के बाद जब दिशा के फ्रेंड्स अपने-अपने घर जाने लगे, तो दिशा के दादाजी ने हर बच्चे को एक-एक प्यारा-सा टिफिन बॉक्स उपहार में दिया। दिशा ने अपने सभी फ्रेंड्स को एक-एक गमला दिया, जिसमें फूल खिले हुए थे।

रोहन ने दिशा से कहा, 'दिशा, हमें तुम पर गर्व है। अब हम भी अपने घर के बरामदे में फूल लगाकर तितलियों को अपने घर बुलाएंगे।'

अपने घर जाते समय सभी बच्चों ने एक साथ दिशा के बगीचे से 'हैप्पी बर्थ-डे अगेन' कहा। यह सुनकर दिशा को महसूस हुआ, उसका बगीचा और भी अधिक खिला-खिला लग रहा है। *

कविता / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

# बादल बोले



टिपिर-टिपिर कर बरस रहा था,
आसमान से पानी।
पानी का अकाल है क्या जी?
मुझको थी हैरानी!
सुबक-सुबक कर बादल बोले,
'हम तो बस रोते हैं।
दुनिया की हरकतें देख, बोझा
मन पर ढोते हैं।
पेड़ कट गए, भटक रहे हैं,
पशु-पक्षी बेचारे।
तुम तो एसी में बैठे, ये
फिरते मारे-मारे।
धरती औ' पहाड़ तपते हैं,
कहो, कहां ये जाएं?
पेड़ लगाओ ढेरों सारे,
कैसे यह समझाएं?'
समझ गए हम, वादा करते,
सुन मन ही मन हरसे।
ढेरों बादल हुए इकट्ठे,
खूब झमाझम बरसे।

## रंग भरो-151

**रंग भरो-151** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






यश, रोहतक



पृथ्वीराज, बिलासपुर



रितेश, मटियारी



परिधि, रोहतक



पलक, धमतरी



मयंक, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भावन्या-भिलाई, दिव्यांश-दुर्ग, सृष्टि-रायपुर, भूमिका-बालोदा बाजार, रेयांश-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, प्रज्ञा-कोंडागांव, सुयश-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, भानवी-दुर्ग, तक्षित-बिलासपुर, पवित्रा-फिंगेश्वर, योगिता-कोरबा, उदय-बालोद

## रंग भरो 152

बच्चों, इस चित्र में टीना, फूलों वाले पौधे पर पानी डाल रही है। पास ही एक तितली मंडरा रही है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## रास्ता खोजो

बच्चों, पर्यावरण दिवस के अवसर पर हर्ष और खुशी गार्डन में पौधा लगा रहे हैं। अंश पौधे में पानी डालने के लिए हजारा लेने गया था, जब लौटने लगा तो गार्डन का रास्ता भूल गया। तुम अंश को गार्डन में हर्ष-खुशी तक पहुंचने में मदद तो करो।



# 2019 में कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में दलित परिवार के सदस्य की हुई थी हत्या, लेकिन तत्कालीन मंत्री-मुख्यमंत्री परिवार को सांत्वना देने भी नहीं पहुंचे

- भाजपा विधायक लारिया ने भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में की प्रेसवार्ता
- कहा-कांग्रेस मामले में राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही
- पीड़ित परिवार के साथ भाजपा खड़ी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रदीप लारिया ने बुधवार को भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ोदिया नोनागिर में हुई घटना में पीड़ित परिवार के साथ पूरा भाजपा परिवार खड़ा है। इसी परिवार के धनप्रसाद को आरोपियों ने 2019 में कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में जिंदा जलाकर मार डाला था, लेकिन कांग्रेस का एक भी नेता, मंत्री या मुख्यमंत्री पीड़ित परिवार को सांत्वना देने नहीं पहुंचे थे। अब कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी परिवार से मुलाकात कर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। पिछली बार हुई घटना के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा था कि मैं पीड़ित परिवार से राखी बंधवाऊंगा, लेकिन उसके बाद पीड़ित परिवार किस हाल में है, पता नहीं किया। विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 2019 में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की, जिसकी वजह से सागर के बड़ोदिया नोनागिर में दुखद घटना घटी। पीड़ित परिवार की जिस लड़की की अभी एंबुलेंस से गिरने से मौत हुई है, उसकी शिकायत पर सागर पुलिस ने 27/2019 नंबर पर सामान्य मारपीट का मामला दर्ज किया था। पीड़िता ने छेड़छाड़ की भी शिकायत की थी, लेकिन तत्कालीन कमलनाथ सरकार में पीड़िता की कोई सुनवाई नहीं हुई थी। अगर कमलनाथ सरकार में आरोपियों के खिलाफ समुचित कार्रवाई हो जाती तो सागर के बड़ोदिया नोनागिर में इतनी दुखद घटना नहीं घटती।



### राजस्थान में कांग्रेस सरकार में दलितों पर 8 हजार हमले हुए

*विधायक लारिया ने कहा कि सागर की घटना को लेकर राहुल गांधी बात कर रहें है, प्रियंका गांधी वाड्रा ट्वीट कर रही हैं, लेकिन जब मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब राजगढ़ में एक नाबालिग बेटी को जिंदा जला दिया गया। छिंदवाड़ा में एक बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर दी गई। शिवपुरी में दलितों के दो मासूम बच्चों को मार डाला गया। अलीराजपुर में एक आदिवासी की पिटाई कर उसे जूते में भरकर पेशाब पिलाई गई, लेकिन राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने किसी भी पीड़ित परिवार का हाल नहीं जाना। कांग्रेस सरकार के दौरान राजस्थान में दलितों पर करीब 8 हजार हमले हुए। यह आंकड़े नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के हैं। कांग्रेस नेता और प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के खिलाफ महिला संबंधी अपराध दर्ज है। इन मामलों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल और प्रियंका गांधी ने कभी कोई बयान नहीं दिया और न ही कोई ट्वीट किया। भाजपा सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। मप्र में नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म करने वालों को फांसी देने का प्रावधान भी भाजपा की सरकार ने ही किया है।*

### षड्यंत्र में शामिल आरोपियों के खिलाफ पुलिस कारवाई करेः भूपेंद्र

सागर बरोदिया नोनागिर दलित हत्याकांड में पूर्व गृहमंत्री और खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अंजना अहिरवार का कूदकर आत्महत्या करना दुखद है। अंजना अहिरवार को बेटी समान बताते हुए भूपेंद्र सिंह ने पिछले साल की घटना को याद किया। उन्होंने कहा कि अंजना अहिरवार के भाई की हत्या हुई थी। घटना के बाद पीड़ित परिवार से मुलाकात करने गांव गया था। दोनों घटनाएं दुखद हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस के नेता और अपराधी इमरान ने उकसाने का काम किया है। अंजना अहिरवार को शव रखकर प्रदर्शन करने की सलाह दी थी। उन्होंने पुलिस से फोन का सीडीआर निकलवा कर जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जांच से पता चल जाएगा कि किन-किन लोगों ने फोन किए और अंजना अहिरवार को कूदने के लिए उकसाया। षड्यंत्र में शामिल आरोपियों के खिलाफ पुलिस कारवाई करे। पुलिस दोनों पक्षों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कारवाई करने की उन्होंने मांग की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जालंधर में जनसभा में विपक्ष पर साधा निशाना

# कांग्रेस ने देश का बंटवारा कर देश को कलंकित करने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को पंजाब के जालंधर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जालंधर नॉर्थ विधानसभा के किला मोहल्ला में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिंदू धर्म और हमारे श्रद्धा के केंद्रों पर हमेशा से हमले होते रहे हैं। कांग्रेस ने देश का बंटवारा करके देश को कलंकित करने का काम किया है।

कांग्रेस ने देश का बंटवारा करवाया। कश्मीर में धारा-370 लागू की। इससे बड़ा महापाप कांग्रेस ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण में अड़ंगे लगाकर किया है और अब तक वहां पर दर्शन करने के लिए भी नहीं गए हैं। कांग्रेस ने वर्षों तक देश पर राज किया, लेकिन वे देश से गरीब नहीं हटा पाए और अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि इस बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाया तो वे देश से गरीब हटा देंगे। इस बार चुनाव की इस बेला में एक नया इतिहास बनने वाला है। ये चुनाव देश को गौरवान्वित करने के लिए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इससे पहले पत्रकार वार्ता को संबोधित कर गणमान्य नागरिकों से संवाद भी किया।



### आरक्षण के मसले पर कांग्रेस ने गुमराह किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आरक्षण के मसले पर जितना कांग्रेस ने जनता को गुमराह किया है, उतना किसी ने नहीं किया। काका कालेलकर की रिपोर्ट कब आई थी, जिस प्रकार हमने एक-एक चीज का जवाब देकर अपनी बात रखी है वो भी करें। हमने 50 प्रतिशत आरक्षण रखा। सामान्य वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण भाजपा ने दिया। कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश हो रहा है, इसलिए जनता की बात का भरोसा नहीं कर रही है। मैं निश्चित रूप से लिख कर दे सकता हूं। 4 तारीख के बाद राहुल गांधी विदेश यात्रा पर जाएंगे। 2 तारीख को अरविंद केजरीवाल जेल यात्रा पर जाएंगे।

### लोकतंत्र में किसी को भी मिल सकता है अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के दुश्मनों से निपटना और देश में घुसकर मारने की हिम्मत पीएम नरेंद्र मोदी ने दिखाई है। अमेरिका इजरायल के बाद तीसरा देश भारत है, जिसने दुश्मनों को उनके देश की सीमा में घुसकर जवाब दिया है। हमारी सरकार जो कहती है, वो करती है इसी कारण जनता का भरोसा भी सरकार पर बना है और सबका साथ, सबका विकास.. कहने के लिए नहीं है, करके दिखाते हैं। इसका उदाहरण मैं हूं। मोदी बार-बार ये बात कहते हैं कि लोकतंत्र में किसी को भी अवसर मिल सकता है। राजाओं का शासन काल चला गया है। 600 रियासतों का लोकतंत्र में विलय हुआ।

### कांग्रेस और उसके साथ वालों के हौसले पस्त दिख रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीवारों पर लिखी हुई बात इबारत की तरह दिख रहा है, यह चुनाव चुनौती वाला रहा है। कांग्रेस और उनके साथ वाले के हौसले पस्त दिख रहे हैं। इस बार राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी ने भी उस सीट से लड़ने के लिए मना कर दिया। केरल से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी रायबरेली और अमेठी सीट से लड़ने चले थे।

### कांग्रेस डराने की राजनीति करती है

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस शुरू से डराकर अपनी बात बताती है। बात के जरिए सिर्फ माहौल गंदा करना जानती है। 2019 में 303 सीट तो हमने जीती और सभी को मिलाकर 400 सीट से सरकार चली और कहते है संविधान खतरे में है। कांग्रेस डराने की राजनीति करती है पोल खुल चुकी है, जनता सब जानती है। कांग्रेस का अतीत इतना काला रहा है सब जानते है।*

### जो अंदर से खोखले हैं,वे बाहर क्या बोलेंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन ने लोकतंत्र को भी मजाक बना दिया है। एक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल हो गई है, लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा। अब वे फिर से जेल यात्रा पर जाने वाले हैं। जो अंदर से खोखले हैं वह बाहर क्या बोलेंगे।*

## चरित्र शक से परेशान पत्नी ने भतीजे के साथ मिलकर पति की हत्या की

■ पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। पति के चरित्र शक करने से तंग आकर पत्नी ने खौफनाक कदम उठाया। बड़ी चालाकी से पत्नी ने अपने ही पति की हत्या करवा दी। मामले में आरोपी पत्नी, साली के बेटे और दो नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। आमानाका थाना क्षेत्रांतर्गत छह दिन पहले एक अज्ञात शव मिला था। लाश में काफी चोट के निशान मिले। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। मृतक की पहचान कल्याण यादव (गार्ड) टाटीबंध निवासी के रूप में हुई। मृतक के घर वाले उसकी पत्नि रोहिणी यादव और बच्चों के साथ ही अन्य परिवारीक रिश्तोदारों से बारीकी से पुछताछ की गई।

## श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ता में की गई वृद्धि

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग की ओर से विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक अप्रैल 2024 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। अब श्रमिकों के लिए एक अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 तक न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई है। इसमें अकुशल 'अ' श्रमिक वर्ग के लिए प्रतिमाह 10,900 रुपए, 'ब' वर्ग के लिए 10,640 रुपए और 'स' वर्ग के लिए 10,380 रुपए निर्धारित की गई है। अर्द्धकुशल 'अ' वर्ग के लिए 11,550 रुपए, 'ब' वर्ग के लिए 11,290 रुपए और 'स' वर्ग के लिए 11,030 रुपए निर्धारित की गई है। कुशल 'अ' वर्ग के लिए 12,330 रुपए, 'ब' के लिए 12,070 रुपए और 'स' के लिए 11,810 रुपए निर्धारित की गई है। इसी प्रकार उच्च कुशल 'अ' वर्ग के लिए 13,110 रुपये, 'ब' के लिए 12,850 रुपये और 'स' वर्ग के लिए 12,590 रुपये किया गया है।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम** : नामालूम, **पुत्र** : नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र** : 60 साल, **कद** : 5 फुट 7 इंच, **रंग** : गेहूँआ, **पहनावा** : जिसने सफेद रंग का शर्ट व ब्लू कलर का लोअर पैजामा **मिलने का स्थानः** जो गेट नंबर 7, नई दिल्ली एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली से बेहोशी की हालत में मिला, जिसे एलएनजेपी अस्पताल में इलाज के लिये लाया गया जहां 27.05.2024 को इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई। इस संदर्भ में **डी. डी. नं. 3ए, दिनांक 27.05.2024** थाना आईजीआईए मेट्रो, दिल्ली में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना : आईजीआईए मेट्रो, दिल्ली**
**फोनः 8375900763,9871101140**

DP/6366/Metro/2024



## आईएसएफ लिमिटेड

प्लॉट नं. 13, केएच. नं. 33/7, गांव अम्बेरहई, पोल नं. जे967, सेक्टर-19, द्वारका, दिल्ली-110077
CIN NO : L74899DL1988PLC076648 email id to info@isflimited.in, Phone no 0120-3226522 , 9105535135

**31 मार्च 2024 को समाप्त चतुर्थ तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रु. लाख में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31-03-2024 | समाप्त वर्ष 31-03-2024 | समाप्त तिमाही 31-03-2023 |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 34.84 | 202.33 | 39.73 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ | -87.69 | -73.88 | -15.47 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद) | -87.69 | -73.88 | -15.47 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक) | 95000000 | 95000000 | 95000000 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | 466.60 | |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | -0.0923 | -0.0778 | -0.0163 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों के बाद) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | -0.0923 | -0.0778 | -0.0163 |

**टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.isflimited.in) पर उपलब्ध है।**

1) कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 संशोधित अनुसार के तहत अधिसूचित लेखा मानकों (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
2) उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 30.05.2024 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर लिये गये और रिकार्ड पर ले लिये गये हैं।
3) IND-AS 108 में परिभाषित अनुसार सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू योग्य नहीं है क्योंकि कम्पनी का सम्पूर्ण प्रचालन केवल एक सेगमेंट से सम्बन्धित है।
4) आंकड़े आवश्यकतानुसार रिग्रुप्ड/रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
5) उपरोक्त प्रस्तुत अवधियों हेतु कोई अन्य व्यापक आय नहीं है।

कृते आईएसएफ लिमिटेड
हस्ता/-
मनीषा सक्सेना
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30.05.2024


## बर्बाद फसलों का तीन लाख रुपए प्रति हेक्टेयर दिया जाए मुआवजाः अरुण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री और भारत कृषक समाज के अध्यक्ष अरूण यादव ने प्राकृतिक आपदा से निमाड़ अंचल सहित प्रदेश के कई इलाकों में करोड़ों रुपए की लागत से खेतों में खड़ी हुई फसलों की बर्बादी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। यादव ने बुधवार को बुरहानपुर जिले के कई गांवों में जाकर केले और अन्य फसलों की बर्बादी देखी। इसके बाद यादव ने कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुरहानपुर कलेक्टर भव्या मित्तल से भेंट कर किसानों को हरसंभव सहायता और मुआवजा राशि देने की मांग की। यादव ने सरकार से मांग की कि हवा, आंधी और बारिश से बर्बाद फसलों का किसानों को 3 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों के बिजली बिल और कर्ज माफ करने की मांग की है। साथ ही किसानों की बैंकों की वसूली को भी स्थगित रखने की मांग की है।



## जेएनयू में प्रो पूनम कुमारी द्वारा संपादित 'विकसित भारत की ओर' पुस्तक एवम कॉफी टेबल बुक का सफल लोकार्पण



**नई दिल्ली।** 29 मई, 2024 को जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय में प्रो. पूनम कुमारी की पुस्तक ₹विकसित भारत की ओर₹ का लोकार्पण संपन्न हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन किशोर मकवाना जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जेएनयू की भाषा, संस्कृति विभाग की अधिष्ठाता प्रो शोभा शिवशंकरन की भी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता किशोर मकवाना जी ने पुस्तक और कॉफी टेबल बुक पर बात करते हुए करते हुए बताया कि मोदी सरकार की योजनाओं एवम् विकसित भारत की संकल्पना पर लिखी गई यह सबसे प्रभावी पुस्तक है। जिसमें तथ्यात्मक विश्लेषण के साथ विकसित भारत के विजन को व्याख्यायित किया गया है। नए भारत की बदलती तस्वीर को पुस्तक में बखूबी दर्शाया गया है।प्रो शोबा शिवशंकरन जी ने विकसित भारत की संकल्पना को प्रधानमंत्री मोदी की मस्तिष्क की उपज बताया। विकसित भारत की ओर पुस्तक को उन्होंने बेहतरीन पुस्तक के रूप में सराहा।पुस्तक और कॉफी टेबल बुक पर बोलते हुए प्रो. पूनम कुमारी ने बताया कि मोदी सरकार के विकसित भारत अभियान पर अब तक लिखी गई यह पहली पुस्तक है। मोदी जी ने विकसित भारत का संकल्प लेते हुए इसे हर भारतीय का संकल्प बना दिया है। ठीक वैसे ही जैसे गाँधी जी ने आजादी की लड़ाई को हर भारतीय का संघर्ष बना दिया था ।प्रो. पूनम ने बताया कि इस पुस्तक में मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत के विकसित होने और 5 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने की यात्रा का विस्तार से वर्णन है। इस पुस्तक में अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, साइंस एंड टेक्नोलॉजी सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। प्रो कुमारी का वक्तव्य इस बात पर केंद्रित रहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत में कई सकारात्मक आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं जिससे देश का अंतिम जन लाभान्वित हुआ है।

## अंतर्राष्ट्रीय पटल पर छाए टीएमयू एग्रीकल्चर के स्टुडेंट्स



**नई दिल्ली।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी- मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड साइंसेस के 23 स्टुडेंट्स को जर्मनी प्रशिक्षण प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर मिला है। हॉर्टिकल्चर वर्क प्रोग्राम एट जर्मनी के तहत छात्र जर्मनी देशों के होफ रोहरकास्टेन और एर्डबीरहोफ़ ओस्टरलोह फार्म में जाएंगे। तीन महीने के लिए जर्मनी जा रहे हर स्टुडेंट को 02 लाख प्रति माह वेतन मिलेगा। वहाँ वे आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत अनुसंधान विधियों और स्थायी खेती के सिस्टम के बारे में सीखेंगे। इससे न केवल उनकी शैक्षिक योग्यता में वृद्धि होगी, बल्कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में भी मदद मिलेगी। वहाँ वे विभिन्न कृषि परियोजनाओं में भाग लेंगे। उन्नत प्रयोगशालाओं में कार्य करेंगे और विशेषज्ञों से सीधे मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इन छात्रों का चयन एक कठोर प्रक्रिया के माध्यम से किया गया, जिसमें उनकी शैक्षिक प्रदर्शन, लिखित परीक्षा, मौखिक परीक्षा और समग्र विकास को ध्यान में रखा गया।


## WOODSVILLA LIMITED

**CIN :L55101DL1994PLC030472**
**Regd. Office:** E-4, IInd Floor, Defence Colony, New Delhi - 110024
**Tel:** 011-41552060 | **Website:** www.woodsvilla.in | **Email:** woodsvillaresort@gmail.com

**EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31.03.2024**

(₹ In Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 31.03.2024 (Audited) | Quarter Ended 31.12.2023 (Unaudited) | Quarter Ended 31.03.2023 (Audited) | Year Ended 31.03.2024 (Audited) | Year Ended 31.03.2023 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income | 22.35 | 13.25 | 5.99 | 70.69 | 94.99 |
| 2. | Net Profit before exceptional items and Tax | 0.75 | -0.45 | -2.12 | 1.16 | 2.05 |
| 3. | Net Profit after exceptional items and Tax | 0.75 | -0.45 | -2.12 | 1.16 | 2.05 |
| 4. | Net Profit/Loss after Tax* | 3.05 | -0.45 | -15.62 | 3.46 | -11.45 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Net of Tax) | 10.66 | 0.00 | 6.95 | 30.87 | 1.66 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 5/- per Share | 300.70 | 300.70 | 300.70 | 300.70 | 300.70 |
| 7. | Other Equity | | | 149.77 | | |
| 8. | Earnings per Share | | | | | |
| | 1) Basic | 0.01 | 0.07 | -0.14 | 0.01 | 0.16 |
| | 2) Diluted | 0.01 | 0.07 | -0.14 | 0.01 | 0.16 |

* There was no extra-ordinary item during the Quarter and Year Ended March 31,2024
** As at March 31, 2024
*** As at March 31, 2023
# Not Annualised

We declare that the Audit Report issues by the Statutory Auditors of the Company on the Quarterly and Annual Audited Financial Results for the period ended on March 31, 2024, was unmodified.

**Notes:**
1) The results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Company's Board of Directors at their respective meetings held on 30.05.2024.
2) The figures for the quarter ended 31st March 2024 represents the derived figures between the audited figures in respect of the year ended March 31, 2024 and the unaudited published period to date figures upto December 31, 2023, which was subjected to a limited review.
3) The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Yearly Audited Financial Results filed with stock exchange under regulation 33 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations,2015 read with SEBI Circular No. CIR/CFD/FAC/62/2016 dated July 5,2016.
The full format of Quarterly and Yearly Audited Financial Results is available on the website of BSE at www.bseindia.com and also on Company's Website at http://www.woodsvilla.in.
4) This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS), prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 & other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
5) The Company operates in single business segment namely Hospitality. Hence, no separate disclosure as per "Ind AS-108" is required for the Operating segment.
6) Previous period's figures have been regrouped / reclassified, wherever necessary to make them comparable with the current period / year.

For and on behalf of the Board
**Sd/-**
**Meena Aggarwal**
Whole Time Director

**Date:** 30.05.2024
**Place:** New Delhi


### गांव के कोटवार ने की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश, इसलिए हुआ विवाद

# ग्राम पंचायत बीजा में मामूली जमीन विवाद पर आदिवासी महिला को ट्रैक्टर से कुचला दो महिलाएं गंभीर घायल, इलाज के लिए बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

तखतपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बीजा में मामूली जमीन विवाद पर एक महिला को ट्रैक्टर से कुचल दिया। बताया जा रहा है कि गांव के कोटवार ने जमीनी विवाद को लेकर आदिवासी महिलाओं पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। घटना में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों महिलाओं को इलाज के लिए बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बीजा निवासी मनीराम गोंड का परिवार ग्राम पंचायत में स्थित सरकारी जमीन में खेती का कार्य करता है और पिछले 70-80 साल से उसका परिवार इसी पर निर्भर है, लेकिन गांव के कोटवार वीरेंद्र रजक द्वारा जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। गुरुवार को दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया और देखते-देखते यह विवाद जानलेवा हो गया। इलाज के लिए महिलाओं को बिलासपुर लेकर पहुंचे मनीराम गोड़ ने बताया कि कोटवार वीरेंद्र रजक लंबे समय से जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। 28 मई को जमीन के सीमांकन के लिए तहसीलदार और पटवारी आने वाले थे, लेकिन वे किसी कारणवश नहीं पहुंचे। इसके बाद कोटवार ने विवादित जमीन की जुताई करनी शुरू कर दी। इसे देखकर मनीराम का परिवार उसे मना करने मौके पर पहुंचा, तभी दोनों पक्षों में जमकर विवाद हो गया।

कोटवार पक्ष के लोगों ने महिलाओं की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान कोटवार ने ट्रैक्टर से महिलाओं को कुचलने की कोशिश भी की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है और मुख्य आरोपी और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। गंभीर रूप से घायल महिलाओं के परिजनों ने बताया कि सिम्स में उन्हें घंटों तक कोई डॉक्टर देखने के लिए नहीं आया, इसलिए वो अब निजी अस्पताल जा रहे हैं।

### पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी और उसके साथियों को किया गिरफ्तार



## चिंतन

# भारत के सामने हद में ही रहे पाक फौज

पाक परमाणु राष्ट्र है, इसके बावजूद पाकिस्तान को अपनी सैन्य शक्ति को लेकर किसी प्रकार का अति आत्मविश्वास नहीं होना चाहिए। पाक फौज का चरित्र कभी राष्ट्र रक्षा के लिए रहा ही नहीं है, पाक की फौज ने अपनी पूरी सैन्य ताकत का उपयोग केवल और केवल भारत से एकतरफा दुश्मनी निभाने में किया है, पाक फौज की प्राथमिकता कभी भी पाकिस्तान की रक्षा-सुरक्षा रही ही नहीं है। वह या तो पाक लोकतंत्र की गला घोंटने में लिप्त रही है या आतंकवाद को पालने-पोसने में। दुनिया में कोई फौज किस तरह अपने ही मुल्क का दुश्मन हो सकती है, इसका सबसे बढ़िया उदाहरण पाकिस्तान है। विदेश नीति से लेकर घरेलू सत्ता तक में पाकिस्तान की फौज बेजा दखल देती रही है। पाक फौज के सत्ता पर काबिज होने के अनेक उदाहरण हैं तो सरकारी संसाधन व ट्रेड में शामिल होने के साथ विदेश व रक्षा नीति पर एकाधिकार के भी। हार व सरेंडर वाली पाकिस्तानी फौज को भारत की सैन्य शक्ति के बारे में भी 'अच्छे से' पता है। भारत के साथ चार युद्धों में पाकिस्तान को अपनी सैन्य हार को कभी नहीं भूलना चाहिए। एक अच्छे राष्ट्र की पहचान इस बात से होती है कि वह अपनी गलतियों से सीखता है, उसे दोहराता नहीं है। हालांकि पाक फौज गलतियां दोहराने के लिए कुख्यात है। अपनी परमाणु क्षमता को लेकर पाकिस्तान का दंभ केवल पाकिस्तानी आवाम की खुशफहमी के लिए ठीक है, पर यह भारत के लिए गीदड़भभकी से ज्यादा कुछ नहीं है। क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो, तो पाकिस्तान को अपनी परमाणु बम क्षमता का राग नहीं अलापना चाहिए। समूची दुनिया को पता है कि उसने किस तरह परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल की है। भारत उससे पहले से परमाणु शक्ति संपन्न रहा है व इसके साथ ही वह जिम्मेदार परमाणु शक्ति भी है। भारत की नीति नो फर्स्ट यूज (एनएफयू) की रही है, भारत ने अनेक बार दोहराया है कि वह किसी भी स्थिति में पहले परमाणु अस्त्र का प्रयोग नहीं करेगा। हालांकि अभी एनएफयू की समीक्षा को लेकर भारत में मांग उठ रही है, पर सरकार ने इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भारत अभी भी एनएफयू पर कायम है। विश्व हिरोशिमा व नागासाकी का हश्र देख चुका है। पाकिस्तान के साथ जंग में भारत ने एक बार भी परमाणु बम के प्रयोग के बारे में सोचा तक नहीं। पाकिस्तान को अपने एटम बम के प्रयोग को लेकर अपनी नीति स्पष्ट करने का हक है, लेकिन यह भारत को धमकाने के अर्थ में कतई नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान की अगर नो फर्स्ट यूज नीति नहीं है, तो इसका भारत पर किसी तरह का असर नहीं पड़ेगा। भारत न केवल परमाणु बम शक्ति से लैस है, बल्कि इससे अधिक पावरफुल बम शक्ति से भी लैस है, भारत परमाणु पनडुब्बी भी संचालित कर रहा है। भारत ने आज तक पहले किसी भी मुल्क पर हमला नहीं किया है, बल्कि उसने पाक व चीन के हमले का डटकर सामना किया है। आज अगर पाक के पूर्व पीएम नवाज शरीफ पाकिस्तान की फौज को आईना दिखा रहे हैं कि उसने अतीत में भारत के खिलाफ समझौते का उल्लंघन किया है, तो पाक फौज को कम से कम अपने अतीत के कुकृत्यों का अवलोकन जरूर करना चाहिए। कारगिल जंग तो पूर्व पाक जनरल व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ की सनक ही थी। पाक सेना भूल से भी भारत को अपनी सामरिक ताकत की धौंस न दिखाए। पहले पाक बनने से लेकर अब तक की अपनी गलतियों का आत्म-अवलोकन करे और एक कुशल सैन्य तंत्र बनकर दिखाए, जो अपने राष्ट्र की सत्ता में दखल न देती हो।

## सारा संसार



लवासा वरसगांव झील के तट पर मौजूद है, जिसकी वजह से लवासा में एक नहीं बल्कि कई वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज आपको देखने के लिए मिल जाएंगी। इस जगह का आनंद लेने के लिए यहां मुंबई के लोगों के साथ-साथ अलग-अलग राज्यों से भी यहां लाखों टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस

डॉ. रमेश ठाकुर



# टीनएजर्स में तंबाकू की लत चिंता का विषय

31 मई को 'वर्ल्ड नो टोबैको डे' मनाया जाता है। वर्ष 1988 से ये दिवस अमल में आया। उससे एक वर्ष पूर्व 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तंबाकू के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और जनमानस को इसके नुकसान के बारे में जागरूक करने का निर्णय लिया था। पिछले साल 2023 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम थी, 'हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं, जबकि 2024 की थीम 'बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना' पर निर्धारित है। दरअसल, ये सब्जेक्ट उन नीतियों और उपायों की वकालत करने पर केंद्रित हैं जो तंबाकू उद्योग को हानिकारक तंबाकू उत्पादों के साथ युवाओं को लक्षित करने से रोकते हैं। लगातार दो वर्ष की थीम युवाओं पर केंद्रित रखने का संदेश यही है कि तंबाकू की लत से युवाओं को किसी भी सूरत में बचाया जाए और इसके दुष्परिणामों के बावत उन्हें जागरूक किया जाए। खैनी, तंबाकू या गुटखा खाने से सेहत को कितना नुकसान पहुंचता है। ये सब जानने के बावजूद भी लोग तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं औरबीमारियों को न्योता देते हैं। दिल्ली स्थिति 'एम्स' अस्पताल की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पिछले दो सालों में उन्होंने मुंह के कैंसर के सबसे केस रिपोर्ट किए, जिनमें युवओं की उम्र महस 18 से 25 वर्ष क बीच रही। निश्चित रूप से ये आंकड़े रोंगटे खड़े करते हैं। स्कूल-कॉलेज के बच्चों में तंबाकू खाने की बढ़ती लत ने अभिभावकों को खासा परेशान किया हुआ है। मादक पदार्थों की स्कूलों में ब्रिकी की खबरें अब आम हो गई हैं। देश तंबाकू पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाते? इस थ्योरी को समझने की जरूरत है। दरअसल, ये ऐसा कमाई का क्षेत्र है जिस पर सरकार जान बूझकर हाथ नहीं डालती? आबकारी विभाग सरकार का कमाऊ विभाग माना जाता है। यहां से दूसरी जगहों से कहीं ज्यादा रेवेन्यू प्राप्त होता है। तंबाकू पर जब छोटा सा मुल्क भूटान शिकंजा कस सकता है, तो अन्य देश क्यों नहीं? भूटान विश्व का पहला देश है जहां, तंबाकू की न खेती की इजाजत है और न ही तंबाकू के इस्तेमाल की? वर्ष 2004 में, भूटान तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और सभी निजी स्थानों पर धूम्रपान पर बैन करने को लेकर अव्वल दर्जा प्राप्त कर चुका है। भूटान जून 2010 में तंबाकू पर रोक लगाकर दुनिया के सबसे सख्त तंबाकू विरोधी कानूनों में से एक को लागू कर चुका है, इसलिए वहां तंबाकू से मौतें नहीं होती। दुनिया के 80 लाख लोग हर साल तंबाकू के खाने से मरते हैं। वहीं, भारतीय चिकित्सा रिपोर्ट के मुताबिक तंबाकू से 4 लाख से अधिक लोगों की मौत भारत में होती हैं। खैनी भारत में मृत्यु और बीमारी के प्रमुख कारणों में से एक है। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर आयोजित वार्षिक कार्यक्रम तंबाकू के दुष्परिणामों पर मंथन करते हैं और संभावित जन-हानियों पर प्रकाश भी डालते हैं। इनके परिणाम उतने नहीं निकलते, जितने की उम्मीदें रहती हैं। आज का खास दिन निश्चित रूप से तंबाकू नियंत्रण क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयासों को और संबल देता है। तंबाकू से बीमारियों के बढ़ते केसों को देखते हुए बच्चों और किशोरों में तंबाकू के सेवन की शुरुआत को कम करने के लिए तंबाकू और निकोटीन उत्पाद की कीमतें बढ़ाई जानी चाहिए। सभी तंबाकू और निकोटीन उत्पादों में मेन्थॉल सहित सभी स्वाद सामग्री को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, क्योंकि बिना सरकारी सख्ती से बात नहीं बनने वाली?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## जयंती

सीताराम व्यास

भारत में 31 मई 2024 से लोकमाता अहिल्या बाई का तीन सौवां जयंती समारोह प्रारम्भ होने जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सरकार्यवाह दत्ताजी ने भी सम्पूर्ण देश में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की जयंती मनाने का आह्वान किया है। देवी का जीवन भारत की नारी सशक्तीकरण में प्रेरणादायी रहेगा। देवी आहिल्या बाई का व्यक्तित्व बहुआयामी था। देवी में प्रशासकीय योग्यता, वीरता, युद्ध कौशल, कूटनीतिज्ञता, न्याय परायणता, दानशीलता आदि गुण में थे। अहिल्या बाई को पूर्णावतार कहा जाना अतिशयोक्ति नहीं होगी। अहिल्या को सीमाओं में बांधकर नहीं रखा जा सकता। वे सम्पूर्ण भारत की स्त्री जाति के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

# स्त्रीशक्ति की प्रेरणास्रोत अहिल्या बाई

मातृशक्ति ने भारत के गौरवशाली इतिहास में प्रेरणादायी भूमिका का निर्वाह किया है। नारी शक्ति ने देश के संकटकाल मे अपनी सामर्थ्य से अभूतपूर्व योगदान दिया है। हमारे प्राचीन ग्रन्थों में नारी शक्ति के गुणों की सर्वत्र प्रशंसा की गई है। भारत की नारियां अपनी प्रतिभा, शूरवीरता, धर्मनिष्ठा, न्यायप्रियता से समाज जीवन को युगों तक प्रभावित करती रहीं हैं। महिला सशक्तीकरण के लिए वाजपेयी सरकार के कालखंड में महिलाओं की समाज में सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए देवी अहिल्या बाई, शिवाजी की माता जीजा बाई, रानी लक्ष्मीबाई, तमिलनाडु की देवी कण्णगी, नगालैंड की रानी गाईडिल्यु के नाम पर स्त्री शक्ति पुरस्कारों की स्थापना की गई थी। वर्तमान सरकार ने भी नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस पर सेना के शौर्य- प्रदर्शन का नेतृत्व महिलाओं के द्वारा करवाया गया।

वर्तमान परिदृश्य में लोकमाता अहिल्या बाई का तीन सौवां जयंती वर्ष मनाना प्रासंगिक है। सामान्य परिवार की बालिका जिसका जन्म औरंगाबाद के बीड तालुका के छोटे से गांव चौडी में 31 मई 1725 को हुआ। आज भी मालवा प्रदेश में अहिल्या बाई लोकमाता एवं आदर्श रानी के नाम से जानी जाती हैं। देवी अहिल्याबाई छोटे से राज्य की महारानी होते हुए भी अखिल भारतीय दृष्टिकोण रखती थी। देवी की लोक यात्रा संघर्षों एवं दुःखों से भरी हुई थी, फिर भी वे इंदौर राज्य की शासन-व्यवस्था का कुशलता से संचालन करती रही। देवी का बाल्यकाल धर्मनिष्ठ माता-पिता की गोद में व्यतीत हुआ। माता-पिता ने अहिल्या की शिक्षा-दीक्षा का यथोचित प्रबन्ध भी किया। अहिल्या के माता-पिता ने रामायण, महाभारत की कहानियां सुनाकर धार्मिक नैतिकता का व्यावहारिक ज्ञान दिया। बालिका अहिल्या का विवाह सन 1733 में मालवा के सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव से हुआ। देवी का दाम्पत्य जीवन सुखपूर्वक व्यतीत नहीं हुआ। खंडेराव बुरी आदतों में फंसा रहता था। उधर सूबेदार मल्हारराव पेशवा के साथ युद्ध-अभियानों में व्यस्त रहते थे। उनकी अनुपस्थिति में पुत्रवधू अहिल्याबाई राज्य की प्रशासन व्यवस्था का संचालन करती थी। अकस्मात खंडेराव की कुमेर के युद्ध मैदान में गोली लगने से मृत्यु हो गई। कुछ वर्षों के पश्चात पितातुल्य ससुर एवं इकलोते पुत्र का भी देहांत हो गया। देवी संकट को ईश्वरीय विधान मानकर, धैर्यपूर्वक शासन का भार संभाल कर, लोक- कल्याण के कार्य में मनोयोग से जुट गई। सर्व प्रथम देवी अहिल्या बाई ने आंतरिक सुरक्षा को चुस्त बनाने का अनथक प्रयास किया। देवी ने राज्य को चोर डाकुओं से मुक्त करने की सार्वजनिक घोषणा करते हुए कहा कि जो युवक मेरे राज्य में प्रजा की जान-माल की रक्षा करने के लिए चोर-डाकुओं के उत्पात को समाप्त कर देगा, मैं उसके साथ अपनी बेटी मुक्ता बाई की शादी कर दूंगी। अचानक एक युवक खड़ा हुआ। उसका नाम यशवंत राव फणसे था। उस समय के कालखंड में वैवाहिक संबंध जात पात तथा अमीर-गरीब का मापदंड देखकर किया जाता था। देवी द्वारा प्रजा की रक्षा के लिए परंपरागत प्रथा को तोड़कर, वीरता को



आधार मानकर अपनी लाडली बेटी के विवाह की घोषणा करना एक क्रांतिकारी कदम था। देवी ने वचन का पालन करते हुए धूमधाम से बेटी का विवाह यशवंत राव फणसे के साथ किया।

देवी न केवल कुशल प्रशासक अपितु न्याय परायण भी थी। देवी ने प्रजा को न्याय शीघ्र उपलब्ध करवाने की सस्ती और सुलभ व्यवस्था की। उनके द्वारा स्थान-स्थान पर न्यायालय की स्थापना एवं योग्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। न्यायालय के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति देवी के दरबार में अपील कर सकता था। उनकी न्याय परायणता का श्रेष्ठ उदाहरण ऐतिहासिक दस्तावेजों से प्राप्त होता है। देवी के ससुर सूबेदार मल्हारराव होलकर ने एक व्यक्ति से दो घोड़े खरीदने के लिए धनराशि उधार ली थी पर राजा ने राशि वापस नहीं दी। ऋणदाता राणोजी थिटे दरबार में मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित हुआ। देवी ने दस्तावेजों की जांच करा कर ब्याज सहित मूल राशि चुकाने का तुरंत आदेश जारी कर दिया। महारानी अहिल्या की अर्थनीति का उद्देश्य प्रजा को आर्थिक सम्पन्न बनाना था। प्रजा पर कम कर लगाना ताकि कर चुकाने में कष्ट न हो। कृषि और किसानों की उन्नति के लिए विशेष प्रयास एवं अतिवृष्टि तथा अनावृष्टि की स्थिति में वह किसानों का लगान माफ कर देती थीं। राज्य में व्यापार उद्योगों का बढ़ावा दिया गया। व्यापारी निर्भय होकर माल का आयात निर्यात कर सके, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त किया। देवी के राज्य मे भ्रष्टाचार नाममात्र का भी नहीं था। देवी अहिल्या बाई सैन्य संचालन में भी सुविग्य थी। उन्होंने सेना को अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित तथा, युद्ध विद्या में प्रशिक्षित कर रखा था। मल्हारराव होलकर की मृत्यु के बाद राघोबा पेशवा इन्दौर राज्य को हड़पना चाहता था। वह सेना लेकर क्षिप्रा के तट पर आ डटा। महारानी अहिल्या बाई भी अपनी महिला सेना को लेकर युद्ध के मैदान में उसके सामने आ खड़ी हुई। राघोवा पेशवा को सन्देश भिजवाया कि 'आप मुझे अबला नारी समझकर मेरा राज्य हड़पने के इरादे से आए हो पर आपकी मंशा पूरी नहीं होगी। यदि मैं युद्ध में पराजित हो गई तो मेरी हंसी कोई नहीं उड़ाएगा, न ही कोई आपके द्वारा प्राप्त विजय की प्रशंसा करेगा। यदि आप युद्ध में हार गए तो मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे। एक अबला पर आक्रमण करने से आपको कलंक लगेगा।' यह सोचकर युद्ध में उतरें। इस पत्र ने राघोबा के जोश को ठंडा कर दिया। देवी युद्धप्रिय नहीं थी, पर युद्ध आवश्यक हुआ तो वह पीछे नहीं हटने वाली थी। अहिल्या बाई का समर्पण भाव उच्च कोटि का था। वह राज्य का अधिष्ठाता भगवान शिव को मानकर स्वयं प्रतिनिधि बनकर शासन करती थी। राज्यादेश भी भगवान शिव के नाम से जारी किए जाते थे। वह धर्मार्थ कार्य का व्यय व्यक्तिगत सम्पति से करती थी। देवी अहिल्या भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान की प्रथम द्रष्टा महिला थी।

भारत में 31 मई 2024 से लोकमाता अहिल्या बाई का तीन सौवां जयंती समारोह प्रारम्भ होने जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सरकार्यवाह दत्ताजी ने भी सम्पूर्ण देश में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की जयंती मनाने का आह्वान किया है। देवी का जीवन भारत की नारी सशक्तीकरण में प्रेरणादायी रहेगा। देवी आहिल्या बाई का व्यक्तित्व बहुआयामी था। देवी में प्रशासकीय योग्यता, वीरता, युद्ध कौशल, कूटनीतिज्ञता, न्याय परायणता, दानशीलता आदि विभिन्न गुण प्रचुर मात्रा में थे। देवी अहिल्या बाई को आधुनिक भारत की पूर्णावतार कहा जाना अतिश्योक्ति नहीं होगी। अपने जीवन काल में ही लोकमाता के रूप में लोक मानस में पूजनीय बन गई थी। वह स्त्रीशक्ति के सामर्थ्य की प्रतिमूर्ति है। देवी अहिल्या को किसी प्रान्त, राज्य तथा क्षेत्र की सीमाओं में बांधकर नहीं रखा जा सकता। वे सम्पूर्ण भारत की स्त्री जाति के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका जीवन मानवजाति के लिये अमूल्य धरोहर है।

(लेखक सेवानिवृत्त एसोशिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित

**दर्शन**

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित

**प्रेरणा**

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गर्मी का अभी ट्रेलर है, पिक्चर बाकी है

देश के बहुत से राज्य आग बरसाने वाली गर्मी से परेशान हैं। कुछ राज्यों में तापमान 50 डिग्री के पार हो गया और कहीं कहीं इसके करीब पहुंच गया है। समुद्र तट किनारे स्थित मुंबई भी आजकल गर्मी की चपेट में है, जबकि कहते हैं कि यहां गर्मियों में भी उतनी गर्मी नहीं होती है कि यह आफत बने। आखिर क्या कारण है कि यहां भी गर्मी मुंबई वासियों के लिए आफत बन रही है? कुदरत हमें समझा रही है कि कुदरत के विरुद्ध जाकर इनसान जो काम किए जा रहा है, उसका यह गर्मी तो ट्रेलर है, फिल्म अभी बाकी है। सवाल यह है कि अभी इतनी गर्मी है तो भविष्य में क्या होगा? भावी पीढ़ी का भविष्य कैसा होगा? अगर गर्मी इसी तरह बढ़ती रही तो यह प्राणी जाति के अस्तित्व के लिए भी हानिकारक सिद्ध होगा। इस समस्या के समाधान के लिए पूरे विश्व को एकजुट होना होगा।

*– मोहन यादव, भाटापारा*

## ट्रेंड

### विशेष समिति गठित करेंगे



पिछले साल अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने से नवीन बाबू का हर शुभचिंतक चिंतित है। क्या इसके पीछे कोई लॉबी है? ओडिशा में हमारी सरकार बनने के बाद इस मामले की जांच करने और पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बाल दासता के खिलाफ लड़ाई



करुणा कोई कोमल भावना नहीं है, बल्कि इसमें स्वतंत्रता, समानता, समावेश और न्याय प्राप्त करने के लिए सामाजिक परिवर्तन की जबरदस्त शक्ति है। यह बाल दासता के खिलाफ मेरी लड़ाई में प्रेरक शक्ति रही है।

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता**

### बहुत कुछ सीखने को मिला



लम्बा चुनाव प्रचार समाप्त हो रहा है। इस प्रचार के दौरान देश के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। यहां के कण कण में मुहब्बत है, ज्ञान है, बोध है। इस देश की समझ दिल्ली में बैठ कर सोशल मीडिया या टेलीविजन से नहीं हासिल हो सकती।

**-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता**

### नौकरी देना है लक्ष्य



जिस तरह अर्जुन का लक्ष्य मछली की आंख थी उसी तरह तेजस्वी का लक्ष्य युवाओं को नौकरी-रोजगार देना है, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाना है। ये लोग हमारा ध्यान भटकाने का प्रयास करते है, धमकी देते है, पर हम अपने लक्ष्य पर अड़िग है।

**-तेजस्वी यादव, राजद नेता**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# रैनसमवेयर नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

यूरोपीय संघ (ईयू) की न्याय एजेंसी के समन्यव में पुलिस ने वृहद पैमाने पर कार्रवाई करते हुए ईमेल के जरिये रैनसमवेयर का प्रसार करने वाले कंप्यूटर नेटवर्क को बाधित करते हुए चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। रैनसमवेयर एक प्रकार का वायरस है, जो कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर उसमें छेड़छाड़ करने मुमकिन हो जाता है। एजेंसी ने इस तरह के आकर्षक स्वरूप वाले साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को अब तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान करार दिया है। यूरोपीय संघ की न्यायिक सहयोग एजेंसी 'यूरोजस्ट' ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस ने 'उच्च श्रेणी' वाले चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 100 से ज्यादा सर्वर को बंद कर दिया और दो हजार से ज्यादा इंटरनेट डोमेन को जब्त किया है। । 'यूरोजस्ट' ने बताया कि जिन देशों में इस सप्ताह यह कार्रवाई की गयी उनमें जर्मनी, नीदरलैंड, फ्रांस, डेनमार्क, यूक्रेन, अमेरिका और ब्रिटेन शामिल हैं। यूरोजस्ट ने बताया कि 2021 में इमोटेट नामक बॉटनेट के खिलाफ की गई वृहद कार्रवाई के बाद यह अभियान चलाया गया। बॉटनेट एक प्रकार का नेटवर्क है जिसके जरिये गड़बड़ी कर कंप्यूटर को 'हाइजैक' कर लिया जाता है।



## ऑफ बीट

# नॉट्रोपिक्स क्या हैं क्या वे आपको स्मार्ट बनाते हैं?



इनसान लंबे समय से एक ऐसे 'जादुई अमृत' की खोज कर रहा है, जो उसे अधिक स्मार्ट बना दे और उसके फोकस और याददाश्त में सुधार लाए। इसमें संज्ञानात्मक कार्य को बेहतर बनाने के लिए हजारों साल पहले इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक चीनी दवा भी शामिल है। अब हमारे पास नॉट्रोपिक्स हैं, जिन्हें स्मार्ट ड्रग्स, मस्तिष्क बूस्टर या संज्ञानात्मक क्षमता बढ़ाने वाले के रूप में भी जाना जाता है। आप इन गम्मी, च्युइंग गम, गोलियों और त्वचा पैच को ऑनलाइन या सुपरमार्केट, फार्मेसियों या पेट्रोल स्टेशनों से खरीद सकते हैं। आपको किसी नुस्खे या किसी स्वास्थ्य पेशेवर से परामर्श की आवश्यकता नहीं है। लेकिन क्या नॉट्रोपिक्स वास्तव में आपके मस्तिष्क को बढ़ावा देता है? यहाँ विज्ञान क्या कहता है। नॉट्रोपिक्स क्या हैं और वे कैसे काम करते हैं? रोमानियाई मनोवैज्ञानिक और रसायनज्ञ कॉर्नेलियस ई. गिउर्जिया ने 1970 के दशक की शुरुआत में ऐसे यौगिकों का वर्णन करने के लिए नॉट्रोपिक्स शब्द गढ़ा था जो स्मृति और सीखने को बढ़ावा दे सकते हैं। यह शब्द ग्रीक शब्द नोस (सोच) और ट्रोपिन (गाइड) से आया है। नॉट्रोपिक्स मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संकेतों के संचरण में सुधार, तंत्रिका कोशिकाओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने और ऊर्जा उत्पादन में मदद करके काम कर सकता है।



काशी के लोगों को प्रधानमंत्री मोदी का विशेष संदेश

# 1 जून के दिन एक-एक वोट देकर नया रिकॉर्ड बनाएं, ये चुनाव नवकाशी के साथ ही विकसित भारत के निर्माण के लिए अहम

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पीएम मोदी ने काशी के लोगों को विशेष संदेश दिया। मोदी ने कहा मेरे लिए काशी भक्ति, शक्ति और विरक्ति की नगरी है। काशी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी है, संगीत की धरती है। इसके बाद पंजाब के होशियारपुर में भी लोगों को संबोधित किया।



एजेंसी ⏭ काशी/होशियारपुर

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण से ठीक पहले पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लोगों को संबोधित किया। भोजपुरी में बोलते हुए उन्होंने कहा है कि काशी के लिए इस बार का चुनाव नवकाशी के साथ ही विकसित भारत के निर्माण का भी चुनाव है। काशी के लोगों को 1 जून के दिन नया रिकॉर्ड बनाना है।

मेरे लिए काशी भक्ति, शक्ति और विरक्ति की नगरी है। काशी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी है, संगीत की धरती है। इस काशी का प्रतिनिधि होना बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा से और आप काशीवासियों के आशीर्वाद से ही संभव है।अब काशी के विकास को नई ऊंचाई देने का अवसर है। ये तभी हो पाएगा जब काशी के लोग 1 जून को अधिक से अधिक मतदान करेंगे। यहां के युवा, नारी शक्ति और किसानों से विशेष आग्रह है।

**चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों ने झोंकी ताकत**

- भाजपा के प्रमुख नेताओं ने विभिन्न राज्यों में किया प्रचार
- कांग्रेस और आप ने भी लोगों से की अपील, यूपी में रहा जोर



### आपका एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा

पीएम ने कहा कि आप लोगों का एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा, मुझे नई ऊर्जा देगा। याद रखें पहले मतदान फिर जलपान। नामांकन के दिन जो उत्साह दिखा था, अब वही उत्साह हर बूथ पर दिखे, मेरा यही आग्रह है।

### कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी की, आप कट्टर झूठवादी पार्टी

मोदी ने आप और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। अब इससे एक और कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी भी जुड़ गई है। ये भयंकर झूठवादी पार्टी भी है। 60 साल तक कांग्रेस ने जो कारनामे किए हैं, ऐसा लगता है कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर ली है। अब एक और कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी भी इससे जुड़ गई है। ये भयंकर झूठवादी पार्टी भी है। उसने कांग्रेस से बराबर भ्रष्टाचार के पाठ पढ़ लिए हैं। ये पंजाब को नशे से मुक्त करने के नाम पर आए थे, लेकिन नशे को ही अपनी कमाई का साधन बना दिया है।

**पूर्ण बहुमत की सरकार हैट्रिक लगाएगी**

मोदी ने होशियारपुर में कहा कि दशकों बाद ऐसा समय आया है जब पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार हैट्रिक लगाने जा रही है। गरीब कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसके पीछे गुरु रविदास जी की प्रेरणा है। पिछले 10 साल में देश ने अभूतपूर्व विकास देखा है। दमदार सरकार वो होती है जो दुश्मन के छक्के छुड़ा दे। देश ने यही किया है।

### ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न...

पीएम मोदी ने पंजाब के लोगों से कहा कि गरीब कल्याण हमारी सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है। इसके पीछे गुरु रविदास जी की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। गुरु रविदास जी कहते थे-ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ो सब सम बसे, रैदास रहै प्रसन्न।

## प्रधानमंत्री ने गांधी के बारे में नहीं पढ़ाः खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 4जून के बाद जब मोदी को खाली वक्त मिले तो उन्हें महात्मा गांधी की आत्मकथा पढ़नी चाहिए। भाजपा ने वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अनगिनत प्रयास किए, लेकिन लोगों ने हमारे द्वारा उठाए गए वास्तविक मुद्दों को चुना। अगर इस सरकार को दोबारा मौका दिया गया तो यह लोकतंत्र का अंत होगा।

## मोदी ने पीएम पद की गरिमा को कम कियाः मनमोहन



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने आज अपनी पार्टी की तारीफ करते हुए पंजाब के लोगों को पत्र लिखकर वोट देने की अपील की है। उन्होंने इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए उन पर चुनाव प्रचार के दौरान 'घृणास्पद भाषण' देकर सार्वजनिक चर्चा की गरिमा और प्रधानमंत्री पद की गरिमा को गिराने का आरोप लगाया। मोदी सार्वजनिक चर्चाओं की गरिमा को कम करने वाले पहले पीएम हैं और इस तरह पीएम के पद की गरिमा को भी कम किया है।

## हम संविदान बचाने की लड़ाई लड़ रहेः राहुल



**नवांशहर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रचार थमने के अंतिम दिन नवांशहर के खटकड़ कलां गांव में संविधान बचाओ रैली को संबोधित किया। यहां वह श्री आनंदपुर साहिब से कांग्रेस उम्मीदवार विजय इंदर सिंगला के लिए समर्थन मांगने पहुंचे हैं। संविधान को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि अगर देश के संविधान को मिटा दिया गया। तो वही होगा, जो आजादी से पहले होता था। इसलिए हम इस चुनाव को संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। इस दौरान एक महिला ने कहा कि नशा बंद करवा दो।

## इंडी ब्लॉक जीता तो 48 घंटे में बनेगा पीएमः जयराम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया ब्लॉक को पूर्ण बहुमत मिलेगा और महज 48 घंटे के भीतर प्रधानमंत्री का चयन कर लिया जाएगा। गठबंधन में जिसको अधिक सीटें मिलेंगी, पीएम पद के लिए दावेदारी भी उसकी अधिक होगी। एक इंटरव्यू में कांग्रेस महासचिव (संचार) ने विश्वास जताया कि इंडी गठबंधन को 272 के आंकड़े से काफी अधिक सीटें मिलेंगी।

**बंगाल में 3 महीने में पकड़ी 108 करोड़ की शराब, लाखों की ड्रग्स और नकदी**

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने पिछले तीन महीनों में चुनाव आयोग ने बंगाल में 108 करोड़ रुपए की शराब जब्त की है। एक मार्च से बुधवार 29 मई तक बंगाल के विभिन्न हिस्सों से बरामद अवैध शराब की कीमत 108 करोड़ 36 लाख रुपए है। इसमें 47.19 लाख रुपए की नशीली दवाएं शामिल हैं।

काशी में शाह ने सपरिवार टेका माथा

## विशेष आरती कर मांगा मोदी की हैट्रिक का आशीर्वाद



**वाराणसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन कर तीसरी बार भाजपा की जीत का आशीर्वाद लिया। मोदी की हैट्रिक के लिए विशेष पूजा अर्चना की। परिवार के साथ मंदिर पहुंचकर विधि- विधान से बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया और आशीर्वाद लिया।

कुशीनगर में राजनाथ का इंडी पर निशाना

## अब समाप्त हो रहा सपा और कांग्रेस का वजूद



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस तरह धरती से डायनासोर समाप्त हो गए, उसी तरह कांग्रेस पार्टी का वजूद भी भारत से मिट जाएगा। 10 वर्षों में देश के बच्चे भूल जाएंगे कि कांग्रेस नाम की कोई राजनैतिक पार्टी भी थी। समाजवादी पार्टी की हालत भी पतली होती जा रही है। इस दल का भी अस्तित्व समाप्त होने वाला है। भाजपा जनता के विश्वास के आधार पर राजनीति करती है।

सीतारमण का कांग्रेस पर बड़ा आरोप

## प्रधानमंत्री जो भी करें विपक्ष सिर्फ उस पर अंगुली उठा रहा



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि एस एंड पी ने भारत के आउटलुक में बदलाव किया है, जो प्रधानमंत्री, देश और अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। यह इशारा करता है कि अर्थव्यवस्था को मजबूत लीडरशिप की जरूरत क्यों होती है? 100 दिनों के एजेंडे को लेकर उनका कहना था कि इसका मकसद ऐसे कार्यों में तुरंत सक्रिय हो जाना है, जिन्हें 100 दिनों के भीतर पूरा किया जा सकता है।

कुल्लू में गरजे सीएम योगी

## कांग्रेस में औरंगजेब की आत्मा समाई अब राम भक्त ही करेगा राज



हिमाचल प्रदेश में चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरा जन्म पहाड़ों में हुआ है। मंडी से कंगना रनौत की तारीफ करते हुए योगी ने कहा, हिमाचल की इस लड़की में महारानी लक्ष्मीबाई का शौर्य है। कांग्रेस के विचारों में औरंगजेब के आत्मा समाई है।

**खबर संक्षेप**

### हत्या मामले में छोटा राजन दोषी करार



**मुंबई।** यहां की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को गैंगस्टर छोटा राजन को 2001 में होटल व्यवसायी जया शेट्टी की हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत हत्या का दोषी ठहराया। सजा का ऐलान बाद में किया जाएगा।

### शाह ने दी बधाई, गोवा पर्यटकों का पसंदीदा प्लेस



**नई दिल्ल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गोवा राज्य के 37वें स्थापना दिवस पर गोवा वासियों को बधाई देते हुए कहा कि गोवा समृद्धि विरासत के साथ ग्लोबल टूरिस्टों के लिए एक पंसदीदा स्थान है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी गोवा स्थापना दिवस पर शुभकानाएं दीं। उन्होंने कहा कि गोवा एक समृद्धि सांस्कृतिक विरासत रखता इसको सुरक्षित हुए हमें गोवा के विकास पर ध्यान देना चाहिए।

### हिमाचल में धधकते जंगल, लपटें फैलीं



**शिमला।** कसौली हिल के पिछली तरफ बीते दिन चीड़ के जंगल में आग लग गई। इस पर नियंत्रण न होता देख हेलीकॉप्टर की सहायता मांगी गई। हेलीकाप्टर ने कई चक्कर लगाकर सुखना झील चंडीगढ़ से पानी लाकर छिड़काव किया लेकिन आग नहीं बुझी। आग वीआईपी क्षेत्र तक पहुंच गई, जिसे बुझाने के लिए छावनी, सोलन व परवाणू के दमकल जुटे हुए हैं।

कैंची धाम पहुंचे उपराष्ट्रपति धनखड़



## धार्मिकता, उदात्तता और आध्यात्मिकता का संगम, बेमिसाल इतिहास बताया

एजेंसी ⏭ नैनीताल

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित कैंची धाम पहुंचे। दोनों ने नीब करौरी महाराज के दर्शन किए और आश्रमवासियों के साथ समय व्यतीत किया। हल्द्वानी आगमन पर उत्तराखंड के राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। युवतियों ने उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी का तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया। मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से बाबा नीब करौरी की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

### नीम करोली बाबा महाराज मंदिर में किया पूजार्चन

धनखड़ ने कैंची धाम में नीम करोली बाबा महाराज मंदिर में पूजा-अर्चना की। दर्शन के उपरांत उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस पवित्र जगह पर आकर मन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना में बढ़ोतरी हुई है। यहां उन्हें धार्मिकता, उदात्तता और आध्यात्मिकता के संगम का आभास हुआ है। ये वो जगह है जहां ऐसे महापुरुष हुए हैं जिनके द्वारा निर्धारित उच्चतम सिद्धांत सभी के लिए अनुकरणीय हैं। भारत की 5000 वर्ष की सांस्कृतिक विरासत दुनिया में बेमिसाल है और वैश्विक समस्याओं के समाधान में जरूरी है।

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने किया बदलाव

# 1 घंटे में कैशलेस इलाज की इजाजत और 3 घंटे में होगा क्लेम 'सेटलमेंट'

## प्राधिकरण ने पिछले 55 सर्कुलर को निरस्त कर दिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हेल्थ इंश्योरेंस लेने वाले लोगों को बड़ा तोहफा मिला है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के रेगुलेटरी नॉर्म्स में बड़े बदलाव किए हैं। अब बीमा कंपनी को यूजर के अनुरोध के एक घंटे के भीतर कैशलेस इलाज की अनुमति देने पर फैसला लेना होगा और किसी भी स्थिति में जिसने पॉलिसी ले रखी है उसे अस्पताल से छुट्टी मिलने के लिए इंतजार नहीं करना होगा। यदि 3 घंटे से ज्यादा लगते हैं तो इसका बिल बीमा कंपनी को भरना होगा। इसके लिए आईआरडीएआई ने इससे जुड़ा एक मास्टर सर्कुलर भी जारी किया है, जिसमें पिछले 55 सर्कुलर को निरस्त किया है ताकि यूजर को बीमा हासिल करने में आसानी हो और विश्वास बढ़े।

**उपभोक्ताओं को होगी आसानी बढ़ेगा विश्वास**



### आईआरडीएआई को इसलिए करना करना पड़ा परिवर्तन

एक सर्वे में पाया गया था कि 43 प्रतिशत हेल्थ इंश्योरेंस लेने वाले लोगों को इसे हासिल करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। कई मामलों में मरीज के डिस्चार्ज होने में 10-12 घंटे तक लगते रहे हैं।

### अस्पताल में खर्च ज्यादा हो रहा

सेटलमेंट न होने की स्थिति में डिस्चार्ज नहीं किया जाता है और इस दौरान अस्पताल का खर्च मरीज और उसके परिवार पर भार बनता है और ऐसा कई मामलों में हुआ है। कई बार मरीजों से एक्स्ट्रा पैसा अस्पताल लेते रहे हैं, ऐसे में उन्हें हेल्थ इंश्योरेंस हासिल करने का बहुत ज़्यादा फायदा हासिल नहीं हुआ। अब आईआरडीएआई ने इस मामले में सख्ती दिखाई है।

### हेल्प डेस्क बनाने का भी दिया सुझाव

आईआरडीएआई ने कहा कि इमरजेंसी वाले मामलों में आए अनुरोध पर कंपनी को तुरंत फैसला लेना चाहिए। इसके लिए आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को 31 जुलाई तक कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी आदेश दिए और कहा कि बीमा कंपनी अस्पतालों में हेल्प डेस्क भी बना सकती हैं जहां से लोगों की मदद की जा सकेगी। नए नोर्म्स के मुताबिक एक से ज़्यादा हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों वाले पॉलिसीधारक को वह पॉलिसी चुनने का विकल्प मिलेगा जिसके तहत वह आसानी से वो रकम हासिल कर सके जो उसे चाहिए।

दिल्ली में एकसाथ और पंजाब में नूराकुश्ती लड़ रही कांग्रेस-आपः नड्डा

# कांग्रेस-आप सीएए से हो रही दिक्कत का जवाब क्यों नहीं देते

## भाजपा अध्यक्ष बोले, घोटालों के लिए जानी जाती हैं कांग्रेस, सपा, आप और राजद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पंजाब के अमृतसर और फरीदकोट में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के भ्रष्टाचार और आम आदमी पार्टी के कुशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कट्टर बेईमान पार्टी और कांग्रेस एक साथ लड़ रहे हैं लेकिन पंजाब में ये एक-दूसरे के दुश्मन बनकर नूराकुश्ती का खेल रही हैं।नड्डा ने कहा कि कांग्रेस और आप जवाब दें कि इन्हें सीएए से क्या दिक्कत है? जब सिख भाई अफगानिस्तान में प्रताड़ित हो रहे थे, तब शरणार्थी बनकर भारत आए थे और अब केजरीवाल उनका विरोध करते हैं। क्या ऐसी मानसिकता वाले केजरीवाल को सत्ता में आना चाहिए?



### पीएम मोदी ने दी वन रैंक वन पेंशन

उन्होंने कहा कि देश में चाहे मुगलों के खिलाफ लड़ने की बात हो या फिर जलियांवाला बाग में जनरल डायर से लड़ने की बात हो पंजाब ने हमेशा अग्रणी राज्य के रूप में देश की रक्षा की है। कोरोना के समय देश के किसानों और नौजवानों ने आगे आकर पंजाब के लोगों की सेवा की है। कांग्रेस ने 1972 से लेकर 2014 तक सैनिकों को बरगलाने व धोखा देने काम किया है और वन रैंक, वन पेंशन को कभी लागू नहीं होने दिया, लेकिन पीएम मोदी ने 2014 में चुनाव जीतकर एक साल के भीतर 1.5 लाख करोड़ रुपए सैनिकों को वन रैंक, वन पेंशन के तहत पहुंचाए हैं।

**मंचासीन थे कई पदाधिकारी**

जनसभा के मंच पर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, लोकसभा चुनाव प्रभारी हरजोत कमल सिंह, अमृतसर लोकसभा प्रत्याशी तरनजीत सिंह संधू, खडूर साहिब लोकसभा प्रत्याशी मनजीत सिंह मन्ना, फरीदकोट प्रत्याशी हंसराज हंस सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

### कांग्रेस, सपा और आप ने किए केवल घोटाले

नड्डा ने कहा घमंडिया गठबंधन के नेता कहते हैं कि परिवार बचाओ, भ्रष्टाचारियों को बचाओ लेकिन प्रधानमंत्री कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को हटाओ। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन में कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, चावल घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, 2-जी घोटाला और अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाला किया। सपा ने लैपटॉप, गोमती रिवर फ्रंट और अनाज घोटाला किया। लालू यादव ने नौकरी के बदले जमीन का घोटाला और चारा घोटाला किया। द्रमुक ने बालू घोटाला, ममता बेनर्जी के मंत्रियों ने टीचर भर्ती घोटाला और अरविंद केजरीवाल ने शराब का घोटाला किया। उन्होंने कहा राहुल गांधी, सोनिया गांधी, चिदंबरम, लालू यादव और अरविंद केजरीवाल बेल पर हैं। मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, आजम खान और डीएमके के नेता जेल में हैं। घमंडिया गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं, या बेल पर हैं। झारखंड में कांग्रेस नेता के पीए के नौकर के घर से 29 करोड़ रुपए मिलते हैं। एक झारखंड कांग्रेस का मंत्री है उसके घर से 300 करोड़ रुपए निकले जिसमें 18 नोटों को गिनने वाली मशीने लगानी पड़ीं।

## 25 लाख मूल्य के नकली नोट जब्त, चार गिरफ्तार



**नागपुर।** पुलिस ने 25 लाख रुपए मूल्य के नकली नोट के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राहुल वासुदेव ठाकुर (31) की शिकायत पर ये गिरफ्तारियां की गईं और नकली नोट जब्त किए गए। फेसबुक पर जल्दी पैसा कमाने की योजना संबंधी एक विज्ञापन देखा। जब ठाकुर ने नंबर डायल किया, तो दूसरी तरफ से संबंधित व्यक्ति ने कहा कि वह उन्हें अपनी योजना के तहत दो लाख रुपये के बदले आठ लाख रुपये देंगे।

# भारत की मौजूदा टीम में 10 खिलाड़ी 30 से ज्यादा उम्र के, 2007 के चैंपियंस की औसत उम्र थी 23 साल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप को शुरू होने में अब बस एक दिन का वक्त बचा है। सभी टीमें इसकी तैयारी में जुटी हुई हैं। भारतीय टीम भी न्यूयॉर्क पहुंच चुकी है और ट्रेनिंग सेशन भी शुरू कर दिया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम इंडिया 2007 के बाद पहली बार टी20 विश्व कप खिताब जीतने उतरी है।

हिटमैन उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिसने 2007 में भारतीय टीम के साथ टी20 विश्व कप की ट्रॉफी उठाई थी। अब वह अपने खिलाड़ियों को दूसरी बार यह ट्रॉफी उठाने के लिए प्रेरित करेंगे। भारत ने 2013 के बाद से कोई आईसीसी ट्रॉफी भी नहीं जीती है। ऐसे में रोहित एंड कंपनी आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को भी खत्म करने उतरेंगे। पिछली बार टीम इंडिया ने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।



## रोहित का 9वां, कोहली का छठा टी20 वर्ल्ड कप

टी-20 विश्व कप में अनुभव और रनों के मामले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के कोई आसपास भी नहीं है। रोहित का यह नौवां और विराट का छठा टी-20 विश्व कप होगा। रोहित (39) और विराट (27) दोनों ने मिलकर टी-20 विश्व कप के 66 मैच खेले हैं। 2007 का विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य रोहित के नाम सभी नौ टी-20 विश्व कप खेलने का अनोखा रिकॉर्ड बनेगा। ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 विश्व कप के बाद दोनों का इस विश्व कप में खेलना तय नहीं था, लेकिन चयनकर्ताओं ने दोनों के अनुभव को वरीयता देते हुए उन्हें एक बार फिर टीम में शामिल किया। ऐसे में ये दोनों भी जानते हैं कि उन पर बड़ी जिम्मेदारी है और दोनों इस मौके को दोनों हाथों से भुनाना चाहेंगे।



## 2007 और 2024 टी20 विश्व कप के टीम इंडिया की तुलना

एक चीज जो इस टी20 विश्व कप में देखने लायक है, वह है टीम इंडिया के खिलाड़ियों की उम्र। इस विश्व कप में अब तक की सबसे अनुभवी टीम इंडिया खेलने गई है। मौजूदा टीम इंडिया की औसत उम्र 30.3 साल की है। 15 खिलाड़ियों में इस टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनकी उम्र 30 या इससे ज्यादा की है। जब भारत ने पिछली बार यानी 2007 में यह ट्रॉफी जीती थी, तो उस वक्त एक नई टीम इंडिया पहुंची थी। उस टीम का कोई भी खिलाड़ी 30 से ज्यादा उम्र का नहीं था। 2007 में चैंपियन बनी टीम इंडिया की औसत उम्र 23 साल की थी। उस टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भारत के मौजूदा मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर थे। तब उनकी उम्र 29 साल की थी।

## टी20 विश्व कप

### 2007 चैंपियन टीम

| खिलाड़ी | उम्र |
|---|---|
| एमएस धोनी | 26 |
| युवराज सिंह | 25 |
| वीरेंद्र सहवाग | 28 |
| गौतम गंभीर | 25 |
| रोहित शर्मा | 20 |
| रॉबिन उथप्पा | 21 |
| दिनेश कार्तिक | 22 |
| यूसुफ पठान | 24 |
| इरफान पठान | 22 |
| हरभजन सिंह | 27 |
| पीयूष चावला | 18 |
| आरपी सिंह | 21 |
| एस श्रीसंत | 24 |
| जोगिंदर शर्मा | 23 |

### 2024 : वर्तमान टीम

| खिलाड़ी | उम्र |
|---|---|
| रोहित शर्मा | 37 |
| विराट कोहली | 35 |
| रवींद्र जडेजा | 35 |
| सूर्यकुमार यादव | 33 |
| युजवेंद्र चहल | 33 |
| हार्दिक पांड्या | 30 |
| शिवम दुबे | 30 |
| जसप्रीत बुमराह | 30 |
| अक्षर पटेल | 30 |
| मोहम्मद सिराज | 30 |
| कुलदीप यादव | 29 |
| संजू सैमसन | 29 |
| ऋषभ पंत | 26 |
| अर्शदीप सिंह | 25 |
| यशस्वी जायसवाल | 22 |

## खबर संक्षेप



### मेसी के गोल के बावजूद हारा इंटर मियामी

**फोर्ट लॉडरडेल।** लियोनल मेसी के गोल के बावजूद इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर में अटलांटा यूनाईटेड के खिलाफ बुधवार रात 3-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम का 10 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। इंटर मियामी की ओर से मेसी के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। अटलांटा यूनाईटेड की तरफ से साबा लोबजानिद्जे से दो जबकि जमाल थियरे ने एक गोल किया। इस जीत के साथ अटलांटा यूनाईटेड का एमएलएस में नौ मैच से जीत का इंतजार भी खत्म हो गया।

### ओलिंपियाकोस ने जीता पहला यूरोपीय खिताब

**एथेंस।** ओलिंपियाकोस ने बुधवार को यूरोपा कांफ्रेंस लीग फुटबॉल फाइनल में अतिरिक्त समय में फायोरेंटिना को 1-0 से हराकर यूनान को पहला यूरोपीय क्लब खिताब दिलाया जिसके बाद देश में जश्न का महौल है। मैच के अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में अयोब अल काबी ने ओलिंपियाकोस की ओर से विजयी गोल दागा। इस गोल की वीएआर (वीडियो सहायक रैफरी) की मदद से ऑफ साइड के लिए समीक्षा की गई लेकिन इसे गोल करार दिया गया जिसके बाद मेजबान टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

### रथिका की पीएसए चैलेंज कप में शानदार जीत

**हांगकांग।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रथिका सीलान ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी का हुएन लेउंग पर 3-2 की जीत से हांगकांग पीएसए चैलेंज कप के चौथे चरण के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने बुधवार को हुए मुकाबले में दूसरे दौर में लेउंग को 4-11, 5-11, 11-4, 11-4, 11-7 से हराया। रथिका को पहले दौर में बाई मिली थी। तमिलनाडु की रथिका ने पिछले सप्ताहांत इंदौर में एचसीएल स्क्वाश टूर में अपना पहला पेशेवर स्क्वाश संघ टूर खिताब जीता था।



## फ्रेंच ओपन : ओसाका को दी 7-6, 1-6, 7-5 से शिकस्त

# स्वियाटेक ने मैच प्वाइंट बचाने के बाद ओसाका को दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸| पेरिस

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और दो बार की गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के बेहद कड़े मुकाबले में नाओमी ओसाका को तीन गेम में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। स्वियाटेक ने बुधवार रात दूसरे दौर के मुकाबले में मैच प्वाइंट बचाया और फिर अंतिम पांच गेम जीतकर दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका को 7-6, 1-6, 7-5 से शिकस्त दी।

स्वियाटेक ने मैच के बाद कहा, 'निश्चित तौर पर यह मुकाबला काफी तनाव भरा था। मैंने दूसरे दौर में कभी इतने कड़े मुकाबले की उम्मीद नहीं की थी। निश्चित तौर पर अगली बार मैं इसके लिए अधिक तैयार रहूंगी।' इस जीत के साथ स्वियाटेक ने रोलां गैरो पर अपनी जीत के क्रम को 16 मैच तक पहुंचा दिया और उनकी नजरें इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरी खिताबी जीत दर्ज करने पर टिकी हैं।



### ओसाका के आंखों से छलके आंसू

तीसरे और निर्णायक गेम में एक समय 5-2 से आगे चल रही ओसाका जब हार के बाद वापस लौट रही थी तो उनकी आंखों से आंसू छलक रहे थे। पहला सेट टाइब्रेकर में गंवाने के बाद ओसाका ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद अगले 10 में से नौ गेम जीते और दूसरा सेट 6-1 से जीतने के बाद तीसरे में 3-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद स्कोर 4-1 और 5-2 से उनके पक्ष में रहा। स्वियाटेक हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए लगातार पांच गेम जीतकर सेट और मैच अपने नाम करने में सफल रहीं।

### सिर्फ नौ मैच पूरे हो सके

खराब मौसम के कारण बुधवार को सिर्फ नौ मैच पूरे हो सके और विजेताओं में कोको गॉफ, ओन्स जेब्युर, सोफिया केनिन, कार्लोस अल्कारेज, स्टेफानोस सिटसिपास और आंद्रे रूबलेव शामिल रहे।

## भारतीय हॉकी टीम का लंदन में भव्य स्वागत



**लंदन।** भारतीय उच्चायोग ने यहां एफआईएच प्रो लीग मुकाबले खेलने के लिए पहुंची देश की महिला हॉकी टीम का भव्य स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। सीनियर भारतीय पुरुष टीम के साथ महिला हॉकी टीम भी एफआईएच प्रो लीग खेलने के लिए यहां आयी है जिन्हें शनिवार को यहां जर्मनी से अपने मैच खेलने हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने हॉकी टीम के स्वागत के दौरान कहा, 'टीम की प्रत्येक सदस्य भारत के हर हिस्से, हर क्षेत्र और समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है। सभी के हॉकी तक के सफर की कहानी शानदार है।'

### भारत की जर्सी पहनना अलग अहसास : पंत

**न्यूयॉर्क।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे। वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं। पंत ने 2022 में भीषण कार दुर्घटना के बाद भावनात्मक वापसी करते हुए इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी। पंत ने 'बीसीसीआई.टीवी' से कहा, 'भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है।

# प्रज्ञानानंदा ने कार्लसन के खिलाफ पहली बार जीती क्लासिकल बाजी

नॉर्वे शतरंज
तीन दौर के बाद 5.5 अंक से पुरुष वर्ग में बनाई बढ़त




एजेंसी ▸▸| स्टावेंगर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ पहली बार क्लासिकल बाजी में जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली।

कार्लसन को रेपिड और ऑनलाइन मुकाबलों में हरा चुके 18 साल के प्रज्ञानानंदा पिछले विश्व कप फाइनल में नॉर्वे के इस खिलाड़ी से हार गए थे लेकिन यहां अंततः क्लासिकल बाजी में उन्हें 37 चाल में हराने में सफल रहे। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा ने इस जीत के साथ तीन दौर के बाद 5.5 अंक से पुरुष वर्ग में बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की और इस हार के साथ कार्लसन तीन अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गए। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो कारुआना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है। कारुआना ने गत विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराया। उनकी क्लासिकल प्रारूप में लिरेन पर यह पहली जीत है। इस हार के साथ लिरेन छह खिलाड़ियों की तालिका में दो अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। उनके 2.5 अंक हैं।

### क्लासिकल शतरंज धीमा खेल

क्लासिकल शतरंज को धीमे शतरंज के रूप में भी जाना जाता है और इसमें खिलाड़ी को चाल चलने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और आम तौर पर एक खिलाड़ी के पास कम से कम एक घंटे का समय होता है।

### वैशाली महिला वर्ग में शीर्ष पर

प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली भी महिला वर्ग में शीर्ष पर चल रही हैं। उनके भी 5.5 अंक हैं।वैशाली ने तीसरे दौर में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक के खिलाफ क्लासिकल बाजी ड्रॉ रहने के बाद आर्मागेडोन बाजी जीतकर डेढ़ अंक हासिल किए। मुजीचुक को एक अंक मिला। चीन की महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू 4.5 अंक के साथ दूसरे जबकि उनकी हमवतन टिंगजी लेई चार अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मुजिचुक, स्वीडन की पिया क्रेमलिंग और भारत की कोनेरू हंपी तीन अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दोनों वर्ग में सात दौर का खेल बाकी है।

# उज़्बेकिस्तान महिला फुटबॉल टीम का सामना भारत से आज

एजेंसी ▸▸| ताशकंद

भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शुक्रवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली उज़्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ अगर अपना रिकॉर्ड सुधारना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में 66वें जबकि उज्बेकिस्तान 48वें स्थान पर है। इन दोनों टीम के बीच अभी तक 11 मुकाबले हुए हैं जिनमें भारत केवल एक मैच में जीत दर्ज कर पाया है। उसने 2003 के एएफसी एशिया कप में अपने इस प्रतिद्वंदी को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। इन दोनों टीम के बीच हालिया मुकाबला पिछले साल नवंबर में एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान हुआ था जिसमें भारत को 0-3 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। रिकॉर्ड कुछ भी कहते हों लेकिन भारत की मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी टीम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर आशावादी हैं।



# त्रिसा और गायत्री ने दूसरी रैंकिंग वाली जोड़ी को हराया, मारिन से हारी सिंधु

**सिंगापुर।** पीवी सिंधू को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला 21-13, 11- 20, 20-22 से गंवाया। यह 2018 से सिंधू की मारिन के खिलाफ लगातार छठी हार थी। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने बाएक और ली को 21-9, 14-21, 21-15 से हराया। पुरुष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी एच एस प्रणय को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान के केंता निशिमोतो ने 21-12, 14-21, 21-15 से हराया।



## सेफा में जगह बनाने वाले मुक्केबाजों को मिलेगा ओलंपिक कोटा

# सचिन, संजीत, पंघाल और जैस्मिन जीते

मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

भारत के सचिन सिवाच (57 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा) और जैस्मिन (महिला 57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को यहां मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। सचिन ने प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टसी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुई सांचेज को इसी अंतर से मात दी।




सचिन को पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे क्योंकि उनके 57 किग्रा वर्ग से सिर्फ तीन मुक्केबाजों को ओलंपिक में जगह मिलेगी। राउंड ऑफ 64 में संजीत को बाई मिली थी और उन्हें भी अब दो और मुक्केबाजों को हराना होगा क्योंकि उनके वजन वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले चारों मुक्केबाजों को पेरिस खेलों का कोटा मिलेगा। अनुभवी मुक्केबाज के खिलाफ सचिन ने पहले राउंड से ही ताबड़तोड़ प्रहार किए और उनकी यह रणनीति कामयाब रही क्योंकि भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही दबदबा बना लिया। दूसरे राउंड में भी सचिन ने एकतरफा जीत दर्ज की। सिफ्टसी ने तीसरे और अंतिम राउंड में वापसी की कोशिश की लेकिन यह नाकाफी था क्योंकि सचिन मजबूत बढ़त बना चुके थे।

### संजीत की शानदार जीत

एशियाई चैंपियनशिप 2021 के स्वर्ण पदक विजेता संजीत ने पहले राउंड में विरोधी को लय हासिल करने का कोई मौका नहीं दिया। सांचेज ने दूसरे और तीसरे राउंड में वापसी की कोशिश की लेकिन अनुभवी संजीत ने उनसे दूरी बनाए रखी और पलटवार पर मुक्के जड़ते हुए जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल गुरुवार को ही 51 किग्रा वर्ग में मैक्सिको के मॉरिसियो रुईज से भिड़ेंगे जबकि जैस्मिन महिला 57 किग्रा वर्ग में अजरबेजान की माहसती हमजाएवा का सामना करेंगी।


## अंका इंडिया लिमिटेड

CIN: L74900HR1994PLC033268

पंजी. कार्यालय : 6 लीजेंड स्क्वेयर, सेक्टर-33, गुरुग्राम-122003;

Phone No: 9355511187; Website: www.ankaindia.com

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

राशि रु. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन: समाप्त तिमाही 31-मार्च-24 अंकेक्षित | 31-दिस.-23 अअंकेक्षित | 31-मार्च-23 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31-मार्च-24 अंकेक्षित | 31-मार्च-23 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 14.25 | 14.43 | 4.79 | 57.34 | 5 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 9.64 | 11.60 | (3.64) | 42.00 | (17.05) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 9.64 | 11.60 | (3.64) | 42.00 | (17.05) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 9.64 | 11.60 | (3.64) | 42.00 | (17.05) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]" | 9.64 | 11.60 | (3.64) | 42.00 | (17.05) |
| 6 | भुगतान किये गये इक्विटी शेयर (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) - भारित औसत | 87.55 | 87.55 | 62.81 | 87.55 | 62.81 |
| 7 | भुगतान किये गये इक्विटी शेयर (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) - डायल्यूटिव भारित औसत | 214.77 | 227.00 | 202.43 | 214.77 | 202.43 |
| 8 | अन्य इक्विटी | NA | NA | NA | (429.70) | (496.49) |
| 9 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) बेसिक : | 0.11 | 0.13 | (0.06) | 0.48 | (0.27) |
| | डायल्युटेड : | 0.04 | 0.05 | (0.06) | 0.20 | (0.27) |

**टिप्पणी :**

1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत बीएसई लि. के पास दायर किये गये 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) के साथ साथ कम्पनी की वेबसाइट (www.ankaindia.com) पर उपलब्ध हैं।
2. विवरण की टिप्पणी सं. 3 के संदर्भ में है कि कम्पनी असैट के रूप में रु. 25.20 लाख की राशि पूर्ववर्ती वर्षों में भुगतान किये गये न्यूनतम वैकल्पिक कर की पहचान करना जारी रखे हुये है और भविष्य के कर भुगतानों के तहत इसको समायोजित करने की उम्मीद करती है। हमारे विचार में हानियों के पूर्व इतिहास पर विचार करते हुये, जिसके कारण कम्पनी के नेटवर्थ नकारात्मक हो गई और कम्पनी की ओवरऑल वित्तीय स्थिति, इसे परिसम्पत्तियों के रूप में पहचान करने के लिये कम्पनी के भाग पर यह नीतिज्ञ नहीं है, और यह आयकर अधिनियम 1961 के तहत न्यूनतम वैकल्पिक कर के सम्बन्ध में उपलब्ध क्रेडिट हेतु लेखा पर ''मार्गदर्शी टिप्पणी के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

कृते व निदेशकों की ओर से
अंका इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
सुलक्षणा त्रिखा
पूर्णकालिक निदेशक

दिनांक : 30.05.2024
स्थान : गुरुग्राम

कई इलाके जलमग्न हुए

# मिजोरम और मणिपुर में बारिश से भारी तबाही, 31 की हुई मौत







**86 इलाकों में बाढ़ की सूचना मिली**

*पश्चिमी इंफाल जिले के 86 इलाकों में बाढ़ की सूचना मिली। इन इलाकों में खुमान लैंपक, नगरम, सागोलबंद, उरीपोक, कीसमथोंग और पाओना क्षेत्र शामिल हैं। लगातार बारिश के कारण इंफाल नदी का तट पूर्वी इंफाल जिले के केइरंग, खाबम और लैरीयेंगबाम लीकाई इलाकों के पास टूट गया, जिसके कारण इन इलाकों में पानी घुस गया। मिली जानकारी के अनुसार "पूर्वी इंफाल जिले के हिंगांग और खुरई क्षेत्र के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कई इलाकों में बाढ़ का पानी छाती के स्तर पर पहुंच गया है।*

एजेंसी ▶▶ इंफाल

इंफाल। रेमल ने पूर्वोत्तर में तबाही मचा दी। पश्चिम बंगाल समेत पूर्वोत्तर के लगभग सभी राज्य भारी बारिश के कारण काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं। मिजोरम और मणिपुर में भारी बारिश के कारण इन राज्यों के कुछ इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गए। यहा नदियों का पानी बढ़ने से सड़कें बह गईं, जिससे सामान्य जनजीवन काफी ज्यादा प्रभावित हो रहा है। मिजोरम में 28 लोगों की और मणिपुर के इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से तीन लोगों की मौत हो गई ।

## खदान ढहने से 15 शवों को बाहर निकाला

मिजोरम में भारी बारिश के बाद भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई। आइजोल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राहुल अलवाल ने बताया कि मलबे से गैर स्थानीय निवासियों का शव बरामद किया गया। अबतक 28 शवों को निकाला जा चुका है। एक छह महीने के बच्चे समेत छह लोग अभी भी लापता है। अधिकारी ने बताया कि दक्षिणी आइजोल के बाहरी इलाके में एक खदान ढहने से 15 शवों को बाहर निकाला गया। फाल्कन गांव में दो लोगों की मौत हो गई। आइजोल जिले के लुंगसेई और केल्सिह से एक-एक शव बरामद किए गए। मिजोरम के मुख्यमंत्री ने कहा है कि आपदा से हुए नुकसान की भरपाई एवं राहत कार्यों के लिए सरकार ने 15 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों को मदद देने का भी भरोसा दिया।

## भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त

मणिपुर के सेनापति जिले में भूस्खलन के कारण एक 34 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में अन्य तीन घायल भी हुए। सेनापति नदी में उफान के कारण एक 83 वर्षीय बुजुर्ग महिला डूब गई। इंफाल में एक 74 वर्षीय व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। इंफाल नदी के उफान पर होने के कारण कई इलाके जलमग्न हो गए। पानी स्थानीय लोगों के घरों में घुस गया। भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

**खबर संक्षेप**

## नीदरलैंड में विमान के इंजन में फंसकर व्यक्ति की मौत



**नीदरलैंड।** नीदरलैंड में बुधवार को केएलएम एयरलाइन की एक फ्लाइट के इंजन में एक व्यक्ति की फंसकर मौत हो गई। यह मौत उस समय हुई जब केएलएम1341 फ्लाइट एम्स्टर्डम एयरपोर्ट से डेनमार्क जाने वाली थी। एयरलाइन ने कहा कि वह घटना की जांच कर रही है। नीदरलैंड पुलिस भी मामले की इन्वेस्टिगेशन करेगी। जानकारी के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह दुर्घटना थी या आत्महत्या।

## बुशरा के पूर्व पति पर इमरान के वकील ने किया हमला



**इस्लामाबाद।** इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मानेका को इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर वकीलों ने हमला कर दिया। इस हमले में इमरान खान के एक वकील भी शामिल थे। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक वकील को खावर मानेका का गला पकड़कर उसे धक्का देते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद वे नीचे गिर गए थे।

पुलिस और आर्मी के बीच हुए विवाद का मामला

# जम्मू-कश्मीर में पुलिस और सेना के जवान भिड़े,16 पर मामला दर्ज

*"कुपवाड़ा पुलिस स्टेशन पर हुए हमले में कथित संलिप्तता के लिए सेना के तीन लेफ्टिनेंट कर्नल और 13 अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास और डकैती का मामला दर्ज किया गया है।"*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में पुलिस स्टेशन में सेना और पुलिस के बीच मारपीट हुई थी। पुलिस स्टेशन पर हमला करने के आरोप में 3 लेफ्टिनेंट कर्नल समेत 16 लोगों पर जान से मारने की कोशिश और डकैती का मामला दर्ज किया गया है।

घटना मंगलवार 28 मई की रात को हुई थी। बताया जा रहा है कि एक ड्रग केस में पुलिस ने 160 टेरिटोरियल आर्मी के जवान से पूछताछ की थी। इस बात से सेना के अधिकारी नाराज हो गए। बड़ी संख्या में वर्दीधारी और हथियारों से लैस जवान पुलिस स्टेशन में दाखिल हो गए। उनके साथ सीनियर सैन्य अधिकारी भी थे। प्रादेशिक सेना एक सैन्य रिजर्व बल है। अंशकालिक स्वयंसेवक इसके कर्मी हैं।





### पुलिस का दावा- सेना के अधिकारियों ने राइफल बट, छड़ियों और लातों से मारा

एफआईआर के मुताबिक, आर्मी के ग्रुप की अगुआई लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजीव चौहान और निखिल कर रहे थे। ये तीनों अधिकारी जबरन पुलिस स्टेशन में दाखिल हुए और राइफल की बट छड़ियों और लातों से वहां मौजूद पुलिस कर्मचारियों पर हमला कर दिया। एफआईआर में लिखा गया है कि प्रादेशिक सेना के जवानों ने अपने हथियार लहराए, घायल पुलिस वालों के मोबाइल फोन छीन लिए और एक पुलिस वाले का अपहरण करके मौके से फरार हो गए।

### आर्मी जवानों और अधिकारियों पर इन धाराओं में हुई एफआईआर

*एफआईआर आईपीसी के सेक्शन 186 (पब्लिक सर्वेंट की ड्यूटी में बाधा डालना), 332 (ड्यूटी करने से रोकने के लिए पब्लिक सर्वेंट को चोट पहुंचाना), 307 (मर्डर की कोशिश), 342 (बंधक बनाना), 147 (दंगा करना) के तहत दर्ज की गई है। आरोपियों पर सेक्शन 149 (गैरकानूनी तरीके से जमा हुई भीड़ के सभी लोग गलत काम करने के दोषी), 392 (चोरी करने की सजा), 397 (जान से मारने या गंभीर रूप से चोट पहुंचाने की कोशिश के साथ चोरी या डकैती करना) और 365 (किसी व्यक्ति को बंधक बनाने के उद्देश्य से उसका अपहरण करना) के तहत भी चार्ज लगाया गया है।*

### हथियार लहराए और पुलिस के फोन छीने

एफआईआर में यह भी लिखा गया है कि अधिकारी पुलिसकर्मियों को बचाने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंचे। पुलिस यूनिट्स और सीनियर अधिकारियों को आता देखकर लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजू चौहान और निखिल के नेतृत्व में 160 प्रादेशिक सेना के कथित कर्मियों और अधिकारियों ने अपने हथियार लहराए, फोन भी छीने।

**पुलिसकर्मियों की पिटाई की खबरें गलत**

श्रीनगर में एक रक्षा प्रवक्ता ने घटना को ज्यादा तवज्जो नहीं देने की कोशिश की और कहा कि पुलिस और सेना के जवानों के बीच झड़प और पुलिसकर्मियों की पिटाई की खबरें गलत हैं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों और प्रादेशिक सेना इकाई के बीच अभियानगत मामले पर मामूली मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है।

भारतीय दवा निर्यातकों के लिए मौका

# अमेरिका में दवाओं की किल्लत भारतीय फार्मा सेक्टर की मौज



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कैलेंडर वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 22 उपचारों से जुड़ी 323 दवाओं के साथ अमेरिका में दवाओं की कमी हो चुकी है। फार्मा सेक्टर के विश्लेषकों का मानना है कि यह स्थिति भारतीय दवा (फार्मा) निर्यातकों के लिए बढ़िया मौका है। अमेरिकन सोसाइटी ऑफ हेल्थ-सिस्टम फार्मासिस्ट्स के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में सक्रिय दवाओं की कमी कैलेंडर वर्ष 2023 में 300 से 310 दवाओं पर स्थिर हो गई थी लेकिन कैलेंडर वर्ष 24 की पहली तिमाही में ये बढ़कर 323 दवाओं तक पहुंच गई है। विश्लेषक संक्रमणरोधी, हार्मोन, ऑन्कोलॉजी जैसी श्रेणियों की इन 323 दवाओं के बाजार आकार का अनुमान देने में सक्षम नहीं थे, अमेरिका को कुल निर्यात साल 2023-24 (वित्त वर्ष 24) में पहले ही तेजी से बढ़ चुका है।

### यूएस में कमी वाले उत्पादों में सबसे ज्यादा निवेश

भारतीय जेनेरिक कंपनियों को इस स्थिति से लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा 'हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि भारतीय जेनेरिक कंपनियों में अरबिंदो फार्मा, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज और ग्लैंड फार्मा का अमेरिका में कमी वाले उत्पादों में सबसे ज्यादा निवेश है। अरबिंदो की अमेरिका की इंजेक्शन बिक्री (जेनेरिक और ब्रांडेड) का उसकी अमेरिकी बिक्री में 25 से 26 प्रतिशत हिस्सा और उसकी कुल बिक्री में 12 से 13 प्रतिशत का हिस्सा रहता है।

### भारतीय जेनेरिक कंपनियों का दमदार प्रदर्शन

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) के विश्लेषकों का मानना है कि इससे न केवल वॉल्यूम वृद्धि की संभावना उपलब्ध होगी बल्कि अगले 12 से 18 महीने में कीमतों में गिरावट को एक अंक तक सीमित किया जा सकेगा। अमेरिकी जेनेरिक बाजार में कीमतों में यह गिरावट निकट भविष्य में एक अंक में रहने की उम्मीद है। अमेरिका को आपूर्ति करने वाली भारतीय जेनेरिक कंपनियों का वित्त वर्ष 24 के दौरान दमदार वित्तीय प्रदर्शन देखा गया है।

पाक ने स्वीकारा: घोषणा पत्र का उल्लंघन किया

# शरीफ के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय पाकिस्तान में 'निष्पक्ष नजरिया' उभर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने लाहौर घोषणापत्र पर पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणियों से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया दी है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं।' मौजूदा हालात से साफ है कि पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। पाक के पूर्व पीएम ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए कहा था कि भारत के साथ युद्ध गलती थी और उनके देश ने लाहौर घोषणापत्र का उल्लंघन किया था।

### 'राफा के शरणार्थी शिविर में हमला बेहद दुखद'

*राफा के शरणार्थी शिविर में इस्राइल के हमले पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह बहुत दुखद है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध के बीच भारत ने हमेशा नागरिकों की सुरक्षा के मुद्दे पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस्राइल ने इस दुख घटना पर अपनी जिम्मेदारी ली है और मामले की जांच करने की घोषणा की है।*

### बिश्केक में अब स्थिति सामान्य'

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में भीड़ द्वारा विदेशियों को निशाना बनाए जाने की खबरों के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब स्थिति सामान्य हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास से लगातार इस बारे में संपर्क किया गया है। बिश्केक में मौजूद भारतीय दूतावास द्वारा चौबीसों घंटे लगातार भारतीय छात्रों से संपर्क किया जा रहा है।

### ब्रिक्स सम्मेलन पर भारत की नजर

रणधीर जायसवाल ने कहा भारत ने हमेशा से इस बात पर जोर दिया है कि ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष रूस में ब्रिक्स सम्मेलन होना है और भारत लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। जायसवाल ने कहा कि ब्रिक्स में किसी अन्य देश को शामिल करने का फैसला इसके सदस्य देशों के द्वारा लिया गया जाता है।

ब्रुनेई नेवी के बीच समुद्री साझेदारी अभ्यास

# नौसेना के जहाज किल्टान ने भारत और ब्रुनेई के नौसैनिक संबंधों को किया मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का जहाज किल्टन ब्रुनेई से रवाना हो गया है । किल्टन ने भारतीय नौसेना-रॉयल ब्रुनेई नेवी के बीच समुद्री साझेदारी अभ्यास में भाग लिया। इंडियन नेवी के जहाज किल्टन ने दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में ब्रुनेई के मुआरा का दौरा किया था। इस पोर्ट कॉल के सफल समापन से 'एक्ट ईस्ट' और 'सागर विजन' की नीतियों के अनुरूप क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का पता चलता है।



भारतीय नौसेना के जहाज किल्टन ने भारतीय नौसेना-रॉयल ब्रुनेई नेवी के बीच समुद्री साझेदारी अभ्यास में भाग लिया। जहाज किल्टन ने दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में ब्रुनेई के मुआरा का दौरा किया था। यात्रा ने दोनों देशों के बीच समुद्री संबंधों को और अधिक विस्तार देने हेतु भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

# नेपाल सरकार की बड़ी पहल, राम-सीता विवाह मंडप को 'डेस्टिनेशन वेडिंग हब' के रूप में किया जाएगा विकसित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के बाद अब नेपाल भी अपने धार्मिक तीर्थस्थलों को बढ़ावा दे रहा है। दरअसल, नेपाल के आम बजट में इस बार सरकार ने जनकपुरधाम को डेस्टिनेशन वेडिंग हब और लुम्बिनी को बर्थिंग हब बनाने की घोषणा की है। जनकपुरधाम और लुम्बिनी के अलावा नेपाल के आम बजट में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामायण सर्किट, बुद्ध सर्किट, शिव सर्किट के विकास की भी घोषणा की गई है।

### डेस्टिनेशन वेडिंग मध्यम वर्ग में भी लोकप्रिय हो रही



नेपाल के वित्त मंत्री वर्षमान पुन ने संसद में देश का आम बजट पेश करते हुए भारत सहित दुनिया भर में रहने वाले हिंदुओं के लिए भगवान राम और सीता के विवाह स्थल जनकपुरधाम के विवाह मंडप को डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री पुन ने कहा कि डेस्टिनेशन वेडिंग अब सिर्फ उच्च और सम्भ्रान्त परिवार ही नहीं, बल्कि उच्च मध्यम वर्ग में भी काफी लोकप्रिय हो रहा है।

### बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी को भी किया जाएगा विकसित

सरकार ने बर्थिंग हब के रूप में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी को विकसित करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री पुन ने कहा कि भगवान बुद्ध के अनुयायी सिर्फ नेपाल और भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी भारी संख्या में मौजूद हैं। ऐसे में लुम्बिनी में सरकार के निवेश से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अंतरराष्ट्रीय स्तर का बर्थिंग सेंटर बनाने की योजना है। भगवान बुद्ध के अनुयायी के लिए लुम्बिनी में बुद्ध की जन्मस्थली पर अपने बच्चों को जन्म देना एक सपने जैसा होगा और इसके लिए नेपाल सरकार विशेष व्यवस्था करेगी।

दुनिया का पहला सिंगल पीस 3डी प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन लॉन्च

# अग्निबाण रॉकेट का सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्निकुल की टेस्ट फ्लाइट अग्निबाण सॉर्टेड 01 मिशन को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया। वैसे ये पहले मंगलवार को परीक्षण लॉन्च होना था। लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से लॉन्चिंग को टाल दिया गया। जानकारी के अनुसार अग्निबाण रॉकेट का सफल प्रक्षेपण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई दी, और कहा कि दुनिया के पहले सिंगल-पीस 3डी प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित अग्निबाण रॉकेट का सफल प्रक्षेपण भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हमारी युवा शक्ति की उल्लेखनीय सरलता का प्रमाण है। इसरो ने भी एक्स पर कहा कि एक बड़ी उपलब्धि, क्योंकि एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से पहली बार सेमी-क्रायोजेनिक लिक्विड इंजन की नियंत्रित उड़ान का एहसास हुआ।



### अग्निकुल कंपनी ने बनाया रॉकेट

अग्निकुल रॉकेट को अग्निकुल कंपनी ने बनाया है। निजी कंपनियों और अंतरिक्ष विभाग के बीच ब्रिज का काम करने वाले इनस्पेस ने कंपनी की तरफ से यह जानकारी साझा की और बताया कि अग्निकुल के रॉकेट का सफलतापूर्वक गुरुवार को परीक्षण किया गया। श्री हरिकोटा में निजी कंपनी के निजी लॉन्च पैड से उड़ान का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

### सफल प्रक्षेपण से बहुत प्रसन्न

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) के अध्यक्ष पवन गोयनका ने कहा, 'अग्निकुल कॉसमॉस द्वारा अग्निबाण एसओआरटीईडी के सफल प्रक्षेपण से बहुत प्रसन्न हूं। यह अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण है।' अग्निबाण सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर (एसओआरटीईडी) को प्रक्षेपित करने का 22 मार्च से यह पांचवां प्रयास था।

**अग्निबाण' सब ऑर्बिटल में अपार क्षमता**

यह दुनिया का पहला सिंगल पीस 3डी प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन है जो 100 किलोग्राम का पेलोड 700 किलोमीटर की ऊंचाई तक अपने साथ ले जा सकता है। 'अग्निबाण' सब ऑर्बिटल टेक्नोलॉजिकल डेमोंस्ट्रेटर 'अग्निकुल' के पेंटेटेड अग्निलेड इंजन द्वारा संचालित एक एकल चरण लॉन्च वाहन है।

### विशेषताएं

- *यह एक अनुकूलन प्रक्षेपण यान है जिसे एक चरण में लॉन्च किया जा सकता है। रॉकेट करीब 18 मीटर लंबा है और इसका द्रव्यमान 14,000 किलोग्राम है।*
- *'अग्निबाण' पांच अलग-अलग कॉन्फिगरेशन में 100 किलोग्राम तक के पेलोड को 700 किमी की ऊंचाई तक ले जाने में सक्षम है।*
- *यह निम्न और उच्च झुकाव वाली दोनों कक्षाओं तक पहुंच सकता है।*
- *निजी एयरोस्पेस कंपनी 'अग्निकुल' कॉसमॉस ने इसे विकसित किया है।*
- *अग्निबाण सब ऑर्बिटल टेक्नोलॉजिकल डेमोंस्ट्रेटर 'अग्निकुल' के पेंटेटेड अग्निलेड इंजन द्वारा संचालित एक एकल चरण लॉन्च वाहन है।*

उम्मीदवारों का पंजीयन शुरू

# रईसी की मौत के बाद ईरान में 28 जून को होगा राष्ट्रपति का चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इब्राहिम रईसी की मौत के बाद ईरान में 28 जून को राष्ट्रपति चुनाव कराए जाएंगे। राष्ट्रपति पद के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को पांच दिनों के अंदर आवेदन करना होगा। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति रईसी समेत सात लोग मारे गए थे। ईरान में 28 जून को राष्ट्रपति चुनाव कराए जाएंगे। ईरान के आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने पंजीकरण की अवधि खुलने की घोषणा की है।



### 40 से 75 वर्ष के लोग आवेदन कर सकते हैं

*इस चुनाव में पांच दिन की अवधि के दौरान 40 से 75 वर्ष के बीच के लोग आनेदन कर सकते हैं। साथ ही आवेदक के पास कम से कम मास्टर डिग्री होनी चाहिए। सभी उम्मीदवारों पर ईरान की 12-सदस्यीय गार्जियन काउंसिल फैसला लेगी। गार्जियन काउंसिल मौलवियों और न्यायविदों का एक पैनल है, जिसके प्रमुख खमेनेई ही हैं। पैनल ने कभी किसी महिला और ऐसे व्यक्ति की उम्मीदवारी स्वीकार नहीं की है, जिसने देश के शासन व्यवस्था में व्यापक बदलाव करने की मांग की हो।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109